# देशबन्धु

जबलपुर, मंगलवार 08 अप्रैल 2025 | वर्ष - 69 | अंक - 143 | पृष्ठ - 12 | मूल्य - 3.00 रु.



■ नरेन्द्र मोदी और डोनाल्ड... ■ डिजिटल इंडिया : अनएप... 04
■ गाजा नरसंहार पर यह कैसा जश्न... ■ ट्रंप से मिलने के लिए नेतन्याहू 400 किमी... 09
■ ट्रंप के टैरिफ बम से दुनिया में मचा... ■ आरबीआई की एमपीसी बैठक शुरू 11
■ पंजाब किंग्स और चेन्नई... ■ सिराज के 100 विकेट... 10


**आईपीएल में आज**

TATA IPL

पंजाब विरुद्ध चेन्नई (चंडीगढ़) 7.30 शाम से

# बाजार पर भारी पड़ा ट्रंप टैरिफ,10 महीनों में एक दिन की सबसे बड़ी गिरावट



## कोविड के बाद शेयर बाजार की सबसे बड़ी तबाही

**मुंबई।** वैश्विक व्यापार युद्ध की चिंता और अमेरिका में मंदी की बढ़ती आशंकाओं के बीच सोमवार को पूरी दुनिया के शेयर बाजार में भारी बिकवाली दिखी।

भारतीय बाजार भी इससे अछूता नहीं रहा और सेंसेक्स व निफ्टी जैसे प्रमुख सूचकांक बड़ी गिरावट के साथ बंद हुए। इस दौरान 30 शेयरों के बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स में 2,226.79 अंकों की गिरावट आई। यह बीते10 महीनों में एक दिन की सबसे बड़ी गिरावट है। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 2,226.79 अंक या 2.95 प्रतिशत टूटकर 73,137.90 अंक पर बंद हुआ। यह लगातार तीसरा दिन है जब इसमें गिरावट दर्ज की गई। कारोबार के दौरान सूचकांक 3,939.68 अंक या 5.22 प्रतिशत गिरकर 71,425.01 अंक पर आ गया। एनएसई निफ्टी 742.85 अंक या 3.24 प्रतिशत गिरकर 22,161.60 पर बंद हुआ। इंट्रा-डे में बेंचमार्क 1,160.8 अंक या 5.06 प्रतिशत गिरकर 21,743.65 पर बंद हुआ। जानकारों का कहना है कि कोविड के बाद शेयर बाजार की यह सबसे बड़ी तबाही है। ( **विस्तृत खबर अर्थ जगत पृष्ठ 11 पर** )

### आम आदमी पर महंगाई की मार

# घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत 50 रुपए बढ़ी

**-उज्ज्वला योजना के उपभोक्ताओं पर भी लागू**

**नई दिल्ली, ( एजेंसियां )।** आम जनता को महंगाई के मोर्चे पर एक और झटका लगा है। एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतें बढ़ गई हैं। घरेलू गैस सिलेंडर और उज्जवला योजना के तहत मिलने वाले सिलेंडर पर 50 रुपए प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी हुई है।

केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोमवार को वितरण कंपनियों की ओर से रसोई गैस या एलपीजी की कीमत में 50 रुपए प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी किए जाने का एलान किया। मंत्री ने कहा कि उज्वला और सामान्य श्रेणी के ग्राहकों दोनों के लिए गैस की कीमत में इजाफा किया गया है। नई कीमतें आधी रात से लागू हो गई। सामान्य उपभोक्ताओं के लिए 14.2 किलोग्राम वाले एलपीजी सिलेंडर की कीमत 803 रुपए से बढ़कर 853 रुपए हो जाएगी और उज्वला योजना के तहत उपभोक्ताओं के लिए 14.2 किलोग्राम वाले सिलेंडर की कीमत 503 रुपये से बढ़कर 553 रुपए हो जाएगी।

### मप्र में ओबीसी को बड़ी राहत

# 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण को सुप्रीम कोर्ट से हरी झंडी

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश में ओबीसी को 27 फीसदी आरक्षण मिलने का रास्ता साफ हो गया है. सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को यूथ फॉर इक्वलिटी की ओर से दायर याचिका का निपटारा कर दिया है. साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के फैसले को बरकरार रखा है.

कोर्ट ने अपने आदेश में साफ कर दिया है कि ओबीसी आरक्षण को लेकर कोई बाधा नहीं है. ऐसे में प्रदेश में ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण का रास्ता साफ हो गया है. याचिका में अन्य पिछ?ा वर्ग को 27 फीसदी आरक्षण देने के राज्य के फैसले को चुनौती दी गई थी.

मध्य प्रदेश हाई कोर्ट से याचिका खारिज होने के बाद सभी 75 याचिकाओं को सुप्रीम कोर्ट में ट्रांसफर किया गया था. मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने



पिछले दिनों ओबीसी आरक्षण के खिलाफ लगी याचिका को तर्कहीन मानते हुए खारिज कर दिया था. हाई कोर्ट ने 2021 में ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

**सार संक्षेप**

## पेट्रोल डीजल पर उत्पाद शुल्क बढ़ा

**नई दिल्ली।** सरकार ने सोमवार को पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में 2-2 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी कर दी लेकिन आम उपभोक्ता पर इस वृद्धि का असर नहीं पड़ेगा। यह फैसला वैश्विक तेल कीमतों में जारी उतार-चढ़ाव और ट्रंप प्रशासन की ओर से जवाबी टैरिफ के एलान के बीच लिया गया है। पेट्रोल-डीजल की नई कीमतें 8 अप्रैल से लागू होंगी। ( **विस्तृत खबर अर्थ जगत पृष्ठ 11 पर** )

## दुबई के शहजादे आज भारत यात्रा पर आएंगे

**नई दिल्ली।** दुबई के शहजादे और रक्षा मंत्री शेख हमदान बिन मोहम्मद अल मकतूम कल से भारत की दो दिन की यात्रा पर आएंगे। दुबई के शहजादे के रूप में शेख हमदान की यह पहली आधिकारिक भारत यात्रा होगी।




**बिरादरी की बात**

**चूहा-सुनती हो-** जूता छिपाई रस्म में विवाद के बाद दूल्हे को कमरे में बंद करके पीटा गया।

**चुहिया- हां प्रिये-** बाद में समझौता जरूर हो गया लेकिन आगे की राम जानें..

# 7 दिनों तक 23 दरिंदों ने युवती के साथ की हैवानियत, नशा पिलाकर होता रहा सामूहिक दुष्कर्म

*__वाराणसी।__ दुष्कर्म रोकने बनाए गए कड़े कानून और तगड़ी सजाएं उस वक्त मुंह ताकती रह जाती हैं जब दरिन्दे बिना किसी परवाह और खौफ के इंसानियत का मुंह काला करते हैं।*

*उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां एक युवती के साथ 7 दिनों तक 23 लोगों ने मिलकर सामूहिक दुष्कर्म किया। पुलिस ने पीड़िता की मां की शिकायत पर 23 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार, यह घिनौनी घटना 29 मार्च 2025 को हुई, जब युवती अपनी दोस्त रिया के घर से लौट रही थी। रास्ते में उसे राज विश्वकर्मा नाम का युवक मिला, जो उसे लंका के एक कैफे में ले गया और वहां रात भर उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद, 30 मार्च को समीर नामक एक अन्य युवक अपने दोस्त के साथ युवती को बाइक पर बैठाकर ले गया और रास्ते में उसके साथ छेड़छाड़ की। 31 मार्च को आयुष अपने पांच दोस्तों - सोहेल, दानिश, अनमोल, साजिद और जाहिर - के साथ युवती को कॉन्टिनेंटल कैफे ले गया, जहां उसे नशीला पदार्थ पिलाकर सभी ने बारी-बारी से उसका दुष्कर्म किया।*



**6 गिरफ्तार, 17 की तलाश जारी**

*पीड़िता के अनुसार, इसके बाद अगले कुछ दिनों तक साजिद, इमरान, जैब, अमन, राज खान, दानिश, सोहेल, शोएब और अन्य आरोपियों ने उसे अलग-अलग स्थानों जैसे होटल, कैफे, गोदाम, छत, कमरे और सुनसान जगहों पर ले जाकर सामूहिक बलात्कार किया। किसी तरह 4 अप्रैल को युवती अपने घर पहुंची और उसने अपनी मां को आपबीती सुनाई।*

***आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज-*** *डीसीपी चंद्रकांत मीणा के मुताबिक पीड़िता की मां की शिकायत पर लालपुर पांडेपुर थाने में 23 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है, जिनमें 12 ज्ञात और 11 अज्ञात हैं। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और बाकी की तलाश में जुटी है।*

### वक्फ संशोधन बिल पर बवाल जारी

# जम्मू कश्मीर विस में हंगामा, मणिपुर में भाजपा नेता का घर फूंका

### सुप्रीम कोर्ट शीघ्र सुनवाई करने पर सहमत,अब तक 12 याचिकाएं दाखिल

**जम्मू, देशबन्धु।** वक्फ संशोधन बिल पर देश के कई हिस्सों में विरोध और बवाल जारी है। एक ओर जहां मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है और याचिका पर याचिकाएं दायर की गईं, वहीं मणिपुर के थौबल जिले में इस बिल का समर्थन करने वाले भाजपा नेता असकर अली के घर पर प्रदर्शनकारियों ने आग लगा दी।

जम्मू कश्मीर विधानसभा में जमकर हंगामा हुआ और बात हाथापाई तक आ गई। विधानसभा में कांग्रेस के विधायक इरफान हफीज लोन और भाजपा विधायक विक्रम रंधावा के बीच धक्का मुक्की भी हुई। इस दौरान कानून की प्रतियां भी फाड़ीं गईं और एक नेकां विधायक ने अपना कोट भी फाड़ डाला। वक्फ कानून के खिलाफ कांग्रेस के विधायक इरफान लोन विधानसभा में पोस्टर और काला कपड़ा लेकर आए थे, जिसे वह विधानसभा में लहराना चाहते थे।

पोस्टर और काला कपड़ा देखकर भाजपा के विधायकों ने इसका विरोध किया। भाजपा विधायक विक्रम रंधावा ने इरफान लोन से पोस्टर और काला कपड़ा छीनने की कोशिश की, जिसके बाद विधानसभा में धक्कामुक्की शुरू हो गई। इसे देखते हुए विधानसभा के अध्यक्ष अब्दुल रहीम राथर ने विधानसभा की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि वह नए वक्फ कानून की संवैधानिकता को चुनौती देना वाली



याचिकाओं को लिस्ट करने यानी सुनवाई पर फैसला करेंगे। जमीयत उलेमा-ए-हिंद के वकील कपिल सिब्बल ने अदालत से शीघ्र सुनवाइ की मांग की थी। इस पर सीजेआई संजीव खन्ना ने कहा- आप वकीलों से कहें कि हमें मेल या पत्र भेजें। इस पर सिब्बल ने कहा कि यह प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट में अर्जेंट हियरिंग के लिए ओरल मेंशनिंग यानी जुबानी अपील की व्यवस्था खत्म हो चुकी है। सिब्बल के बाद सीजेआई संजीव खन्ना ने कहा- ठीक है, हम पत्र और मेल देखेंगे। इन पर फैसला लिया जाएगा। हम इन्हें लिस्ट करेंगे। नए वक्फ कानून की संवैधानिकता के खिलाफ जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अलावा सुप्रीम कोर्ट में 11 याचिकाएं दाखिल की जा चुकी हैं। जमीयत उलेमा-ए-हिंद ने कहा कि हमारी राज्य इकाइयां भी हाईकोर्ट में कानून को चुनौती देंगी।

### संविधान सुरक्षा सम्मेलन में बोले राहुल

# महागठबंधन दलितों, पिछड़ों के लिए काम करेगा

**पटना, देशबन्धु।** लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को कहा कि हिंदुस्तान की सच्चाई की रक्षक संविधान है। भगवान बुद्ध, गुरु नानक, कबीर ऐसे कई महापुरुष हैं, जिन्हें हिंदुस्तान मानता है। भीमराव अंबेडकर ने दलितों की लड़ाई लड़ी, लेकिन यह उन्हें दलितों ने ही सिखाया। उन्होंने उनके दर्द को समझा और उसके बाद उनकी लड़ाई लड़ी।



राहुल गांधी ने पटना में संविधान सुरक्षा सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी की जिम्मेदारी है कि जो गरीब लोग हैं, जो कमजोर लोग हैं, ईबीसी, ओबीसी, गरीब, दलित इन सबको जोड़कर, इज्जत देकर आगे बढ़े। कांग्रेस पार्टी को जिस गति और जिस मजबूती से बिहार में काम करना चाहिए था, वो नहीं किया।

उन्होंने कहा कि हम अपनी गलती से समझे हैं और अब हम बिना रुके पूरी शक्ति के साथ बिहार के गरीब, कमजोर, ओबीसी, ईबीसी, दलित और महादलित को लेकर हम एक साथ आगे बढ़ेंगे। उन्होंने तेलंगाना के जातीय गणना को पारदर्शी बताते हुए कहा कि वहां जाति का पूरा का पूरा डेटा हमारे हाथ में है। बहुत सारे लोग बहुत तरह की बात करते हैं कि जाति जनगणना नहीं होनी चाहिए, लेकिन हम लोग चाहते हैं कि देशभर में जातीय जनगणना हो।

# पुलिस के साथ राजस्व अमला भी सतर्क रहे : मुख्यमंत्री

### डॉ. यादव ने की नवीन आपराधिक कानूनों की समीक्षा



**भोपाल , देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि वर्तमान चुनौतियों को ध्यान में रखकर बनाए गए नए आपराधिक कानून, भारतीय न्याय प्रणाली को अधिक लोकतांत्रिक बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। सभी के लिए अधिक सुलभ, सहायक और कुशल न्याय प्रणाली सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बने इन कानूनों और नवीन प्रक्रियाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाना आवश्यक है।

न्याय प्रणाली से जु?ी सभी संस्थाओं में अद्यतन व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए जन-सामान्य को नई धाराओं और प्रक्रियाओं से शीघ्र अतिशीघ्र अवगत कराने के लिए नए आपराधिक कानूनों के बारे में जागरूकता गतिविधियां संचालित की जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नवीन आपराधिक कानूनों की समीक्षा के दौरान यह निर्देश दिए। मंत्रालय में हुई बैठक में मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, अपर मुख्य सचिव गृह श्री जे.एन. कंसोटिया, पुलिस महानिदेशक श्री कैलाश मकवाना सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर


JAN JYOTI SUPER SPECIALITY EYE HOSPITAL

अब पाइये चश्मे से छुटकारा मात्र कुछ सेकेण्ड्स में

Teneo- 2 तकनीक से इलाज

TRANS EPI सबसे आधुनिक और सुरक्षित

आज ही विजिट करें

9165108121 janjyotieyehospital.com

1051, Gol Bazar, Near Keshwarwani College, Wright Town, Jabalpur

Excellence in Education, Excellence in Life

A.P.N. C.B.S.E. SENIOR SECONDARY SCHOOL

(C.B.S.E. Affiliated Reg. No. 1031302 )

ADMISSION OPEN FOR SESSION 2025-26

Class Nursery to XII Science I Commerce I Humanities

Special Discount in Admission fee & School fee for the State and National Players for all the Games

राष्ट्र स्तरीय एवं प्रदेश स्तरीय सभी खेलों के खिलाड़ियों के लिये प्रवेश शुल्क एवं मासिक शुल्क में विशेष छूट

Ph.: 0761-2676360, 8349593500, 9826587200


### रस्म

### जूता छुपाई की रस्म में 50 के बदले दिए पांच हजार तो मचा बवाल

# दूल्हे को लड़की वालों ने बनाया बंधक, लाठी-डंडे से पीटा

**बिजनौर।** रस्मों-रिवाज कभी-कभी किस तरह परेशानी के शबब बन जाते हैं, इसकी एक बानगी उत्तर प्रदेश के बिजनौर में एक विवाह समारोह की में देखी गई। यहां एक शादी के दौरान 'जुता छुपाई' की रस्म को लेकर बवाल मच गया। विवाद इतना बढ़ा कि दुल्हन पक्ष के लोगों ने दूल्हे की लाठी-डंडे से पिटाई कर दी। एक रिपोर्ट के अनुसार उस वक्त दो परिवारों के बीच झगड़ा हो गया, जब दूल्हे ने शादी के दौरान 'जूता छुपाई' की रस्म के तहत दुल्हन के परिवार को 50,000 रुपये की जगह 5,000 रुपये दे दिए।

कथित तौर पर दुल्हन पक्ष की महिलाओं ने कम पैसे देने पर दूल्हे को भिखारी कह दिया। दूल्हे को एक कमरे में बंद कर दिया गया और दुल्हन के परिवार ने लाठी-डंडों से उसकी पिटाई कर दी।

रिपोर्ट के अनुसार उत्तराखंड के चकराता से आए दूल्हा मुहम्मद शब्बीर शनिवार को अपने परिवार के साथ बारात लेकर बिजनौर पहुंचा था। शादी की रस्में



चल रही थीं, तभी दुल्हन की भाभी ने शब्बीर के जूते चुरा लिए और जूते वापस पाने के लिए उससे 50,000 रुपये मांगे।

हालांकि, शब्बीर ने दुल्हन की भाभी को 5,000 रुपये दे दिए। बाद में उनके परिवार की कुछ महिलाएं उसे भिखारी कहने लगीं। इस बात को लेकर दोनों परिवारों के बीच बहस शुरू हो गई, जो जल्द ही झगड़े में बदल गई। शब्बीर के परिवार के अनुसार, दुल्हन के परिवार ने उन्हें एक कमरे में बंद कर दिया और लाठियों से पीटा। हालांकि, दुल्हन के परिवार ने आरोप लगाया कि शब्बीर के परिवार ने उनसे उपहार में मिले सोने की क्वालिटी के बारे में पूछा तो बहस हुई जो झगड़े में बदल गई। दुल्हन की भाभी के अनुसार, जब शब्बीर के परिवार से पूछा गया कि वे किसको अधिक प्राथमिकता देते हैं, तो उन्होंने कहा कि उन्हें लड़की से ज्यादा पैसे पसंद हैं।

पुलिस को घटना की सूचना दी गई, जिसके बाद एक टीम मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को शांत कराया। बाद में, दूल्हे और दुल्हन के परिवार बिजनौर के नजीबाबाद पुलिस स्टेशन गए, जहां उन्होंने घटना के बारे में बताया। पूरे मामले में नजीबाबाद क्षेत्राधिकारी ने कहा कि पूरे मामले की जानकारी मिलने के बाद दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया है। उन्होंने बताया, जूता छुपाई की रस्म को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया था।

# देश-विदेश

## मणिपुर में सुरक्षा बलों ने चलाया तलाशी अभियान

**इंफाल।** मणिपुर के पहाड़ी और घाटी जिलों के सीमांत और संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा बलों ने एक बड़ा तलाशी अभियान चलाया। यह जानकारी मणिपुर पुलिस ने अपने सोशल मीडिया एक्स हैंडल पर दी है। इस अभियान का मकसद इलाके में शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करना था। तलाशी के दौरान सुरक्षा बलों को कई हथियार, गोला-बारूद और अन्य सामान मिले। बरामद वस्तुओं में 1 एसएलआर राइफल के साथ 1 मैगजीन, 1 सिंगल बैरल 12 बोर गन, 21 राउंड 7.62 मिमी गोला-बारूद, 14 खाली कारतूस, 3 अन्य कारतूस, 1 फायरिंग पिन, 8 टियर स्मोक शेल (एसआर), 11 टियर स्मोक शेल (एन), 1 टियर स्मोक शेल (मिर्च), और 3 स्टन शेल शामिल हैं।

### पाकिस्तान में भीषण सड़क हादसा

## महिलाओं और बच्चों समेत 11 लोगों की हुई दर्दनाक मौत

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में दर्दनाक हादसा हुआ है। यहां एक सड़क दुर्घटना में महिलाओं और बच्चों समेत कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई है।

एक अधिकारी ने सोमवार को इस हादसे के बारे में जानकारी दी है। आपातकालीन बचाव सेवा के प्रवक्ता ने बताया कि एक यात्री बस और एक तीन पहिया वाहन के बीच दुर्घटना जरानवाला में हुई है। हादसे के बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जुट गई। लोगों ने इस दौरान हर संभव मदद भी की।

**ऐसे हुआ हादसा**-प्रवक्ता ने बताया कि बस जरानवाला से लाहौर जा रही थी तभी उसकी टक्कर तीन पहिया वाहन से हो गई। टत्तर के बाद बस सड़क से नीचे उतर गई। सड़क से नीचे उतरने के बाद बस अनियंत्रित होकर पलट गई। उन्होंने कहा, आठ यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 10 घायलों को अस्पताल ले जाया गया जहां तीन लोगों ने दम तोड़ दिया। घायलों में तीन और लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

**सीएम मरियम नवाज ने जताया दुख**-आपातकालीन बचाव सेवा के प्रवक्ता ने कहा कि मृतकों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की मुख्यमंत्री मरियम नवाज ने दुर्घटना में लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने पीड़ित परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है। सीएम मवाज ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वो घायलों को बेहतरीन चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराएं।

## उत्तराखंड में भूकंप से पहले चेतावनी देगा भूदेव ऐप

### अभी तक प्रदेश में 177 सेंसर और 192 सायरन लगाए गए

**देहरादून, (एजेंसियां)।** उत्तराखंड में अब भूकंप आने से पहले लोगों को चेतावनी मिल सकेगी। इसके लिए उत्तराखंड आपदा प्रबंधन विभाग ने भूदेव ऐप लॉन्च किया है। दावा है कि ये ऐप 5 या उससे अधिक तीव्रता वाले भूकंप से पहले ही अलर्ट जारी कर देगा। यह जानकारी राज्य के आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास सचिव विनोद कुमार सुमन ने दी। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड, जो भूकंप के जोन-04 और जोन-05 में आता है, वहां इस तरह की अर्ली वार्निंग सिस्टम की सख्त जरूरत थी। इसे मजबूत करने के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं।

सचिव विनोद कुमार सुमन ने कहा कि यह सिस्टम उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (यूएसडीएमए) और आईआईटी रुड़की ने मिलकर विकसित किया है। यह देश का पहला ऐसा राज्य है, जहां भूकंप की अग्रिम चेतावनी देने वाला सिस्टम शुरू किया गया है। इसकी शुरुआत मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने की थी। भूदेव ऐप को लोग अपने मोबाइल फोन पर डाउनलोड कर सकते हैं। जैसे ही 5 या उससे अधिक तीव्रता का भूकंप आएगा, ऐप के जरिए अलर्ट मैसेज भेजा जाएगा। इससे लोग पहले से सतर्क होकर अपनी जान और माल की रक्षा कर सकेंगे।

### 5 या उससे अधिक तीव्रता वाले भूकंप से पहले ही अलर्ट जारी

उनके मुताबिक, इस सिस्टम को और प्रभावी बनाने के लिए राज्य भर में सेंसर और सायरन की संख्या बढ़ाई जा रही है। अभी तक प्रदेश में 177 सेंसर और 192 सायरन लगाए गए हैं। इसके अलावा, 500 नए सेंसर और 1000 अतिरिक्त सायरन लगाने का काम तेजी से चल रहा है। सुमन ने बताया कि जितनी मजबूत यह चेतावनी प्रणाली होगी, उतनी ही बेहतर तरीके से भूकंप जैसी आपदाओं का मुकाबला किया जा सकेगा। सेंसर भूकंप के झटकों को पहले ही पकड़ लेंगे और सायरन के जरिए लोगों को सावधान किया जाएगा।



## माता के दर्शन को निकला परिवार हादसे का शिकार, मासूम समेत तीन की मौत

**छिंदवाड़ा, देशबन्धु।** कुंडीपुरा थाना अंतर्गत घाट परासिया के पास स्थित चरपाई ढाबे के पास 2 कारों की आपस में भिड़ंत होने से तीन लोगों ने अपनी जान गवा दी। वहीं इस दर्दनाक सड़क दुर्घटना में 9 लोग घायल हो गए हैं, जो जिंदगी और मौत से जूझ रहे हैं। बताया जा रहा है कि हादसे में 8 माह की मासूम सहित एक महिला और एक पुरुष की मौत हो गई है। वाहनों की टक्कर इतनी भीषण थी कि महिला और पुरुष का शव वाहन में ही फंसा रहा, जिसे बड़ी मशक्कत के बाद निकाला गया। दोपहर 2 बजे हुए इस हादसे में कई घण्टों तक जाम लगा रहा, जबकि कुछ देर बाद पहुँची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल लाया गया, जहां उपचार जारी है।

एडिशनल एसपी आयुष गुप्ता से मिली जानकारी के अनुसार नागपुर का एक परिवार अपनी तीन कारों में सवार होकर कपुरदा मंदिर दर्शन करने जा रहा था। इसी दौरान रामगढ़ी के पास सामने आ रही एक कार से उनकी जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में एक महिला, एक पुरुष की मौके पर ही मौत हो गई। कुछ देर बाद एंबुलेंस से घायलों को जिला अस्पताल लाया गया, जहां रास्ते में ही 8 माह की बच्ची ने दम तोड़ दिया।

**कार को काटकर निकाले गए शव** -घाट परासिया के पास हुए इस दर्दनाक सड़क हादसे में जहां 9 लोग घायल बताए जा रहे हैं। वहीं एक महिला व पुरूष के पुरुष के शव कार में बुरी तरह फंस गए थे। कई घण्टों की मशक्कत के बाद दोनों के शव कार को बीच से काटकर निकाले गए। हालांकि हादसे के कुछ देर बाद ही दोनों की मौत हो चुकी थी।

**कार के उड़े परखच्चे**-इस सड़क दुर्घटना में रेनॉल्ट और अलटो कार की आपस में टकराई है। दोनों कार की हालत देखकर ये कहना गलत नहीं होगा कि दोनों कार अधिक रफ्तार में थीं। हादसे में दोनों कार के परखच्चे उड़ गए हैं। वहीं सड़क पर कार का पूरा सामान बिखरा पड़ा हुआ है। हादसे के कई देर तक यातायात भी प्रभावित रहा। जबकि राहगीरों ने सड़क पर पड़े घायलों को सड़क के किनारे किया।

### -दो कारों की आपस में भिड़ंत, 1 साल के मासूम की मौत, कार में फंसे महिला पुरुष, घाट परासिया के पास हादसा

**ये हुए गम्भीर घायल**-नागपुर से छिंदवाड़ा आए परिवार के सदस्य अपनी तीन कार से कपुरदा मंदिर दर्शन करने पहुँच रहे थे। लेकिन रास्ते में हुए इस हादसे में राजेश साहू, दिव्यांश, दिव्यांशी उईके,देवांश उईके,सीमा उईके, सहित अन्य पुरुष भी गम्भीर घायल बताए जा रहे हैं। पुलिस को प्रारंभिक जांच में अब तक इतने नाम ही मिले हैं। खबर लिखे जाने तक घायलों की शिनाख्त की जा रही थी।


### कार्यालय वनमण्डल अधिकारी, वनमण्डल सतना (म.प्र.)

(मुख्तियारगंज रेल्वे फाटक के पास, सिविल लाईन, सतना)

E-Mail-dfotsatna@mp.gov.in Phone - 07672-223355

क्रमांक/व्यय/2025-26/3175 सतना, दिनांक 02.04.2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**

वन मण्डल सतना एवं मैहर अन्तर्गत समस्त क्षेत्रों में वित्तीय वर्ष 2025-26 में होने वाले निर्माण कार्य हेतु सामग्री क्रय हेतु पंजीकृत विनिर्माताओं एवं प्रदायकर्ताओं से निविदा आमंत्रित की जाती है। विवरण निम्नानुसार है।

| क्रं. | सामग्री का विवरण | प्रदाय की जाने वाली कुल मात्रा |
|---|---|---|
| 1. | भवन निर्माण सामग्री सीमेंट, लोहा, रेत, ईंट, मुरुम, गिट्टी, टाइल्स, पुताई सामग्री, सेनेटरी सामग्री, विद्युत सामग्री, पेवर ब्लॉक, गेरु, चूना, बाइंडिंग वायर वायर, ढोका आदि । - वन मण्डल सतना एवं मैहर | आवश्यतानुसार |

1. निविदा फार्म एवं शर्तें तथा संबंधित विस्तृत प्राक्कलन वन मण्डल कार्यालय सतना से कार्यालयीन समय में प्राप्त किये जा सकते हैं अथवा म.प्र. वन विभाग के वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in से डाउनलोड किये जा सकते हैं।

| विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|
| Tender Publishing Date & Time | 03.04.2025 & 06 : 00 PM | निविदा आनलाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का समय वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in प्रदर्शित है। |
| Tender Sale Start Date & Time | 03.04.2025 & 06 : 00 PM | |
| Pre Bid Meeting Date | 11.04.2025 & 01: 00 PM | |
| Bid Submission Start Date & Time | 11.04.2025 & 06: 00 PM | |
| Bid Submission closing Date & Time | 22.04.2025 & 02 : 00 PM | |
| Bid Opening Date & Time | 23.04.2025 & 02 : 00 PM | |

वनमण्डल अधिकारी
वनमण्डल, सतना

जी-11237/25



### कार्यालय अधीक्षक नेताजी सुभाषचंद्र बोस, केन्द्रीय जेल, जबलपुर (म.प्र.)

क्रमांक 235/उद्योग/2025 जबलपुर, दिनांक 03/04/2025

**अल्पकालिक तृतीय वार्षिक ई-निविदा सूचना वर्ष- 2025-26**

नेताजी सुभाषचंद्र बोस केन्द्रीय जेल, जबलपुर में संचालित उद्योगों जैसे खण्ड-1 एल.ई.डी. बल्ब निर्माण उद्योग में लगने वाले सामग्री व कच्चा माल क्रय हेतु मध्यप्रदेश भण्डार क्रय तथा सेवा उपार्जन नियम 2015 (यथा संशोधित 2022) अल्पकालिक तृतीय वार्षिक निविदा (ई-टेण्डर) मे माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा कार्यक्रम विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र. | विवरण | दिनांक एवं समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1. | प्री-बीड मिटिंग की तिथि | दिनांक 17.04.2025 समय प्रात: 11.00 बजे | कार्यालय जेल अधीक्षक केन्द्रीय जेल जबलपुर |
| 2. | निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि निविदा फार्म की कीमत की कीमत रु. 1000/- प्रति फार्म राशि ऑनलाइन शीर्ष 0056-800 अन्य प्राप्तियां में जमा किया जावेगा। | दिनांक 21.04.2025 समय सायं 05.30 बजे तक | https://mptender.gov.in |
| 3. | नमूने जमा करने की तिथि | दिनांक 22.04.2025 समय प्रात: 11.00 बजे तक | कार्यालय जेल अधीक्षक केन्द्रीय जेल जबलपुर |
| 4. | तकनीकी निविदा (आवश्यक दस्तावेज) एवं नमूनों की गुणवत्ता परीक्षण | दिनांक 23.04.2025 समय प्रात: 11:00 बजे तक | ----''----- |
| 5. | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि | दिनांक 25.04.2025 प्रात: 11.00 बजे | ----''----- |

निविदा फार्म एवं निविदा से संबंधित जानकारी वेबसाईट पर https://mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। निविदा फार्म दर्शित वेबसाईट पर ऑनलाईन पेमेन्ट कर क्रय किया जा सकता है।

जेल अधीक्षक
नेताजी सुभाषचंद्र बोस,
केन्द्रीय जेल, जबलपुर

जी- 11228/25



**आवश्यकता है**

प्रोफेसर (M.D. Homeo, Organon of Medicine)

महात्मा गांधी होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल, जबलपुर म.प्र.

मो. 9300637079



**न्यायालय तहसीलदार तहसील आधारताल, जबलपुर**

रा.प्र.क्रं./3615/अ-6/2024-2025

जबलपुर दिनांक 7/4/2025

**आम इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री प्रदीप कुमार साहू पिता श्री रामदास साहू निवासी 2251 बी राइटटाउन जबलपुर के द्वारा मौजा लक्ष्मीपुर ब्लॉक नंबर.... प्लॉट नंबर भू खण्ड 82 स्थित भूमि खसरा नंबर 198 में से रकवा 1800 वर्गफुट भूमि जो राजस्व रिकार्ड में जगदम्बा गृह निर्माण समिति के नाम से दर्ज है। आवेदक के द्वारा अपना नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 23/4/25 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक 07.04.2025

पेशी दिनांक 23.04.2025

तहसीलदार

र.नं. 65 आधारताल, जबलपुर



**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं, कदीर अहमद (KADEER AHMAD) पिता श्री एच एन अकबर निवासी H/N-633 डॉ जाकिर हुसैन वार्ड नई बस्ती गोहलपुर जबलपुर (म.प्र.)। मेरे दस्तावेज में मेरा नाम कदीर अंसारी अंकित है। मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड, तथा अन्य दस्तावेजों में मोहम्मद कदीर पिता श्री एच एन अकबर के नाम से अंकित है दोनों नाम कदीर अंसारी एवं मोहम्मद कदीर पिता श्री एच एन अकबर मेरे ही नाम हैं प्रकाशन उपरांत मुझे कदीर अहमद (KADEER AHMAD) पिता श्री एच एन अकबर नाम से जाना जाए तथा मेरी जन्मतिथि 01/07/1977 पढ़ी जाये.

प्रार्थी

(कदीर अहमद)

र.नं. 72


## प्रथम पृष्ठ का शेष

**27 प्रतिशत ओबीसी....**

दायर हुई इसी जनहित याचिका पर 2023 में अहम अंतरिम आदेश के जरिए 87.13 का फॉर्मूला अभिनिर्धारित किया था। **याचिकाकर्ता ने कोर्ट में क्या कहा था**-याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील ने कोर्ट को बताया था कि 2011 की जनगणना के अनुसार मध्य प्रदेश में ओबीसी की आबादी 50.9फीसदी है, जबकि अनुसूचित जनजाति की 21.14 फीसदी और मुस्लिम समुदाय की 3.7 फीसदी जनसंख्या है। इसके बावजूद राज्य सरकार ने ओबीसी वर्ग को केवल 14 फीसदी आरक्षण प्रदान किया गया है, जबकि एससी को 16 फीसदी और एसटी को 20 फीसदी आरक्षण दिया गया है। **2018 में राज्य सरकार ने लिया था ये फैसला**-मध्य प्रदेश में तत्कालीन मुख्यमंत्री कमलनाथ ने साल 2018 में ओबीसी आरक्षण को 14 फीसदी से ब?ाकर 27 फीसदी कर दिया था. मगर, कमलनाथ सरकार के इस आदेश को चुनौती देने के लिए मध्य प्रदेश हाई कोर्ट में कई याचिकाएं दायर की गई थी। इसके साथ ही ओबीसी आरक्षण 27 फीसदी करने के समर्थन में भी याचिकाएं दायर की गई थीं। सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश हाई कोर्ट से जुड़े एक अन्य मामले में भी बड़ा फैसला लिया है। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने हाई कोर्ट के जस्टिस अरविंद धर्माधिकारी को केरल हाई कोर्ट ट्रांसफर करने की सिफारिश की है। यह फैसला कॉलेजियम की 20 मार्च, 24 मार्च और 3 अप्रैल 2025 को हुई बैठकों में लिया गया। सीजेआई संजीव खन्ना की अध्यक्षता में हुई इन बैठकों में तबादले को लेकर विचार-विमर्श किया गया था।

**पुलिस के साथ....**

कहा कि पुलिस, जेल, अभियोजन, न्यायिक एवं फॉरेंसिक कर्मियों के बीच अद्यतन तकनीक के उपयोग का प्रशिक्षण सुनिश्चित किया जाए। सभी हितधारकों में हर स्तर पर बेहतर समन्वय जरूरी है। प्रत्येक स्तर पर आवश्यक व्यवस्था, उपकरण और भौतिक संसाधनों की उपलब्धता प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित की जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अचल सम्पत्ति संबंधी अपराधों पर नियंत्रण के लिए पुलिस के साथ राजस्व का अमला भी सजग और सतर्क रहे, साथ ही दोनों विभागों में परस्पर समन्वय भी हो। प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में भूमि की दरें तेजी से बढ़ रही हैं, वहां विशेष सजगता बरती जाए। बैठक में बताया गया कि समयावधि में चालान के लिए नवीन डैशबोर्ड उपलब्ध है। ई-साक्ष्य की प्रक्रिया भी आरंभ की जा चुकी है। पुलिस थानों तक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के लिए न्यायश्रुति सॉफ्टवेयर तैयार कर लिया गया है और थानों व कंट्रोल रूम में साउंड प्रूफ कक्ष चिन्हित किए जा रहे हैं। ऑनलाइन समन/वारंट मॉड्यूल के अंतर्गत गतिविधियां प्रगति पर हैं। पिछले तीन महीने में 50 प्रतिशत से अधिक वारंट तिथि से पहले इलेक्ट्रानिक रूप से तामील किए गए। इनकी मॉनीटरिंग के लिए सभी जिलों में सेल गठित किए जा चुके हैं। डिजिटल इन्वेस्टिगेशन केलिए टेबलेट्स और लाइव स्कैनर थानों को उपलब्ध कराए जा रहे हैं। बैठक में डिजिटल धोखाधड़ी, डेटा चोरी जैसे सायबर अपराधों के बारे में जागरूकता के लिए की गई पहल की भी जानकारी दी गई।


**In The Court Of I Civil Judge Junior Division, District Court, Narsinghpur**

Presiding Officer: राधाकृष्ण यादव

आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक (MJC SUC/0000003/2025)

ब्रजनाथ विश्वकर्मा.... आवेदक... Vs ...आम जनता ....अनावेदक

Process Id-/2025, पेशी दि. - 21.4.2025

प्रेषिती- (1) आम जनता पता- जिला नरसिंहपुर, (2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक ब्रजनाथ विश्वकर्मा पता ने मृतक राजनाथ निवासी गोटेगांव तहसील गोटेगांव जिला नरसिंहपुर की राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दि. 21 April 2025 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 21 April 2025 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 1 April 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है। कृपया ध्यान दें- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जाएगा।

न्यायाधीश
राधाकृष्ण यादव
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड के
प्रथम अतिरिक्त न्यायाधीश नरसिंहपुर म. प्र.



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

**राजस्व मामले की नोटिस**

राजस्व प्रकरण क्रमांक 202103212400074/2110/एपीएल अ/27 वर्ष 2024-2025

ग्राम-लावर,तहसील सिमगा

नरेन्द्र महोबिया आत्मज स्व: खेदुराम महोबिया एवं अन्य 24 निवासी वार्ड क्रमांक 1, बस स्टैण्ड के पास, महासमुंद तहसील व जिला महासमुंद (छ.ग.) ........अपीलार्थीगण

विरूद्ध

शिवकुमार तंबोली पिता स्व. श्री भावसिंह तबोली एवं अन्य 14 आजाद चौक, पुरानी बस्ती, सिमगा तहसील सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

प्रति,

1. शंकुतला उर्फ शकुन बाई पिता स्व.भावसिंह तंबोली पति श्री नरेन्द्र थवाईत निवासी सुंदर नगर रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) 2. विरेन्द्र महोबिया पिता स्व. खेदुराम महोबिया निवासी एकाता चौक, नयापारा, महासमुंद तहसील व जिला महासमुंद (छ.ग.) 3. शितलेश चौरसिया पिता स्व. खेदुराम महोबिया पति स्व.आनंद चौधरी, निवासी कटोरा तालाब, कांशीनगर रायपुर (छ.ग.) 4. ज्योति महोबिया पिता खेदूराम महाबिया निवासी नेहरू नगर, बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) 5. मोहित मोदी पिता श्री सुनील गोदी माता स्व. किरण महोबिया पता मोहला, मंडला. तहसील व जिला मंडला (म.प्र.) 6. कुमखला मोदी पिता सुनील मोदी माता स्व. किरण महोबिया पता मौहला, मंडला, तहसील व जिला मंडला (म.प्र.) 7. धर्मेन्द्र महोबिया पिता स्व. खेदूराम महोबिया निवासी अयोध्या नगर, नयापारा महासमुंद, तहसील व जिला महासमुंद (छ.ग.) 8. डॉ. सुनील महोबिया पिता स्व.आरआर महोबिया माता स्व. सोनीबाई पता ग्राम पंचायत झल्की, लहसील पटेवा, जिला महासमुंद (छ.ग.) 9. सुनीता महोबिया पति स्व. उत्तम कुमार महोबिया रायपुर टायपिंग गली कंकालीपारा पुरानी बरती रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) 10. नाबा कुमारी आस्था महोबिया पिता स्व. उत्तम कुमार महोबिया वली माला सुनीता महोबिया पति श्री स्व. उत्तम कुमार महोबिवा रायपुर टायपिंग गली कंकाली पारा पुरानी बस्ती रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)....उत्तरवादीगण 11. नाबा. कुमारी अर्पिता महोबिया पिता स्व. उत्तम कुमार महोबिया वली माता सुनीता महोबिया पति श्री स्व. उत्तम कुमार महोबिया रायपुर टायपिंग गली, कंकाली पारा, पुरानी बस्ती रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) अपीलार्थीगण द्वारा न्यायालय तहसीलदार समगा के रा.प्र.क. 202103212400074/2110/APL अ/27 वर्ष 2021-22 आदेश दिनांक 09.11.2022 के विरूद्ध इस न्यायालय में छ.ग. भू.रा. संहिता 1959 की धारा 44 (1) के तहत् अपील प्रस्तुत की गई है। इस समाचार पत्र के माध्यम से आप उत्तरवादी को सूचित किया जाता है कि उपर्युक्त मामले की सुनवाई तारीख 16.04.2025 को दिन के 11.00 बजे स्थान सिमगा में होगी। उक्त तिथि, समय एवं स्थान पर इस न्यायालय के समक्ष स्वयं या वैध रूप से नियुक्त अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित रहे अन्यथा आप उत्तरवादी के विरूद्ध न्यायालय द्वारा एक कार्यवाही की जावेगी। आज दिनांक 02.04.2025 को जारी किया गया।

मुहर अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
सिमगा



### कार्यालय नगर पालिका परिषद उमरिया, जिला-उमरिया म.प्र.

क्रमांक/1051/लो.नि./नि.सू./2025 उमरिया, दिनांक 03/04/2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2025_UAD_ 413704_1 Date 02-04-2025 | Construction of R.C.C. at ward No.-09 From Raju Sons House to Makri Gupta House Via Behvadham and Providing and Fixing of Paver Block Raju Soni House to Anikt Tomar House (Second Call) | 1. 60 दिवस 2-10,27,492.00 | 1-2000.00 2-7,706.00 | 16-04-2025 |
| 2 | 2025_UAD_ 413718_1 Date 02-04-2025 | Supply and FIxing of paver block at ward No. 20 Singaltola From Samudayik Bhawan to Aganwadi (Second Call) | 1. 60 दिवस 5,45,941,00 | 1-2000.00 2-5459.00 | 16-04-2025 |
| 3 | 2025_UAD_ 413646_1 Date 02-04-2025 | Repairing of CC. Road at ward No. 11 Khalesar From Ravi Shankar Sharma House to Jeevan Prajapati House Via Alluddin House | 1. 60 दिवस 2-4,83,431.00 | 1-2000.00 2-4,834.00 | 16-04-2025 |
| 4 | 2025_UAD_ 413655_1 Date 02-04-2025 | C.C. Road Top at Ward No.-10 Khalesar From Bhaskar Singh Chandel Shop to Rishi Jain HOUSE | 1. 60 दिवस 2-3,31,914,00 | 1-2000.00 2-3,319.00 | 16-04-2025 |
| 5 | 2025_UAD_ 413666_1 Date 02-04-2025 | Construction of CC. Road and Drain at ward No. 19 Vikatganj Form bhaiya Singh House to Ram Milan Yadav House Via Pyare lal Yadav House | 1. 180 दिवस 2-28,48,093.00 | 1-5000.00 21,361.00 | 02-05-2025 |
| 6 | 2025_UAD_ 413680_1 Date 02-04-2025 | Construction of C.C. Road and Drain at ward No.-19 Vikatganj Form Dr. Chourasiya House to Man Bharan Singh House | 1. 180 दिवस 2-28,03,023.00 | 1-5000.00 2-19,523.00 | 02-05-2025 |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद उमरिया जिला-उमरिया (म.प्र.)**



**न्यायालय तहसीलदार नरसिंहपुर**

रा.मा.क्र. / अ-6/वर्ष 2025-25

मोहम्मद आमिर खान आ. वली मोहम्मद खान ................आवेदक वनाम मध्य प्रदेश शासन .............अनावेदक

**इश्तहार**

आम जनता मौजा कंदेली नं.ब. 36 प.ह.नं. 41 रा.नि.म. नरसिंहपुर-2 तहसील व जिला नरसिंहपुर को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक मोहम्मद आमिर खान आत्मज वली मोहम्मद खान निवासी कामथ वार्ड तहसील व जिला नरसिंहपुर (म.प्र.) ने म.प्र.भू. रा.सं. 1959 की धारा 109-110 बने प्रावधानो के अंतर्गत् नामांतरण कराने हेतु आवेदन पत्र इस आशय से प्रस्तुत किया है कि आवेदक की माता साफिया खानम वेवा वली मुहम्मद खां ने पंजीकृत विकय पत्र कमांक दिनांक 25/04/1988 पुस्तक कमांक अ-1 के पृष्ट 97 से 100 पर कमांक 246 के आधार पर मौजा कंदेली नं.ब. 36 प.ह.नं. 41 रा.नि.मं. नरसिंहपुर 2 तहसील व जिला नरसिंहपुर स्थित भूमि खसरा नं. 227/1 (S) में से रकवा 43×17= 731 वर्गफुट भूमि विक्रेता भोपत सिंह आत्मज मनोहर चमार साकिन देह. भूमि स्वामी हक से कय की थी। आवेदक ने उक्त कय भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर नामांतरण कराने हेतु आवेदन पत्र पेश किया हैं। आवेदक ने आवेदन पत्र के साथ खसरा की छायाप्रति, रजिस्टर्ड बैनामा की छायाप्रति, मृत्यु प्रमाण, ई-चालान, आधार कार्ड संलग्न किया हैं। अतः जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 15/4/2025 तक आपत्ति पेश कर सकते है बाद आई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

इश्तहार आज दिनांक 7/4/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार नरसिंहपुर

# देश-प्रदेश

उवाच

## अमेरिका ने किया वैश्विक व भारतीय अर्थव्यवस्था पर बड़ा हमला : कांग्रेस

**मुंबई, एजेंसी।** भारतीय शेयर बाजार में सोमवार के कारोबारी सत्र में बड़ी गिरावट के बाद अब इस मुद्दे पर बयानबाजी भी शुरू हो गई है। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पृथ्वीराज चव्हाण ने शेयर बाजार समेत कई मुद्दों पर केंद्र सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को विपक्षी दलों से सुझाव लेना चाहिए, ताकि भारत में आर्थिक संकट पैदा नहीं हो। कांग्रेस नेता पृथ्वीराज चव्हाण ने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप जब से अमेरिका के राष्ट्रपति चुने गए हैं, तब से वे कुछ नीतियां अपना रहे हैं और उनके फैसलों का असर भारत समेत पूरी दुनिया पर पड़ा है।



मुख्यमंत्री से मिले 12 नगर पालिक निगमों के महापौर

## सभी नगर निगमों में बनेंगी विकास समिति, शहर के विकास के लिए सब मिलकर करें काम

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के सभी नगर निगमों में विकास समिति बनाई जाएगी। अपने शहर के विकास के लिए डॉक्टर, इंजीनियर, सिटी प्लानर, प्रोफेसर, लेक्चरर, टीचर सब मिलकर काम करेंगे। हमने इसी बजट में शहरों में विकास समिति बनाने का प्रावधान किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रदेश के महापौरों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महापौर शहर के प्रथम नागरिक हैं। नगर और नागरिकों के विकास के लिए पूरी क्षमता, समर्पण और सेवा भावना से काम करें। उन्होंने कहा कि हमारे शहर विकास के मामले में अव्वल रहें, इसके लिए नगर विकास के रोडमेप पर लगातार चर्चा की जाएगी। म.प्र. महापौर संघ के अध्यक्ष पुष्यमित्र भार्गव (महापौर इंदौर) के नेतृत्व में प्रदेश के 12 शहरों के महापौर ने सोमवार को समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में सौजन्य भेंट की। महापौरों ने शहर के विकास के लिए अपनी-अपनी बात रखी।



भोपाल महापौर मालती राय, उज्जैन महापौर मुकेश टटवाल, सागर महापौर संगीता तिवारी, रीवा महापौर अजय मिश्रा, खंडवा महापौर अमृता यादव, रतलाम महापौर प्रह्लाद पटेल, देवास महापौर गीता अग्रवाल, छिंदवाड़ा महापौर विक्रम आहाके, कटनी महापौर प्रीति सूरी, बुरहानपुर महापौर माधुरी पटेल और सिंगरौली महापौर रानी अग्रवाल ने प्रदेश के पवित्र शहरों में शराबबंदी लागू करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव का पुष्पगुच्छ देकर एवं अंगवस्त्रम् ओढ़ाकर स्वागत अभिनंदन किया।

### जल गंगा जल संवर्धन अभियान के कामों को दें प्राथमिकता

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। जल बचाना बेहद जरूरी है। इसलिए सभी महापौर अपने निगम क्षेत्रों में इस अभियान के तहत प्राथमिकता से जल संरक्षण के काम कराएं और जन सहभागिता से इस अभियान को सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में औद्योगीकरण के लिए प्रयास जारी हैं। नगर निगम अपने क्षेत्र के विकास के लिए प्रस्ताव दें। बच्चों, अकांक्षी युवाओं को कैरियर डेवलपमेंट कैंप या व्यक्तित्व सुधार शिविर आदि लगाएं। अपने जन बल (समर्थन) का उपयोग शहर के विकास में करें। नगर सरकार की अवधारणा को मजबूत बनाने के लिए काम करें। निगम मितव्ययता बरतें, अपने खर्च कम करें और विकास के कामों के लिए राजस्व जुटाएं। हर साल नए नए काम करें और आय अर्जन के स्रोत सृजित करके आत्मनिर्भर बनने की ओर आगे बढ़ें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को महापौर संघ के अध्यक्ष ने मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र में महापौरों के लिए प्रोटोकॉल बनाए जाने, इनके वित्तीय अधिकार बढ़ाए जाने, नगर निगमों में अधिकारियों व कर्मचारियों की कमी को पूर्ति किए जाने और महापौरों को एक-एक सुरक्षाकर्मी भी दिए जाने की मांग की गई है।

महापौर और आयुक्तों की बैठक में नगरीय विकास मंत्री ने कहा-

## नगर निगमों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने सरकार हर संभव मदद करेगी





महापौरों को गनमैन देने गृह विभाग को लिखेंगे पत्र

- अवैध कॉलोनियों को वैध करते समय यह ध्यान रखा जाए कि विकास में रुकावट न आए
- नगरीय निकायों में सौर ऊर्जा का उपयोग कर बिजली बिल में कमी लाएं

**भोपाल, देशबन्धु।** नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा है कि प्रदेश के 16 नगर निगमों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने में राज्य सरकार की ओर से हरसंभव मदद की जायेगी। उन्होंने कहा कि निकायों को और अधिक अधिकार देकर सशक्त बनाया जायेगा। नगर निगम महापौरों को सुरक्षा की दृष्टि से गनमैन दिलाने के लिये गृह विभाग को पत्र लिखा जायेगा। उन्होंने नगर निगम आयुक्तों को विकास कार्यों में तेजी लाने के लिये महापौर से बेहतर समन्वय करने के निर्देश भी दिये। मंत्री श्री विजयवर्गीय सोमवार को मंत्रालय में प्रदेश के नगर निगम महापौर और आयुक्तों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में मुख्य रूप से इंदौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव, भोपाल महापौर श्रीमती मालती राय और नगरीय प्रशासन विकास आयुक्त सिबि चक्रवर्ती भी मौजूद थे।

बैठक में 19 जुलाई, 2024 को नगरीय विकास मंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक में दिये गये निर्देशों के पालन की समीक्षा की गयी। बैठक में मंत्री श्री विजयवर्गीय ने कहा कि अवैध कॉलोनी को वैधता देते समय इस बात का ख्याल रखा जाये कि इससे नगर के विकास में रुकावट न आये। बैठक में सौर ऊर्जा के माध्यम से नगरीय निकायों के बिजली बिलों में कमी लाने पर चर्चा की गयी। मंत्री श्री विजयवर्गीय ने कहा कि प्रत्येक नगर निगम इसके लिये कार्य-योजना तैयार कर ले। उन्होंने इस बात पर चिंता व्यक्त की कि अनेक निविदाकार कम दर पर निर्माण कार्य की निविदा प्राप्त कर लेते हैं, लेकिन काम की गुणवत्ता पर ध्यान नहीं देते हैं। ऐसे निविदाकारों के खिलाफ सख्त रुख अपनाने की आवश्यकता है। बैठक में कायाकल्प योजना के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की समीक्षा की गयी। यह भी जानकारी दी गयी कि योजना में विधायकों द्वारा नगरीय निकायों में प्रस्तावित कार्यों की स्वीकृति जारी कर दी गयी है। बैठक में तय हुआ कि नगरीय निकाय ट्रांसपोर्ट कम्पनियों को प्रोफेशनल तरीके से चलायें।

### सड़क प्रकाश व्यवस्था में टाइमर लगाने पर चर्चा हुई

कंपाउंडिंग के वर्तमान प्रावधान को 30 जून, 2025 तक बढ़ाये जाने का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। महापौर परिषद को नगरीय निकायों द्वारा दी गयी लीज में भू-अधिकार प्रदान करने के अधिकार प्रदाय किये जायें। इसके लिये एक माह का अभियान चलाया जाये। जनसंख्या के आधार पर स्वीकृत पदों पर भर्ती प्रक्रिया के अधिकार नगरीय निकायों को विकेन्द्रीकृत किये जायें। नगरीय निकायों के जन-प्रतिनिधियों को उत्कृष्ट कार्य के अध्ययन के लिये देश के अन्य नगरीय निकाय में नियमित भेजने का कार्यक्रम तैयार करने के निर्देश। बैठक में चुंगी क्षतिपूर्ति की अनुदान राशि के संबंध में भी चर्चा हुई। बैठक में नगर निगमों के सेवा प्रभार की दर को तय करने के लिये संचालनालय स्तर पर स्लेब तैयार करने का निर्णय लिया गया। बैठक में मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी के निर्माण कार्यों की जानकारी संबंधित महापौर को उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिये गये।

भोपाल में होगा सहकारी दुग्ध उत्पादक गोपाल सम्मेलन, मुख्यमंत्री ने की तैयारियों की समीक्षा, कहा-

## मप्र में दुग्ध सहकारिता के माध्यम से बढ़ेगी किसानों की आय

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सहकार से समृद्धि के विजन के अंतर्गत मध्यप्रदेश एक महत्वपूर्ण पहल कर रहा है। मध्यप्रदेश सरकार ने दुग्ध संघों और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड, एमपी स्टेट को-आपरेटिव डेयरी फेडरेशन (एमपीसीडीएफ) के मध्य सहकार्यता अनुबंध (कोलेबोरेशन एग्रीमेंट) के माध्यम से किसानों और पशुपालकों की जिंदगी बदलने का महत्वपूर्ण कदम उठाया है। दुग्ध सहकारिता के क्षेत्र में मध्यप्रदेश विशेष स्थान बनाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोमवार को मंत्रालय में संपन्न बैठक में यह बात कही।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बैठक में आगामी 13 अप्रैल को भोपाल में हो रहे राज्य स्तरीय सहकारी दुग्ध उत्पादक गोपाल सम्मेलन की तैयारियों की समीक्षा की। कार्यक्रम में केंद्रीय सहकारिता और गृहमंत्री श्री अमित शाह का आगमन प्रस्तावित है।


### आम सूचना

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मैं अपने पक्षकारगण अशोक कुमार मखीजा पिता स्व. श्री मेघराज मखीजा एवं श्रीमती स्नेहलता मखीजा पति श्री अशोक कुमार मखीजा दोनों निवासी- प्लाट नं. 1, 1646, पंजाब नेशनल बैंक कालोनी, चेरीताल, दमोहनाका, जबलपुर की ओर से अधिकृत होकर आम जनता को सूचित करता हूँ कि मेरे पक्षकारगण के स्वामित्व व आधिपत्य की संपत्ति मौजा जबलपुर, खसरा नं. 2, रकवा 2800 वर्गफुट जिसका नगर निगम मकान नं. प्लाट नं. 1, 1646, पंजाब नेशनल बैंक कालोनी, चेरीताल, दमोहनाका नगर निगम वार्ड क्र. 27, जबलपुर में स्थित है उक्त संपति के मालिक स्वामी व आधिपत्यधारी है एवं उक्त संपति पर पिछले 48 वर्षों से अधिक समय से सेटल्ड पजेशन में निर्विवादित तौर पर निवासरत है। उक्त संपति को लेकर मिक्की मखीजा पिता स्व. नरेन्द्र कुमार मखीजा के द्वारा अनैतिक रूप से अन्य असामाजिक तत्वों का सहारा लेते हुए उक्त संपति को कब्जा करने, विक्रय करने का प्रयास किया जा रहा है जिस वास्ते मेरे पक्षकारगण के निर्देशानुसार मिक्की मखीजा के विरूद्ध सिविल वाद/फौजदारी प्रकरण व अन्य कानूनी कार्यवाही सक्षम न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की जा रही है तथा इस आम इश्तहार के माध्यम से सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि उक्त संपति के संबंध में किसी भी प्रकार का अनुबंध पत्र, विक्रय पत्र या अन्य अन्तरण की कार्यवाही न की जावे व उक्त संपति को लेकर किसी प्रकार के रूपयों का संव्यवहार / लेन-देन न किया जावे अन्यथा की स्थिति में व्यक्ति/संस्था व्यक्तिगत रूप से स्वयं जबावदार होंगे।

जबलपुर, दिनांक : 04/04/2025

भवदीय

प्रखर मिश्रा (अधिवक्ता)

म.प्र. उच्च न्यायालय जबलपुर (म.प्र.)

मोबा.: 8359014010,8602910609

### नाम परिवर्तन सूचना

राजेन्द्र कुमार पिता स्व.दुर्गा प्रसाद निवासी-जय प्रकाश नगर, अधारताल चित्रगुप्त चौक जबलपुर शपथपूर्वक कथन करता हूँ - मैं उपरोक्त पते पर निवास करता हूँ, आम जनता को सूचित किया जाता है मेरे पुत्र का नाम शैक्षणिक रिकार्ड अनुसार विकास विश्वकर्मा है जो मैं अपने रेल्वे इंजीनियरिंग डिपार्टमेन्ट में पुत्र का नाम विक्की दर्ज है जो पुत्र का घरेलू चालू नाम है, मेरे पुत्र का सही वास्तविक नाम विकास है उसके सभी शासकीय अशासकीय रिकार्ड में यही नाम पढ़ा लिखा माना समझा दर्ज किया जावे। विक्की एवं विकास विश्वकर्मा दोनों नाम मेरे पुत्र अर्थात एक ही बालक के नाम है, विकास नाम बदलने में किसी को आपत्ति होती है सिविल कोर्ट निशा अहमद कुरैशी न्यायाधीश की न्यायालय में नियत दि- 21/4/25 तक आपत्ति पेश कर सकते है।

### Change of Name

Army No - JC387911H, Rank - SUB, Name - MORE KRISHNA JAYARAM, Unit - MADHYA BHARAT AREA SIGNAL COMPANY, Permanent Home Address Village - RAKUSLEWADI, Post ASANGAON, Teh SATARA, Distt-SATARA State -MAHARASHTRA, PIN - 415002 do hereby solemnly affirm and declare that the name of my Son has been mistakenly recorded as AJINKAY KRISHNA MORE in my Army Service Record which is Incorrect. The correct name of my Son is AJINKYA KRISHNA MORE as per his Aadhar Card/ PAN Card and Same shall be considered in future in all Recorded. कृति

Incorrect Name
AJINKAY KRISHNA MORE
Correct Name
AJINKYA KRISHNA MORE

### CHANGE OF NAME & DOB

I, BHAGVATI DEVI is legally MOTHER of Army No- 15716820P, Rank- Nk, Name- VINOD, Unit- CIF HQ (K) SIG REGT (Corps of Signal) Home- Address, Vil- MANPUR, Post- MANPUR, Teh- HATHIN, Dist- PALWAL, State- HARYANA, Pin- 121105., I, have changed my name BHAGVATI DEVI to BHAGWATI and date of birth 01/01/1962 to 01/01/1968 Vide Affidavit No. before Notary, Jabalpur M.P.

INCORRECT NAME
BHAGVATI DEVI
INCORRECT DOB - 01/01/1962
CORRECT NAME
BHAGWATI कृति
CORRECT DOB - 01/01/1968

### CHANGE OF NAME & DOB

I, AMAR is legally Father of Army No- 15716820P, Rank- Nk, Name- VINOD, Unit- CIF HQ (K) SIG REGT (Corps of Signal) Home- Address, Vil- MANPUR, Post- MANPUR, Teh- HATHIN, Dist- PALWAL, State- HARYANA, Pin- 121105., I, have changed my name AMAR to AMAR SINGH and date of birth 01/01/1960 to 01/01/1955 Vide Affidavit No. before Notary, Jabalpur M.P.

INCORRECT NAME
AMAR
INCORRECT DOB - 01/01/1960
CORRECT NAME
AMAR SINGH कृति
CORRECT DOB - 01/01/1955


## लखनऊ : जिलाधिकारी ने विकास नगर स्थित यूनियन बैंक की शाखा का औचक निरीक्षण किया

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान से संबंधित ऋण पत्रावलियों को समय से निस्तारण कराये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी, विशाख जी0 ने विकास नगर स्थित यूनियन बैंक की शाखा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पाया कि योजनान्तर्गत 15 ऋण आवेदन प्राप्त हुए, जिसमे 06 आवेदन पत्रों का निस्तारण किया गया है, जबकि 8 सन्दर्भ लंबित है।

इस स्थिति पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिया कि लंबित सन्दर्भों का यथा शीघ्र निस्तारण किये जाये। निरीक्षण के दौरन यह पाया गया कि 2 ऋण पत्रावलियां बिना किसी कारण के बैंक द्वारा निरस्त कर दिया गया, जिसके सम्बन्ध में मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया कि बैंक के क्रेडिट ऑफिसर के विरूद्ध कार्यवाही हेतु यूनियन बैंक के उप महाप्रबन्धक को प्रस्ताव भेजा जाये। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बैंक अधिकारियों को निर्देश दिये कि ऋण आवेदन पत्रों को अनावश्यक रूप से निरस्त न किये जाये, यदि किसी प्रकार की समस्या हो तो संबंधित विभाग से समन्वय कर समस्या का समय से समाधान कर ऋण पत्रावलियों को समय से निस्तारण किया जाये। जिलाधिकारी, श्री विशाख जी0 ने बैंको को निर्देश दिये है कि रोजगारपरक शासकीय योजनाओं विशेषकर मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान से संबंधित ऋण आवेदन पत्रों को समय से स्वीकृति प्रदान कर युवाओं को ऋण उपलब्ध करायें ताकि युवा अपना रोजगार समय से शुरू कर सकें। मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया कि ग्रामीण क्षेत्र मे जिन बैंको मे मुख्यमंत्री युवा योजना के पत्रावलियां सर्वाधिक लंबित है, उसका निरीक्षण कर ऋण पत्रावलियों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाये।

निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी, श्री अजय कुमार जैन, जी0एम0 डी0आई0सी0, श्री मनोज कुमार चौरसिया, लीड प्रबन्धक, श्री मनीष पाठक, यूनियन बैंक के क्षेत्रीय प्रबन्धक, मार्कण्डेय यादव, सहित अन्य सम्बन्धी अधिकारी मौजूद थे।

## वीवीपीएटी पर्चियों की सौ फीसदी गिनती की याचिका खारिज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उच्चतम न्यायालय ने भारत चुनाव आयोग को इलेक्ट्रॉनिक गिनती के अलावा वोटर वेरिफाइड पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपीएटी) पर्चियों की 100 फीसदी हाथों से एक-एक कर गिनती करने का निर्देश देने की मांग को लेकर पेश याचिका पर विचार करने से सोमवार को इनकार कर दिया। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने कहा कि इसी तरह के मुद्दों को उठाते हुए एक विस्तृत निर्णय पारित किया गया है और इसे बार-बार नहीं उठाया जा सकता।


### न्यायालय नायब तहसीलदार अधारताल जबलपुर
### आम इश्तहार

रा.प्र.क्र. 2584/अ-6/2024-25

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक संजय कुमार रैकवार, शरद कुमार रैकवार, शशिकांता रैकवार पिता स्व. मोहनलाल रैकवार निवासी साई मंदिर के पीछे सुहागी अधारताल जबलपुर के द्वारा मौजा बैतला प.ह.नं. 01 खसरा नं. 18, 19/2 रकबा 1065 भूमि आवेदकगण के पिता स्व. श्री मोहनलाल ने विक्रय पत्र दिनांक 2/11/1982 को विक्रेता खातेदार गौरीशंकर अग्रवाल पिता तुलसीराम अग्रवाल निवासी मिलौनीगंज वालों से क्रय किया था। वर्तमान में खसरे में विक्रेता के वारसानों का नाम दर्ज है। आवेदक गणों के पिता स्व. मोहनलाल रैकवार की क्रय उपरांत मृत्यु दिनांक 27/6/2004 को हो चुकी है, साथ ही आवेदक गणों की माता यशोदा बाई रैकवार का निधन पूर्व में ही दिनांक 5/12/2000 को हो चुका था। फौत खातेदार आवेदक के पिता स्व. मोहनलाल जी की मृत्यु हो जाने उपरांत खातेदार का नाम विलोपित करने एवं वारसान हक में आवेदकगणों का नाम शासकीय अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन पत्र, मय शपथ पत्र एवं संलग्न दस्तावेज पंजीकृत प्रमाण पत्र एवं फार्म पी-।। खसरा की छाया प्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त विक्रय पत्र/ फौती नामांतरण किये जाने में यदि किसी व्यक्ति/ संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति पेशी दिनांक 21.4.25 तक इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। नियत पेशी दिनांक पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 7.4.25 इश्तहार किया गया।

जारी दिनांक : 07/04/25
पेशी दिनांक : 21/04/25

नायब तहसीलदार,
र.नं.-69 तह. अधारताल, जबलपुर

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्रीमती मालती पत्नी श्री राजेन्द्र यादव एवं राजेन्द्र यादव तनय श्री गणेश यादव दोनों निवासी बेनीखेड़ा, तहसील-पाटन, जिला जबलपुर द्वारा आबादी भूमि सर्वेक्षण क्रमांक- 193, भूखण्ड क्रमांक-110, रकवा 79 वर्गमीटर मौजा बेनीखेड़ा, पटवारी हल्का- बेनीखेड़ा तहसील- पाटन, जिला जबलपुर में स्थित है, उक्त आराजियात आबादी भूमि राजेन्द्र यादव तनय श्री गणेश यादव निवासी बेनीखेड़ा, तहसील- पाटन, जिला जबलपुर के नाम अधिकार अभिलेख में दर्ज है। राजेन्द्र यादव तनय श्री गणेश यादव के द्वारा आबादी भूमि सर्वेक्षण क्रमांक- 193, भूखंड क्रमांक-110, रकवा 79 वर्गमीटर मौजा बेनीखेड़ा, पटवारी हल्का- बेनीखेड़ा तहसील-पाटन, जिला जबलपुर में अपनी पत्नी श्रीमती मालती पत्नी श्री राजेन्द्र यादव को पंजीकृत सहस्वामित्व पत्र क्रमांक MP50IGR17582025A100152814 दि. 16.03.2025 के माध्यम से सहस्वामी बनाया गया है जिस पर इंडिया शेल्टर फाईनेंस कार्पोरेशन शाला जबलपुर से ऋण प्राप्त किया जा रहा है।

अतएव सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त भवन/ मकान जिस पर ऋण प्राप्त किया जा रहा है किसी व्यक्ति संस्था या किसी अन्य संस्थान, बैंक का किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो वह मेरे कार्यालय में सात दिवस के अंदर उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करा सकता है, अन्यथा बीतने म्याद उपरांत वह स्वयं ही जवाबदार होंगे।

ज्ञानेन्द्र कुमार द्विवेदी, अधिवक्ता
26, नर्मदा परिसर, बिरसामुण्डा वार्ड-75, सुहागी,
जबलपुर जिला-जबलपुर
र.नं.-71 मो. 8109283241

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं, Army no 13773039F Rank HAV Name CHAMAN SINGH OF UNIT-12 JAK RIF Presently residing at VILL- LAKRA, PO- BANDLA, TEH- CHAMBA, DISTT-CHAMBA, STATE- HP, PIN- 176311, शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि मेरी माताजी का नाम FINTA DEVI से PHINTA परिवर्तन हुआ है इस आशय का शपथ पत्र साथ में संलग्न है। द्वारा शपथ पत्र दिनाँक 07/04/2025 नोटरी जबलपुर मप्र। कृति

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र.11 नगर निगम, जबलपुर

पत्र क्र.- सं. क्र.11/19-20/.. दि. 7.04.2025

### भवन नामांतरण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति शिखा दास पति श्री देवकुमार दास ने वार्ड क्रमांक 66 वार्ड का नाम रानी लक्ष्मीबाई वार्ड के भवन क्रमांक प्लाट नं. 99 राजुल सिटी/ फैंस-1 सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000389439, 47000999 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा 1499 वर्गफुट जिस पर निर्मित भूतल ... प्रथम तल ... द्वितीय तल .... वर्गफुट पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज रविकांत पाण्डेय पिता श्री कमलेश्वर पांडे श्रीमती इन्दु भारतीय का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

कृति संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं श्रीमती सुषमा सूर्यवंशी पति श्री अनिल सूर्यवंशी आयु लगभग 40 वर्ष निवासी- 1179/1 ज्योति नगर शोभा किराना के पीछे, इंदिरा गांधी वार्ड, गढ़ा, जबलपुर (म.प्र.) एतद् द्वारा शपथपूर्वक निंम्नलिखित कथन करती हूं कि- 1. यह कि मेरा विवाह दिनांक 29.04.2002 को श्री अनिल सूर्यवंशी पता म.नं. 1179/1 ज्योति नगर, शोभा किराना के पीछे, इंदिरा गांधी वार्ड, गढ़ा, जबलपुर (म.प्र.) के साथ सम्पन्न हुआ है। 2. यह कि विवाह के पूर्व मेरा नाम सुषमा संतोषराव सहारे पिता श्री संतोषराव सहारे था जो मेरे शैक्षणिक रिकार्ड में दर्ज है। 3. यह कि विवाह के बाद मेरा नाम श्रीमती सुषमा सूर्यवंशी पति श्री अनिल सूर्यवंशी हो गया है। 4. यह कि अब मैं श्रीमती सुषमा सूर्यवंशी पति श्री अनिल सूर्यवंशी के नाम से जानी पहचानी जाती हूं। अतः मेरे समस्त रिकार्ड में मेरा यही नाम लिखा व पढ़ा जावे।

शपथकर्ती
श्रीमती सुषमा सूर्यवंशी

### नाम सुधार

मेरी पुत्री DIVISHA DUBEY D/o Shri MUKUL DUBEY, माता Smt. DEEKHA MISHRA DUBEY, जन्म तिथि 05.02.2021 निवासी जबलपुर का नाम पूर्व में गलत नाम कु. अद्विका लिख गया था, जिसे समस्त रिकॉर्ड में सुधार करा लिया है। अतः अब मेरी पुत्री को DIVISHA DUBEY नाम से जाना-पहचाना एवं लिखा-पढ़ा जाए।

- भवदीय -
मुकुल दुबे, दीक्षा मिश्रा दुबे,
267/14, विजय नगर, जबलपुर
Birothia

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-5, संजय गांधी मार्केट नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.अधि/सं.क्रं. 5/2024-25/ एम .106 दिनांक - 10/02/2025

### भवन नामांतरण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि श्री विवेक कुमार लखेरा, पिता- लल्लू लाल उर्फ लीलाधर लखेरा ने भवन क्रं. 120 वार्ड जवाहरगंज वार्ड, भूतल 298+629 व.फु. व्या.+आ., प्रथमतल 434 व.फु. आ., विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा भवन क्रं. 120 पर नामांतरण हेतु, पंजीकृत स्वामी श्री विनोद कुमार सरावगी, पिता- स्व. श्री रतनचंद सरावगी, भवन क्रं. 120 पिन नं. 1000390571/ 42000179 पर जिस किसी को उक्त में प्रमाण सहित आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-05 में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-5, संजय गांधी मार्केट नगर निगम जबलपुर

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.11 नगर निगम, जबलपुर

पत्र क्र.- सं.क्र.11/19-20/
दिनांक 03/04/2025

### भवन नामांतरण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती ममता स्वामी पत्नी तेजराज स्वामी पुत्री स्व. रामापिल्ले ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी वीरांगना अवंती बाई वार्ड के भवन 84 अम्बेडकर बस्ती बिलहरी सम्पत्ति के पिन क्रमांक 46000075, 1000383245 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा ... व.फु. जिस पर निर्मित भूतल 1200 व.फु. आरसीसी पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र शपथ, मृत्यु प्रमाण पत्र, रिलीज डीड के आधार पर निगम में दर्ज स्व. रामा पिल्ले पिता चिन्ना दौरे का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

कृति संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर

### JAWAHARLAL NEHRU KRISHI VISHWAVIDYALAYA, JABALPUR

No. Estt.I/CAS-16th round/2025/443 Dated 04/04/2025

### //NOTICE FOR CAVEAT//

To whomsoever it may concern

Jawaharalal Nehru Krishi Vishwa Vidyalaya, Jabalpur is in process of assessement/ placement of its Teachers/ Scientists and equivalent cadres on to higher grade under Career Advancement Scheme (CAS) notified vide No. Estt.I/ CAS-16th round/2025/426-427 dated 01/04/2025. The screening and selection process will start accordingly. The Vishwa Vidyalaya apprehends that some interested persons may challenge the same before the Hon'ble High Court of Madhaya Pradesh, Jabalpur in respect of aforesaid selection/assement process. Therefore by way of instant public notice it is being informned to public at large that in case any writ petition is filed for challenging aforesaid process, an advance copy of the writ petition with all the supporting annexures may be supplied to the addressee or counsel for the Vishwa Vidyalaya, details of which are given below:-

1) The Registrar, Jawaharlal Nehru Krishi Vishwa Vidyalaya, Jabalpur (M.P.)

2) Shri Praveen Dubey, Advocate, 52 Maa Narmada Nagar, Gurudwara Sahib Road, Bilahari, Jabalpur (M.P.)

IPRO/REGCAE/2025/22

REGISTRAR

### नाम सरनेम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रीति सुरेश रजक पत्नि सचिन रत्नाकर निवासी- गली नं. 6, हनुमान मंदिर कल्याण नगर, रुखमीणी नगर अमरावती महाराष्ट्र के द्वारा अपने पुत्र श्लोक उर्फ शाश्वत को गोदनामें में महंत कृष्णराज आराध्य पिता दत्तराज आराध्य एवं कुन्दा आराध्य पिता दत्तराज दोनों निवासी- 932, श्री गोपाल मंदिर, बाई का बगीचा गली नं. 1, मेन रोड घमापुर जिला जबलपुर म.प्र. को गोदनामें के तहत दिनांक 17.09.2019 को सौंप दिया था तब से श्लोक उर्फ शाश्वत कृष्णराज एवं कुन्दा आराध्य के साथ दत्तक पुत्र के रूप में रह रहा है और उसका लालन-पोषण शिक्षा दीक्षा भी जबलपुर में हो रही है। श्लोक एवं शाश्वत एक ही व्यक्ति/बालक हैं और गोदनामे के उपरांत उसका नाम शाश्वत चला आ रहा है। आधार कार्ड एवं स्कूल में भी उसका नाम शाश्वत दर्ज है।

राजनपुरी, अधिवक्ता
म.प्र. उच्च न्यायालय, जबलपुर
ऑफिस-49, पूर्वी घमापुर, कांचघर
र.नं.-70 जबलपुर मो. 9826521891

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार तहसील अधारताल जिला जबलपुर
### आम इश्तहार

रा.प्र.क्र. 5118/अ-6/2024-25
जबलपुर, दिनांक - 03/04/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राहुल सिंह राजपूत पिता नारायण सिंह राजपूत निवासी करमेता ब्लाक नं. ... प्लॉट नं. ... स्थित भूमि खसरा नंबर 61,62,51/1, 51/2, 54, 50/2 में से रकवा 1000 वर्गफुट भूमि जो आवेदक के द्वारा विक्रेता रूपकिशोर चौबे पिता जमुना प्रसाद निवासी- करमेता से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक ...से क्रय किया जाना लेख किया है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 21/4/25 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात् प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक : 03/04/25
पेशी दिनांक : 21/04/25

तहसीलदार, अधारताल
र.नं.-67 जबलपुर

### कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर

// निविदा सूचना // (2ND Call)

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | न.नि.ज./प्रकाश/2025-26/39/पी.आर.ओ./25 दिनांक 07/04/2025 | Lighting Arrangement work at parking lot, Kargil ground and Nehru park Jabalpur. | 03 माह एवं 785552.00 | 5000.00 एवं 7856.00 | 30/04/2025 |

निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑन-लाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री (विद्युतीय) नगर पालिक निगम, जबलपुर

देशबन्धु

जबलपुर, मंगलवार 08 अप्रैल 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



## वाम राजनीति की नयी उम्मीद: एमए बेबी

कई चुनौतियों के बीच केरल के वरिष्ठ साम्यवादी नेता मरियम एलेक्जेंडर बेबी को देश के सबसे बड़े वामपंथी दल- कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सिस्ट) ने रविवार को अपना नया महासचिव नियुक्त किया। पिछले वर्ष 12 सितम्बर को सीताराम येचुरी के निधन के बाद से यह पद रिक्त था जो उन्होंने लगभग 9 साल तक सम्हाला था। तमिलनाडु के मदुरै में सम्पन्न पार्टी के 5 दिवसीय सम्मेलन के अंतिम दिन उन्हें यह पद दिया गया। उनके खिलाफ खड़े महाराष्ट्र के ट्रेड यूनियन नेता डीएल कराड़ को सिर्फ 31 वोट मिले। सीपीआई (एम) की केरल शाखा से पार्टी का सर्वाधिक महत्वपूर्ण पद सम्हालने वाले वे दूसरे नेता हैं- दिग्गज ईएमएस नंबूदरीपाद के पश्चात। पार्टी द्वारा हाल ही में 75 साल की उम्र सीमा का नियम लागू करने के बाद पूर्व महासचिव प्रकाश करात, वृंदा करात, सूर्यकांत मिश्रा, सुभाषिनी अली, माणिक सरकार और जी. रामकृष्णन जैसे वरिष्ठ नेता पोलित ब्यूरो से बाहर हो गये थे। केवल 79 वर्षीय केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन को रणनीतिक कारणों से रखा गया है। पोलित ब्यूरो में 8 नए सदस्य शामिल हुए, वे हैं- त्रिपुरा विधानसभा में विपक्ष के नेता जितेंद्र चौधरी, तमिलनाडु के पूर्व सीपीएम सचिव के. बालाकृष्णन व ट्रेड यूनियन नेता यू. वासुकी, सीकर (राजस्थान) के सांसद अमरा राम, श्रीदीप भट्टाचार्य (पश्चिम बंगाल), अखिल भारतीय किसान सभा के महासचिव विजू कृष्णन, अखिल भारतीय लोकतांत्रिक महिला संघ की महासचिव मरियम धावले और पूर्व छात्र नेता आर. अरुण कुमार।

येचुरी के मुकाबले बेबी को वैचारिकी के स्तर पर अनुदार नेता माना जाता है। छात्र राजनीति (स्टूडेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया) से मुख्य धारा की राजनीति में आने वाले बेबी को आपातकाल में छात्रों व युवाओं को संगठित करने के कारण जेल भी जाना पड़ा था। वे केरल के शिक्षा मंत्री रहे तथा लोकसभा सदस्य भी रहे हैं। वे ऐसे वक्त में पार्टी का यह अहम पद सम्हाल रहे हैं जब कई तरह की चुनौतियां सामने हैं। ये चुनौतियां संगठनात्मक हैं तो वहीं विधानसभा-लोकसभा में घटता प्रतिनिधित्व भी। इसके साथ ही राजनीतिक, सामाजिक व आर्थिक मोर्चों पर उसका कम होता हस्तक्षेप भी दल के लिये चिंता का विषय है। पिछले 11 वर्षों से भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने जिस प्रकार से दक्षिणपंथी विचारधारा को देश भर में फैलाया है, उसका माकूल जवाब देने में वामपंथी दल लगातार नाकाम साबित हो रहे हैं। ऐसा केवल सीपीएम ही नहीं वरन देश के दूसरे बड़े साम्यवादी दल कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (सीपीआई) के बारे में भी कहा जा सकता है। फिर, दोनों दलों के बीच एकता की आशा तो दूर, अब देखना होगा कि क्या तालमेल भी सम्भव है। जो वाम मोर्चा 2004 में बनी कांग्रेस प्रणीत यूपीए सरकार के दौरान मौजूद था, वह अब अस्तित्व में इसलिये भी नहीं है क्योंकि संसद में उसकी उपस्थिति क्षीण है। याद हो कि 2004 में इसे 44 सीटें मिली थीं। आज वह 4 पर सिमटी हुई है। इनमें भी तीन उसे सहयोगी दलों के सहयोग से हासिल हो सकीं।

पश्चिम बंगाल में लगभग तीन दशक तक सरकार चलाने के बाद वहां तृणमूल कांग्रेस व भाजपा ने उसका पूर्ण सफाया कर रखा है। यहां उसका लोकसभा व विधानसभा में एक भी सदस्य नहीं है। त्रिपुरा में ईमानदारीपूर्वक काम करने के बावजूद 2023 में उसकी सरकार जाती रही। हालांकि वहां वह मुख्य विपक्षी दल है। उसका एक सदस्य यहां से लोकसभा में है। त्रिपुरा का चुनाव चाहे दूर हो लेकिन पश्चिम बंगाल का चुनाव अगले साल ही है। दोनों ही राज्यों में पार्टी को अपना संगठन मजबूत करते हुए, चुनावी तैयारियां प्रारम्भ करनी होंगी। खासकर, प. बंगाल में पहले। बेबी के अपने गृह प्रदेश केरल में जरूर माकपा सरकार है लेकिन वहां कांग्रेस का जनाधार बढ़ रहा है। खासकर, वहां की वायनाड सीट से प्रियंका गांधी ने जैसी बड़े अंतर वाली जीत हासिल की, उससे साफ है कि यहां कांग्रेस की भी उसे चुनौती मिलेगी। यहां लेफ्ट डेमोक्रेटिक गठबन्धन की सरकार है जिसका नेतृत्व सीपीएम करती है। केरल में भी अगले वर्ष के मध्य में विधानसभा चुनाव हैं। सत्ता को बनाये रखना चुनौती है। यहां से भाजपा का एक सदस्य भी पिछले लोकसभा चुनाव में जीतकर आया है जो बताता है कि एक और नयी राजनीतिक शक्ति यहां उभर रही है जिसका आंशिक खतरा सीपीएम को है।

मदुरै सम्मेलन में तय किया गया है कि केरल के वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) की ही तर्ज पर वह अन्य जगहों पर सरकार बनाने की कोशिश करेगा। इसका अर्थ है कि कांग्रेस से उसका कोई चुनावी गठबन्धन होने से रहा। यह भी बड़ी चुनौती महासचिव के समक्ष होगी।

एक वक्त था जब छात्रों, असंगठित श्रमिकों, संगठित कर्मचारियों, किसानों, महिलाओं के बीच सीपीएम का बड़ा काम था। देश में भाजपा की मजबूती के साथ ये संगठन लगातार कमजोर पड़ते गये हैं। उनमें नये प्राण फूंकने तथा उनके जरिये राजनीतिक हस्तक्षेप को बढ़ाना बेबी के लिये नयी चुनौतियां होंगी। सीपीएम ही नहीं, इस दौर में विचारधारा के स्तर पर समग्र साम्यवाद के समक्ष सबसे बड़ी समस्या उसके खिलाफ दक्षिणपंथी दुष्प्रचार है। भाजपा व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा कांग्रेस के साथ-साथ वामपंथी विचारधारा को सर्वाधिक बदनाम किया जाता है। आईटी सेल और वाट्सएप यूनिवर्सिटी की हर तीसरी-चौथी पोस्ट साम्यवादी विचारधारा के खिलाफ होती है। देश में समानता व धर्मनिरपेक्षता के खिलाफ फैलाई गयी नफ़रत का शिकार बड़े पैमाने पर साम्यवादी विचारधारा ही हुई है। कांग्रेस के पास तो अपने बचाव के लिये फिर भी कुछ लोग और तथ्य हैं, परन्तु राष्ट्रीय स्तर पर देखें तो साम्यवादियों का पक्ष रखने के लिये न तो प्रखर प्रवक्तागण हैं और न ही ऐसे जनप्रतिनिधि जो भाजपा व कांग्रेस के बरक्स वामपंथ का पक्ष रख सकें। नये महासचिव को आम जनता से संवाद के नये तरीके अपनाने होंगे। अन्य दलों के मुकाबले उसका प्रचारतंत्र कमजोर है। सर्वहारा के लिये मौजूदा दुश्वारियों के इस दौर में देखना होगा कि बेबी सीपीएम और वाम विचारधारा के लिये उम्मीद बनते हैं या नहीं?

# नरेंद्र मोदी और डोनाल्ड ट्रम्प बहुत बड़ी भूल करने में भी एक समान

■ के रवींद्रन

डोनाल्ड ट्रम्प और नरेंद्र मोदी एक-दूसरे के लिए प्रशंसा व्यक्त करते नहीं थकते। उनका परस्पर सम्मान एक अजीब अंतरराष्ट्रीय राजनीतिक सौहार्द्र का आभास देता है, जो निर्विवाद है। जो चीज उन्हें जोड़ती है, वह केवल साझी विचारधारा नहीं है, बल्कि लोकलुभावनवाद, कथित देशभक्ति , और प्राय: नाटकीय परन्तु लापरवाह निर्णय लेने की प्रवृत्ति से आकार लेने वाला एक समान विश्वदृष्टि है।

मोदी का 'आत्मनिर्भर भारत', एक मजबूत राष्ट्रवादी झुकाव के साथ आर्थिक आत्मनिर्भरता का आह्वान है, जो ट्रम्प के 'अमेरिका फर्स्ट' बयानबाजी को दर्शाता है। दोनों नेता एक ऐसा दृष्टिकोण पेश करते हैं जो राष्ट्रीय गौरव के लिए एक भावनात्मक, लगभग नाटकीय अपील से अपनी शक्ति प्राप्त करता है, जो स्वायत्तता और शक्ति के भ्रम से घिरा हुआ है।

दोनों ही राष्ट्रीय नीति को व्यक्तिगत धर्मयुद्ध के रूप में पुन: ब्रांड करने में माहिर हैं, फिर भी छाती पीटने वाली इस सतह के नीचे स्तर के शासन में एक पैटर्न छिपा हुआ है जो कि सार से अधिक दिखावे से और रणनीति से अधिक भावना से चिह्नित है।

इस संबंध में, ट्रम्प की 'मुक्ति दिवस' पहल मोदी के विमुद्रीकरण प्रयोग से एक अजीब समानता रखती है- एक भयावह गलत अनुमान जो मास्टर स्ट्रोक के रूप में प्रच्छन्न है। 2016 में मोदी के विमुद्रीकरण – अचानक और बहुत कम योजना के साथ घोषित – ने भारत की 86 प्रतिशत मुद्रा को रातोंरात अमान्य कर दिया। यह कथित तौर पर काले धन, नकली मुद्रा और आतंकवाद के वित्तपोषण को जड़ से खत्म करने के लिए बनाया गया था, लेकिन यह जल्दी ही अराजकता में बदल गया। छोटे व्यवसाय ध्वस्त हो गये, मज़दूरों ने शहरों से पलायन कर लिया और एटीएम के बाहर लंबी कतारें आर्थिक कुप्रबंधन का भयावह प्रतीक बन गयीं। विशेषज्ञों द्वारा खतरे की घंटी बजाये जाने के बावजूद, मोदी ने अपना मसीहावादी लहज़ा बरकरार रखा और नागरिकों से उज्ज्वल भविष्य के लिए मात्र 50 दिन की कठिनाई सहने का आग्रह किया।

डोनाल्ड ट्रम्प के तथाकथित मुक्ति दिवस, व्यापक टैरिफ के एक नये दौर की नाटकीय शुरुआत, ठीक उसी तरह के वैश्विक व्यवधान के साथ हुई है, जिसके बारे में आलोचकों ने चेतावनी दी थी। बाज़ार की प्रतिक्रियाएं तत्काल और क्रूर थीं। घोषणा के बाद पहले कुछ दिनों में यू.एस. स्टॉक इंडेक्स में तेज़ी से गिरावट आयी, जिसमें डॉ जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज-800 से अधिक अंक गिर गया और नसदक को और भी ज़्यादा झटका लगा। अनिश्चितता में अचानक वृद्धि से निवेशक पीछे हट गये, आपूर्ति श्रृंखला एक बार फिर से क्रॉसहेयर में आ गयी और मुद्रास्फीति की आशंका फिर से भड़क गयी। टैरिफ युद्ध ने वैश्विक व्यापार के मूल में प्रहार किया है, जो अमेरिकी आर्थिक संप्रभुता को पुन: प्राप्त करने की आड़ में चीन, यूरोपीय संघ और मैक्सिको सहित प्रमुख आर्थिक भागीदारों से आयात को लक्षित करता है। ट्रम्प ने साहस दिखाना जारी रखा है, यह आश्वासन देते हुए कि यह समस्या अस्थायी है, ठीक वैसे ही जैसे मोदी ने किया था जब उनका विमुद्रीकरण का तुगलकी दुस्साहस एक धोखा प्रतीत हुआ था।

> संयुक्त राज्य अमेरिका में, अमेरिका फर्स्ट के लिए ट्रम्प के जल्दबाजी के प्रयास ने पहले ही भविष्य की परेशानी के बीज बो दिये हैं। दोनों नेताओं ने लोगों के जीवन और आजीविका के साथ जुआ खेला है, और जब चीजें गलत होती हैं, तो वे वास्तविकता का सामना करने के बजाय कहानी को फिर से लिखना चाहते हैं।

ट्रम्प टैरिफ का जवाब तेजी से दिया गया है। चीन ने स्वयं के काउंटर-टैरिफ के साथ जवाब दिया। यूरोपीय संघ व्हिस्की, मोटरसाइकिल और औद्योगिक वस्तुओं जैसे प्रमुख अमेरिकी निर्यातों को लक्षित करते हुए अपने स्वयं के प्रतिशोधात्मक उपायों की सूची का मसौदा तैयार करते हुए विश्व व्यापार संगठन में एक कानूनी चुनौती तैयार कर रहा है। मैक्सिको ने भी अन्य लैटिन अमेरिकी देशों के साथ समन्वित व्यापार प्रतिरोध का संकेत दिया है। ट्रम्प ने जो सपना देखा था कि डॉलर मजबूत होगा, वह भी अब नकारात्मक रूप से प्रभावित हो रहा है।

विश्व अर्थव्यवस्था के लिए दृष्टिकोण लगभग रातोंरात अंधकारमय हो गया है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने 'बढ़ते व्यापार तनाव और वैश्विक अनिश्चितता' का हवाला देते हुए विकास पूर्वानुमानों को संशोधित किया है। उभरते बाजार, जो निर्यात और आपूर्ति श्रृंखला एकीकरण पर बहुत अधिक निर्भर हैं, आगे की अस्थिरता के लिए तैयार हैं। अर्थशास्त्रियों ने चेतावनी दी है कि निरंतर टैरिफ वृद्धि अगले वर्ष वैश्विक जीडीपी वृद्धि से पूर्ण प्रतिशत अंक कम कर सकती है।

जिस तरह मोदी के विमुद्रीकरण में एक भव्य राष्ट्रवादी हस्तक्षेप के सभी लक्षण थे- सिस्टम को साफ करना, भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म करना, अर्थव्यवस्था को शुद्ध करना – ट्रम्प का लिबरेशन डे युद्ध, जीत की भाषा में लिपटा हुआ था, और अमेरिकी दृढ़ता को प्रतिबिंबित करता था। फिर भी दोनों ही बहुत अवैज्ञानिक थे, आंकड़ों के यथार्थ से कटे हुए थे, और संस्थागत परामर्श से रहित थे।

संयुक्त राज्य अमेरिका में, अमेरिका फर्स्ट के लिए ट्रम्प के जल्दबाजी के प्रयास ने पहले ही भविष्य की परेशानी के बीज बो दिये हैं। दोनों नेताओं ने लोगों के जीवन और आजीविका के साथ जुआ खेला है, और जब चीजें गलत होती हैं, तो वे वास्तविकता का सामना करने के बजाय कहानी को फिर से लिखना चाहते हैं।

एक गहरी, अधिक परेशान करने वाली समानता भी है – व्यक्तित्व का पंथ जो दोनों पुरुषों को जवाबदेही से बचाता है। मोदी और ट्रंप ने राष्ट्रीय मानस में अपने निजी ब्रांड इतने मजबूत कर लिए हैं कि उनके समर्थक अक्सर आलोचना को विश्वासघात के रूप में देखते हैं। भारत में, कई लोगों ने अराजकता को एक महान उद्देश्य के लिए आवश्यक दर्द के रूप में देखा, भले ही उद्देश्य को कभी स्पष्ट रूप से परिभाषित नहीं किया गया हो। अमेरिका में, ट्रंप का 'मुक्ति दिवस' ट्रंप के मूर्ख दिवस के रूप में शुरू हुआ है।

कोई यह तर्क दे सकता है कि विमुद्रीकरण और मुक्ति दिवस दोनों ही एक विशेष प्रकार की राजनीति की परिणति का प्रतिनिधित्व करते हैं – एक ऐसी राजनीति जिसमें भावनाएं तर्क पर हावी हो जाती हैं, जहां नारे रणनीति की जगह ले लेते हैं, और जहां अल्पकालिक दृष्टिकोण दीर्घकालिक परिणामों पर हावी हो जाते हैं। इस दुनिया में, नेताओं से परिणाम देने की अपेक्षा नहीं की जाती, बल्कि केवल इरादे को नाटकीय बनाने की अपेक्षा की जाती है। मोदी और ट्रंप, अपने सभी मतभेदों के बावजूद, इस भावनात्मक लोकप्रियता के वास्तुकार हैं, जो उपलब्धियों से नहीं बल्कि सतत टकराव, निर्मित संकटों और निर्णायक नेतृत्व के भ्रम से राजनीतिक वैधता का निर्माण करते हैं।

त्रासदी यह है कि इन नाटकीय भूलों से सबसे अधिक पीड़ित लोग सबसे कमजोर हैं। भारत में, दैनिक वेतन भोगी, छोटे व्यापारी और ग्रामीण समुदाय विमुद्रीकरण के दुष्परिणामों का सामना कर रहे हैं। अमेरिका में, फ्रंटलाइन वर्कर्स, गिग इकॉनामी प्रतिभागी और हाशिए पर पड़े समुदाय सबसे ज़्यादा पीड़ित होंगे। फिर भी, मोदी और ट्रम्प द्वारा गढ़े गए राजनीतिक आख्यान इन कष्टों को देशभक्तिपूर्ण बलिदान में बदल देंगे, कठिनाई को नीति विफलता के बजाय राष्ट्रीय शक्ति के प्रमाण के रूप में पेश करेंगे। संस्थानों और विशेषज्ञों के लिए एक साझा तिरस्कार भी है – सत्तावादी लोकलुभावनवाद की एक पहचान। मोदी ने अपने विमुद्रीकरण कदम में भारतीय रिजर्व बैंक को दरकिनार कर दिया, और ट्रम्प ने नियमित रूप से अपने अधिकारियों को बर्खास्त कर दिया या चुप करा दिया। संस्थानों को कमज़ोर करना आकस्मिक नहीं है – यह उनकी शक्ति का केंद्र है। दोनों नेता 'हम बनाम वे' की गतिशीलता बनाने में सफल होते हैं, जहां संस्थानों को एक पुरानी, अप्रभावी व्यवस्था के अवशेष के रूप में पेश किया जाता है, और नेता लोगों की एकमात्र सच्ची आवाज़ के रूप में उभरता है।

# डिजिटल मीडिया : अनछुए मसलों को उजागर करने का तंत्र

■ अमन नम्र

तेजी से बढ़ती तकनीकी प्रगति और बदलते उपभोग पैटर्न के दौर में, भारत में डिजिटल मीडिया का उदय किसी क्रांति से कम नहीं है। पारंपरिक टेलीविजन, जिसे अक्सर 'बुद्धू बक्सा' कहा जाता है, अपनी जगह खोता जा रहा है। डिजिटल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म न केवल दर्शकों का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं, बल्कि मीडिया परिदृश्य को भी नया आकार दे रहे हैं। व्यवसायियों की संस्था 'फिक्की-ईवाई' की एक हालिया रिपोर्ट बताती है कि भारत का डिजिटल मीडिया उद्योग 17फीसदी की प्रभावशाली दर से बढ़ रहा है और 2025 तक 802 अरब रुपयों तक पहुंच जाएगा। यह एक महत्वपूर्ण बदलाव है, जिसमें डिजिटल मीडिया अब समग्र मीडिया और मनोरंजन में 32फीसदी का योगदान देता है, लेकिन टेलीविजन उद्योग के लिए इस वृद्धि का क्या मतलब है और यह परिवर्तन अभी क्यों हो रहा है?

पारंपरिक टेलीविजन का पतन-जब भारत के सबसे सम्मानित पत्रकारों में से एक रवीश कुमार ने तीन साल पहले 'एनडीटीवी' से इस्तीफा देते वक्त अपने दर्शकों से टेलीविजन देखना बंद करने के लिए कहा था, तो कई लोगों ने इसे भारतीय मीडिया की स्थिति से निराश व्यक्ति का एक सनकी बयान माना था। फिर भी, रवीश खुद इस बात का जीता-जागता उदाहरण बन गए कि कैसे डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म न केवल एक विकल्प, बल्कि मीडिया जुड़ाव के लिए एक ज़्यादा मुनाफ़े वाला और विश्वसनीय ज़रिया पेश कर सकते हैं। 'एनडीटीवी' में अपनी भूमिका से लेकर अपना खुद का 'यू-ट्यूब' चैनल शुरू करने तक, रवीश कुमार की आय और प्रभाव दोनों में वृद्धि डिजिटल मीडिया की शक्ति का प्रमाण है।

> डिजिटल मीडिया का विकास ठीक इसी वजह से हुआ है क्योंकि यह ज़्यादा व्यक्तिगत और संवाद के अनुभव प्रदान करता है। डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म कंटेंट क्रिएटर्स को खास दर्शकों को ध्यान में रखकर ज़्यादा सार्थक, विविधतापूर्ण और गहन कंटेंट बनाने की अनुमति देते हैं। चाहे वह 'यू-ट्यूब' पर खोजी पत्रकारिता हो या विशेष समाचार वेबसाइट। ये सभी अब देश की नब्ज़ पहचान रहे हैं, आम नागरिकों से जुड़े ऐसे मुद्दों पर ध्यान दे रहे हैं।

तो, टेलीविज़न के साथ क्या ग़लत हुआ? जबकि टीवी कभी सार्वजनिक चर्चा को आकार देने में प्रमुख शक्ति था, लेकिन यह दर्शकों की बदलती प्राथमिकताओं के अनुकूल होने से खुद को दूर करता चला गया। 'बुद्धू बक्सा' उपनाम, जिसे कभी एक मज़ाक के रूप में देखा जाता था, अब उन लाखों लोगों की भावनाओं को दर्शाता है जिनका लगभग हर टीवी न्यूज चैनल पर लगातार चल रहे सनसनीखेज, एजेंडा-संचालित प्रसारण से मोहभंग हो चुका है। कॉरपोरेट समर्थित टीवी चैनल, अपने अति-पक्षपातपूर्ण एंकर और चीखती-चिल्लाती, कई बार मार-पीट तक में तब्दील होती बहसों के साथ, अपने दर्शकों की ज़रूरतों और इच्छाओं से जुड़े रहने में विफल रहे। जैसे-जैसे टीवी समाचार तथ्य-आधारित रिपोर्टिंग से रेटिंग बढ़ाने के लिए आवेशित चर्चाओं में तब्दील हुआ, इसने अपनी विश्वसनीयता और प्रासंगिकता खोना शुरू कर दिया।

इसके विपरीत, डिजिटल मीडिया का विकास ठीक इसी वजह से हुआ है क्योंकि यह ज़्यादा व्यक्तिगत और संवाद के अनुभव प्रदान करता है। डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म कंटेंट क्रिएटर्स को खास दर्शकों को ध्यान में रखकर ज़्यादा सार्थक, विविधतापूर्ण और गहन कंटेंट बनाने की अनुमति देते हैं। चाहे वह 'यू-ट्यूब' पर खोजी पत्रकारिता हो या विशेष समाचार वेबसाइट। ये सभी अब देश की नब्ज़ पहचान रहे हैं, आम नागरिकों से जुड़े ऐसे मुद्दों पर ध्यान दे रहे हैं जिन्हें अक्सर मुख्यधारा के मीडिया द्वारा दरकिनार कर दिया जाता है।

डिजिटल मीडिया की अभूतपूर्व वृद्धि-भारत में इंटरनेट की पहुंच का विस्तार, साथ ही किफायती स्मार्टफोन का प्रसार, इस वृद्धि का एक प्रमुख कारण रहा है। 2023 तक, भारत में 80 करोड़ से अधिक इंटरनेट उपयोगकर्ता थे, जिनमें एक बड़ा प्रतिशत मोबाइल उपकरणों के माध्यम से सामग्री तक पहुंच रहा था। इसने वीडियो स्ट्रीमिंग, पॉडकास्ट और उपयोगकर्ता-जनित सामग्री सहित नए मीडिया प्रारूपों के फलने-फूलने का मार्ग प्रशस्त किया है। 'यू-ट्यूब,' 'इंस्टाग्राम' और 'वाट्सएप' जैसे प्लेटफ़ॉर्म केवल मनोरंजन के स्रोत नहीं हैं; वे समाचार प्रसार, सामाजिक जुड़ाव और सक्रियता के लिए आवश्यक उपकरण बन गए हैं।

चूंकि पारंपरिक टीवी नेटवर्क उच्च-लागत वाले प्रसारण ढांचे पर निर्भर रहता है, इसलिए डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म सस्ते और चुस्त विकल्प के रूप में उभरे हैं। डिजिटल मीडिया का लचीलापन इसे विभिन्न प्रकार के दर्शकों को संतुष्ट करने की सुविधा देता है, जिससे यह अधिक समावेशी और विविध बन जाता है। चाहे 'यू-ट्यूब' पर लंबे-चौड़े वृत्तचित्र हों या सोशल मीडिया पर त्वरित अपडेट, डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म युवा, तकनीक-प्रेमी दर्शकों की आदतों के अनुकूल होते हैं।

डिजिटल मीडिया की राष्ट्र की नब्ज़ से जुड़ने की अपील -पिछले एक दशक में, अनगिनत 'यू-ट्यूब' चैनलों, ब्लॉग और स्वतंत्र मीडिया संगठनों ने महत्वपूर्ण मुद्दों पर प्रकाश डाला है। दलितों और आदिवासियों के अधिकार, सरकारी भ्रष्टाचार, श्रम अधिकार, पर्यावरण प्रदूषण और जल, जंगल, जमीन जैसे प्राकृतिक संसाधनों के दोहन के मुद्दे। ये डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म अक्सर पारंपरिक मीडिया आउटलेट की तुलना में बहुत कम संसाधनों के साथ काम करते हैं, फिर भी आम लोगों की कहानियों को उजागर करके शक्तिशाली संस्थानों को जवाबदेह ठहराने की उनकी क्षमता ने आधुनिक मीडिया परिदृश्य में उन्हें अपरिहार्य बना दिया है।

टीवी चैनल के व्यावसायिक हितों के मुकाबले डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म ने हाशिए के समुदायों-आदिवासियों, दलितों, किसानों, अल्पसंख्यकों और महिलाओं के संघर्षों को सफलतापूर्वक प्रदर्शित किया है। पैरवी और बदलाव में डिजिटल मीडिया की भूमिका जैसे-जैसे बढ़ती जा रही है, सामाजिक और राजनीतिक अभिव्यक्ति को आकार देने में इसकी भूमिका अधिक स्पष्ट होती जा रही है। अब जबकि डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म ने विविध आवाज़ों और एजेंडों के लिए सफलतापूर्वक जगह बना ली है, तो समय आ गया है कि ये प्लेटफ़ॉर्म सिर्फ़ रिपोर्टिंग से आगे बढ़कर वकालत में सक्रिय भागीदार बनें।

सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में से एक जहां डिजिटल मीडिया प्रभाव डाल सकता है, वह है जनमत को संगठित करना और नीति परिवर्तन के लिए दबाव डालना। भारत-जल-संरक्षण और कृषि भूमि की बदहाली से लेकर महिलाओं की सुरक्षा और युवाओं के लिए रोज़गार के अवसर पैदा करने तक कई मुद्दों से जूझ रहा है, जबकि टीवी पर होने वाली बहसें अक्सर सनसनीखेज होती हैं। ऐसे में डिजिटल मीडिया अभियान आयोजित करने, गठबंधन बनाने और नीति निर्माताओं पर कार्रवाई करने के लिए दबाव बनाने में कारगर भूमिका निभा सकता है।

इसके अलावा, डिजिटल मीडिया भारतीय समाज में व्याप्त विभाजनकारी आख्यानों को खत्म करने की एक ताकत हो सकती है, खासकर धार्मिक और जाति-आधारित विभाजन से जुड़े मुद्दों पर। मुख्यधारा के टीवी ने अक्सर इन विभाजनों को गहरा करने में योगदान दिया है, जिसमें एंकर डर और नफ़रत को बढ़ावा देने वाले एजेंडे को आगे बढ़ाते हैं। दूसरी ओर, डिजिटल मीडिया में एकता, सहिष्णुता और समावेशिता को बढ़ावा देने वाले प्रति-आख्यान प्रस्तुत करने की क्षमता है। यह ऐसी नीतियों की वकालत कर सकता है जो जाति, धर्म या आर्थिक स्थिति से परे समाज के सभी वर्गों को लाभ पहुंचाती हों।

डिजिटल मीडिया की जिम्मेदारियां बढ़ती जा रही हैं-डिजिटल मीडिया के लिए अगला कदम अपने दृष्टिकोण को परिष्कृत करना और दर्शकों के साथ और भी मज़बूत संबंध बनाने पर ध्यान केंद्रित करना है। उसे यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वह सटीक, सहानुभूति-पूर्ण और साक्ष्य-आधारित वकालत के साथ मुद्दों को प्रस्तुत करे। 'फिक्की-ईवाई' की रिपोर्ट डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म को सामाजिक परिवर्तन का वाहक बनने पर प्रकाश डालती है। महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करके-जैसे कि रोज़गार सृजन, महिलाओं की सुरक्षा, शिक्षा और पर्यावरणीय स्थिरता – डिजिटल मीडिया सशक्त नागरिक बनाने में योगदान दे सकता है।

डिजिटल मीडिया को सिर्फ़ राजस्व और दर्शकों की संख्या के आधार पर नहीं मापा जाएगा, बल्कि एक ज़्यादा समतापूर्ण और न्यायपूर्ण समाज को आकार देने की इसकी क्षमता से भी मापा जाएगा। जैसे-जैसे डिजिटल मीडिया उद्योग आगे बढ़ेगा, लोकतांत्रिक संस्थानों को जवाबदेह बनाने और देश की बड़ी चुनौतियों के समाधान प्रदान करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। अब समय आ गया है कि डिजिटल मीडिया सिर्फ़ एक विकल्प के तौर पर ही नहीं, बल्कि मीडिया के भविष्य के तौर पर भी आगे आए।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**



## ललित सुरजन की कलम से

### अगला राष्ट्रपति कौन होगा?

*'जहां तक अकादमिक क्षेत्र से प्रत्याशी लेने की बात है तो भाजपा के पास ऐसा कोई व्यक्ति दिखाई नहीं देता जिसकी अकादमिक क्षेत्र में अखिल भारतीय स्तर पर प्रतिष्ठा हो। अर्थशास्त्री जगदीश भगवती का नाम ध्यान आता है, लेकिन क्या राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री दोनों गुजरात से हो सकेंगे? हमें यह भी नहीं पता कि प्रोफेसर भगवती भारत के नागरिक हैं या अमेरिका के? वैसे किसी अकादमिक को राष्ट्रपति बनाने की परंपरा डॉ. जाकिर हुसैन के बाद से समाप्त हो चुकी है। बाद के राष्ट्रपतियों में कुछ की विद्वता पर संदेह नहीं, लेकिन अकादमिक वातावरण से उन्होंने बहुत पहले अवकाश ले लिया था। जहां तक किसी न्यायाधीश को नियुक्त करने की बात है तो जस्टिस गोपाल स्वरूप पाठक और जस्टिस एन. हिदायतुल्ला कांग्रेस के दौर में उपराष्ट्रपति तो बने, राष्ट्रपति बनने का अवसर उन्हें भी नहीं दिया गया। जनसंघ ने अवश्य जस्टिस कोका सुब्बाराव को 1967 में राष्ट्रपति पद के लिए खड़ा किया था लेकिन वे चुनाव हार गए थे।'*

**(देशबन्धु में 24 मार्च 2016 को प्रकाशित)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2016/03/blog-post_24.html

## पावन प्रसंग

### सुख का मूल है- शांति और संतोष

जीवन में असंतोष और अशांति क्यों पैदा होते हैं? इसका कोई एक उत्तर नहीं दिया जा सकता। मानव जीवन में दृश्य-अदृश्य ऐसे बहुत-से कारण हैं, जो अशांति और असंतोष पैदा कर देते हैं, फिर भी मनुष्य की दुविधामय स्थिति, यथार्थ से आंखें मूंदकर कल्पनालोक में विचरण करना, जीवन जीने का अस्वाभाविक मार्ग अपनाना, तृष्णा, अपने आप के प्रति अनजान रहना, असंतुलित मन, निरुद्देश्य जीवन ऐसे मुख्य कारण हैं; जिनसे मनुष्य जीवन अशांत और असंतुष्ट रहता है।

अशांति, असंतोष मनुष्य के जीवन में तब पैदा हो जाते हैं, जब उसके आंतरिक और बाह्य मन में एकता-समता नहीं होती है। अंतर्मन कुछ और चाहे और बाह्य मन कुछ और करे। ऐसे लोग असंतुष्ट और अशांत ही रहते हैं, जो दुविधा की स्थिति में पड़े रहते हैं। कई व्यक्ति अंतर्मन से बड़े आदर्शवादी होते हैं। लेकिन बाह्य मन की प्रेरणा से अपने आदर्श के प्रतिकूल कार्य कर बैठते हैं। कई बार मनुष्य की नैतिक बुद्धि प्रबल होती है; लेकिन असंस्कृत मन पूर्व अभ्यास-संस्कार के कारण अनैतिक कार्य की प्रेरणा देकर मनुष्य को प्रवृत्त कर देता है और यही द्वंद्वात्मक स्थिति मनुष्य की अशांति, असंतोष का कारण बन जाती है। इससे कई शारीरिक-मानसिक बीमारियां भी उत्पन्न हो जाती हैं। मन की शांति और संतोष के लिए इस तरह की दुविधा को मिटाकर अपने अंतर-बाह्य मन में सामंजस्य पैदा करना आवश्यक है। जैसा भीतर हो, वैसा ही बाहर। इस तरह की एकरूपता जितनी होगी; उतनी ही मनुष्य में प्रसन्नता, शांति, संतोष की वृद्धि होगी।

असंतोष का एक मुख्य कारण है, अपनी यथार्थ स्थिति को भूल जाना; वास्तविकता से आंखें मूंदकर किसी के कहे, सुने या कल्पित स्वरूप में अपने आप को समझने, देखने की भूल कर बैठना। बहुत-से लोगों को इसी कारण जीवनभर अशांति और असंतोष का सामना करना पड़ता है। अपनी सहज-स्वाभाविक स्थिति को भुलाकर लोग जब जीवन का अस्वाभाविक मार्ग अपनाते हैं, अपनी सीमा से कुछ अधिक की आकांक्षाएं रखते हैं, तो उन्हें असंतुष्ट रहना पड़ता है; क्योंकि प्रकृति का एक नियम है कि क्रमिक विकास से ही सब उच्च कक्षाओं में, स्थितियों में पहुंचते हैं। बचपन से कोई अचानक वृद्धावस्था में नहीं पहुंच जाता। उगते हुए पेड़ में ही फल नहीं आ जाते। अभी किशोरावस्था में ही पहुंचे हैं कि दूसरों के कहे-सुने अनुसार लोग बड़े दार्शनिक, धार्मिक बन जाने की धारणा कर बैठते हैं। लेकिन उनकी प्राकृतिक स्थिति इससे भिन्न होती है, वह उछल-कूद सीखना, सृजन करना आदि प्रवृत्ति प्रधान कार्यों में लगना चाहती है। वे जबरन इन पर रोक लगाते हैं, फलत: उनकी प्रकृति एवं अस्वाभाविक प्रवृत्तियों पर वह नाश कर देता है।

**-युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

### दिशाहीन भीड़ की मानसिकता से समाज को सर्वाधिक खतरा

भीड़ तंत्र अस्थायी रूप से समान मूल्यों तथा भावनाओं की पहचान के साथ जुड़े अलग-अलग समूहों के लोगों का शामिल एक बड़ा समूह है। भीड़ की कोई अपनी शक्ल नहीं होती एवं भीड़ की कोई पहचान भी नहीं होती है। इसके उद्देश्य तत्कालिक होते हैं, यह भी हो सकता है कि भीड़ में जो एक क्षण पहले नायक हुआ करता था, वह अगले ही पल उस समूह का पीड़ित व्यक्ति भी हो सकता है। इतिहास में इसके कई उदाहरण है जहां भीड़ ने अपने नेता को पद से हटाकर उसकी विनाश लीला ही रचा दी थी। फ्रांस का शासक रोबेस्पीयर इसका एक बहुत बड़ा उदाहरण है और सिगमंड फ्रायड के अनुसार भीड़ में व्यक्ति अपने सारे मूल्य खोकर आदिम काल में पहुंच जाता है, और भीड़ में कोई धर्म नहीं रह जाता है। कार्यपालिका तथा न्यायपालिका की लेटलतीफी के कारण भीड़ को कानून का भय लगभग समाप्त हो गया है। धर्म की स्वतंत्रता के अधिकार का स्पष्ट उल्लंघन कर किसी विशेष धर्म के लोगों को खानपान तथा व्यंजन के आधार पर कथित लोगों द्वारा किसी को भी निशाना बना कर उसकी हत्या कर दी जाती है, यह देश के लिए अत्यंत दुर्भाग्यजनक है। रही सही कसर सोशल मीडिया पूरा कर रहा है, फर्जी समाचार तथा राजनीतिक दल का होने के कारण सोशल मीडिया कई बार किसी विशेष वर्ग के द्वारा राजनीतिक संरक्षण में संचालित किया जा रहा है। लोकतंत्र का बहुत महत्वपूर्ण हिस्सा चौथा स्तंभ मीडिया भी जन जागरूकता के प्रचार प्रसार के बजाय घटनाओं को धर्म तथा वर्ग के आधार पर विशेष वर्ग के हितों को प्रचारित प्रसारित करता है, जो इस आदिम कॉल की व्यवस्था को पुष्पित पल्लवित करता है। भावनात्मक बुद्धिमत्ता का प्रयोग सामाजिक विकास न्याय के स्थान पर अन्याय प्रवृति की तरफ बढ़ता नजर आ रहा है। मॉब लिंचिंग के कारण समाज में हिंसा की घटनाएं बढ़ने लगी है,इससे समाज की संस्कृति को दीर्घकालिक क्षति होगी। इस तरह भीड़ तंत्र के द्वारा की गई हिंसक घटनाओं तथा हत्या से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की साख में गिरावट भी होती है, एवं आर्थिक क्षेत्र में निवेश पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। इसी तरह हिंसक घटनाओं से पलायन तथा संसाधनों के विकास पर बाधा पड़ने से सामाजिक तथा आर्थिक क्षमता को बढ़ावा मिलता है।

भारत में स्वतंत्रता संग्राम भी सामूहिक भीड़ के माध्यम से ही जीता था,फ्रांस तथा रूस में भी भीड़ द्वारा सकारात्मक भूमिका निभाकर अनैतिक तथा अवैधानिक शासन तंत्र को खत्म किया था। भीड़ तंत्र द्वारा ही करप्शन अगेंस्ट इंडिया चलाकर का भी कुछ सफलता प्राप्त की थी। इस भीड़ तंत्र के न्याय की नकारात्मक भूमिका आज की स्थिति में ज्यादा है। अत: हमें इसे प्रोत्साहित नहीं करना चाहिए। भीड़तंत्र तथा मॉब लिंचिंग को एक घनघोर सामाजिक बुराई समझकर सामाजिक संगठनों नागरिकों एवं शासन तंत्र द्वारा एक अभियान चलाकर ऐसे लोगों को हतोत्साहित कर कठोर कानून बनाकर इसे नियंत्रित किया जाना चाहिए।

**-संजीव ठाकुर**

# सीवर लाइन की खुदाई बनी शहर के लिये गंभीर समस्या

## गढ़ा के शाही नाका से गौतम मढ़िया के मार्ग पर लग रहा वाहनों का जाम



**जबलपुर, देशबन्धु।** नगर में इन दिनों सड़कों के किनारे सीवर लाइन की खुदाई अब आम जनों के लिये मुसीबत बन गई है। एक जगह नहीं बल्कि शहर में मुख्य मार्गों और रिहायशी इलाकों में कई-कई दिनों तक पाइप बिछाने का काम चलता है। इससे सड़क की चौड़ाई कम हो जाती है। पहले से ही वाहनों की संख्या के चलते असुविधा व्याप्त है, वहीं सीवर बिछाने के लिये की जाने वाली खुदाई से सड़कों पर दोनो ओर जाम लग रहा है।

उल्लेखनीय है कि उपनगरीय क्षेत्र गढ़ा में साही नाका से गौतम मढ़िया की तरफ जाने वाले मार्ग पर पाइप डालने का काम किया जा रहा है। इससे मार्ग सकरा हो गया है। यहां से मेडीकल कॉलेज एवं धनवंतरी नगर की तरफ आने जाने वाले वाहन चालक बहुतायत में निकलते हैं। जब से सीवर लाइन का काम शुरू हुआ है, यहां पर दिन में कई बार वाहन चालकों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

देशबन्धु खबर

**एम्बूलेंस निकलने तक की जगह नहीं-** उस दौरान विषम स्थिति निर्मित हो जाती है, जब गंभीर बीमारी से पीड़ित मरीज को मेडीकल कॉलेज ले जाने एम्बूलेंस जैसे वाहन को आगे निकलने की जगह नहीं मिलती है। सायरन बजता रहता है, लेकिन चाहकर वाहन चालक पीछे आने वाली एम्बूलेंस को रास्ता देने में असमर्थ रहते हैं। इससे कई बार उपचार में देरी से मरीज की जान पर बन आती है।

**रात्रिकालीन पॉरी में कार्य होना चाहिये-** जानकारों का कहना है कि व्यस्त मार्ग माने जाने वाले इलाकों में दिन की बजाय रात्रि में सीवर लाइन के पाइप डालने का काम किया जाना चाहिये। इस समय वाहनों की संख्या सीमित रहती है, एक्का दुक्का वाहनों के आने जाने का सिलसिला चलता है। जिसके चलते राहगीरों को दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा। इस दिशा में संबंधित विभाग के आला अधिकारियों को ध्यान देने की जरूरत है।

# संस्था का हित सर्वोपरि होना चाहिए : प्रहलाद सिंह पटेल

**जबलपुर, देशबन्धु।** रानी दुर्गावती विष्वविद्यालय शैक्षणेत्तर कर्मचारी संघ का 58वॉं शपथ विधि समारोह प्रहलाद सिंह पटेल, केबिनेट मंत्री, म.प्र. शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के मुख्य आतिथ्य, विधायक अशोक रोहाणी के सारस्वत आतिथ्य, माननीय कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा की अध्यक्षता, श्री राकेश सिंह गुर्जर, प्रांताध्यक्ष म.प्र. विश्वविद्यालयीन कर्मचारी महासंघ एवं कुलसचिव डॉ. आर.के. बघेल के विशिष्ट आतिथ्य में विश्वविद्यालय के पं. कुंजीलाल दुबे प्रेक्षागृह में भव्यता के साथ आयोजित किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि माननीय मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में कहा कि व्यक्ति से ब?ा संगठन होता है और संगठन से बडा देश होता है। अतः आपके लिए संस्था अर्थात् विश्वविद्यालय का हित सर्वोपरि होना चाहिए। माननीय विधायक अशोक रोहाणी ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि पूरी निष्ठा से कर्मचारियों के हित में कार्य कीजिए।

समारोह में कर्मचारी संघ अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह पटेल, महासचिव राजेन्द्र शुक्ल एवं कार्यकारिणी सदस्यों श्री जयशंकर पाण्डेय, प्रवीण जयसवाल, डॉ. संजय तिवारी, विक्रम उइके, राजेन्द्र कनौजिया, रजनीश पाण्डेय, श्री ओमप्रकाश शुक्ला आदि ने माननीय अतिथियों का पुष्पमाला से सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ के उपाध्यक्ष प्रेम प्रकाश पुरोहित द्वारा किया गया।



# प्रसिद्ध कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. अखिलेश दुबे को राष्ट्र गौरव सम्मान

**जबलपुर, देशबन्धु।** विप्र सेवा संघ द्वारा गत दिवस रीवा के चिराहुला मंदिर में देश के 30 प्रतिष्ठित नागरिकों को राष्ट्रीय गौरव सम्मान प्रदान किया गया। इस अवसर पर नगर के प्रतिष्ठित कार्डियोलॉजिस्ट व गैलेक्सी हॉस्पिटल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. अखिलेश दुबे को स्वास्थ्य सेवाओं में योगदान के लिए राष्ट्र गौरव सम्मान प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि डॉ. दुबे हृदय चिकित्सा के क्षेत्र में प्रदेश व महाकौशल का जाना माना नाम है। बच्चों की हार्ट सर्जरी के क्षेत्र में उन्होंने विशेष उपलब्धि हासिल की है। एक चिकित्सक के तौर पर स्वास्थ्य सेवाओं के माध्यम से वे अपना दायित्व बखूबी निभा रहे हैं। इन्हीं उपलब्धियों के चलते समारोह में उन्हें उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने सम्मानित किया। इस अवसर पर विप्र सेवा संघ के अध्यक्ष राजीव शुक्ला मौजूद रहे। अध्यक्ष श्री शुक्ला ने बताया कि समारोह में स्वास्थ्य के क्षेत्र में सर गंगाराम हॉस्पिटल के डॉ. वेद चतुर्वेदी भी सम्मानित हुए। इसके अलावा देश के लिए अहम योगदान देने वाली हस्तियों को समारोह में राष्ट्रीय गौरव पुरस्कार से नवाजा गया। उल्लेखनीय है कि समारोह के दौरान विप्र सेवा संघ द्वारा निजी व्यय से निर्मित धर्मशाला में संगीतमय भागवत व नि:शुल्क मेडिकल कैंप भी आयोजित किया गया।

# सराफा एसोसिएशन का शपथ ग्रहण समारोह आज

**जबलपुर,देशबन्धु।** सराफा एसोसिएशन जबलपुर नवीन सत्र 2025 - 27 की नवीन कार्यकारिणी का *शपथ ग्रहण समारोह आज मंगलवार 8 अप्रैल को दोपहर 12: 30 से महेश भवन गोपाल बाग मे आयोजित है।

इस शपथ ग्रहण समारोह के अतिथि जबलपुर के जिला कलेक्टर दीपक सक्सेना, एसपी संपत उपाध्याय, नगर निगम आयुक्त कमिश्नर प्रीति यादव महाकौशल चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष रवि गुप्ता, जबलपुर चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष प्रेम दुबे , कैट के प्रदेश उपाध्यक्ष जितेंद्र पचौरी, मध्य प्रदेश चेंबर ऑफ कॉमर्स के हिमांशु खरे, म प्र सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष व निवर्तमान अध्यक्ष राजा सराफ, निवर्तमान सचिव राजेश सराफ, चुनाव अधिकारी सुरेश सराफ, कैलाश ताम्रकार, एड. सुनील सोनी के आतिथ्य में संपन्न होगा। इस कार्यक्रम में सभी जबलपुर सराफा एसोसिएशन के सदस्य व सराफा व्यापारी उपस्थिती की अपील नव नियुक्त अध्यक्ष अजय बख्तावर, मंत्री अमित अग्रवाल कोषाध्यक्ष, ओम सोनी उपाध्यक्ष, नवीन सराफ, महेंद्र ओसवाल, सह मंत्री के के सुहाने, विवेक अग्रवाल व सभी कार्यकारणी सदस्यो ने की है।

# पश्चिम विधानसभा में भाजपा सक्रिय सदस्य सम्मेलन आज

**जबलपुर, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी स्थापना दिवस के कार्यक्रमों के क्रम में जिले की हर विधानसभा में सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन आयोजित किया जाना है, इसी तारतम्य में पश्चिम विधानसभा का सक्रिय सदस्य सम्मेलन लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के मुख्य आतिथ्य, जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर की अध्यक्षता एवं नगर निगम अध्यक्ष श्री रिंकू विज के विशिष्ट आतिथ्य कल मंगलवार 8 अप्रैल को शाम 5 बजे विधानसभा कार्यालय नागपाल गार्डन मदनमहल में आयोजित है। सक्रिय सदस्य सम्मेलन में पश्चिम विधानसभा के पांचों मंडलों के सक्रिय सदस्य उपस्थित होंगे।

# विश्व योग, ध्यान एवं णमोकार मंत्र दिवस 9 अप्रेल को, तैयारी पूरी

## प्रधानमंत्री मोदी विज्ञान भवन से होंगे सहभागी



**जबलपुर, देशन्धु।** 9 अप्रैल को आयोजित होने वाले विश्व योग, ध्यान एवं णमोकार मंत्र दिवस के उपलक्ष्य में जबलपुर में विशेष आयोजन की तैयारियां जोरों पर हैं। जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन के जबलपुर चैप्टर के अध्यक्ष राहुल बड़कुल ने बताया कि यह कार्यक्रम सुबह 6:30 बजे पंडित रविशंकर शुक्ल राइट टाउन स्टेडियम में योग एवं ध्यान के साथ प्रारंभ होगा। योग एवं ध्यान सत्र के लिए मुंबई और पतंजलि योग केंद्र से विशेष प्रशिक्षक आमंत्रित किए गए हैं। आचार्य समय सागर महाराज एवं उनके संघ के 30 से अधिक मुनि और माताजी इस कार्यक्रम में आशीर्वाद देने उपस्थित होंगे।

महासचिव आशीष वर्धमान कोठारी ने बताया कि सुबह कार्यक्रम का शुभारंभ योग, ध्यान होगा, जिसमें आचार्य श्री के आशीर्वचन का श्रवण करने का अवसर मिलेगा,सुबह 8: 27 बजे भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअली इस कार्यक्रम से जुड़ेंगे। संयोजक शैलेश जैन आदिनाथ ने बताया कि बैठने की व्यवस्था को सुचारु बनाने और योग, ध्यान सत्र के लिए स्थल पर विशेष प्रबंध किए गए हैं। पूर्व अध्यक्ष चौधरी सुबोध जैन ने सभी से अनुरोध किया कि समय से पूर्व उपस्थित होकर योग एवं ध्यान में सहभागिता करें। कार्यक्रम में श्री दिगंबर जैन पंचायत सभा, श्री श्वेतांबर जैन समाज, जैन नवयुवक सभा, दिगंबर जैन संरक्षण सभा सहित श्वेतांबर एवं दिगंबर पंथ की सभी सामाजिक संस्थाएं शामिल होंगी। विनीता बड़कुल एवं नीलिमा जैन ने बताया कि महिलाएं पीले या केसरिया वस्त्र पहनेंगी।

# माँ मुरादें पूरी करदे, हलुआ बाटूंगी सीनियर सिटीजन ने गाये देवी गीत



**जबलपुर, देशबन्धु।** मैया मोसे चढ़े न जाये देवी रे तोरे मंदिरवा, ओ मां शेरा बाली, माँ मुरादें पूरी करदे, हलुआ बाटूंगी सहित सेम सीनियर सिटीजन क्लब के महिला सदस्यों ने प्रस्तुति दी। ढोल की थाप पर सभी सीनियर भक्ति भाव से झूम उठे। अवसर का क्लब जादूगर एस के निगम संयोजन में राम नवमी महोत्सव भक्ति गीतों की एक शाम का। जिसमें जसवीर चोपडा, रश्मि श्रीवास्तव, सुनीता शुक्ला, प्रभा बच्चन श्रीवास्तव, लक्ष्मी राजपूत, आरती जैसवाल, भावासी, रूपा तिवारी, आशा, राणा, बजाज सहित रेड ड्रेस कोड पर जब गीतों की प्रस्तुती हुई तो सदम्य भक्ति भाव में झूमने लगे। कार्यक्रम का संचालन बच्चन श्रीवास्तव एवं आभार नीरज शुक्ला ने किया। इस अवसर पर रिटार्यड पुलिस अधीक्षक गोपाल खांडेल, हास्य कवि अभिमन्यु जैन, मेहदी दत्ता, प्रमोद जैन ने भी बढ- चढ कर हिस्सा लिया।

# जन सुविधा केंद्र का 48 वां स्वास्थ्य शिविर आज

**जबलपुर, देशबन्धु।** जन सुविधा केंद्र कार्यालय रावण पार्क के पास रांझी में मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव समाजसेवी सुधीर सोनू दुबे द्वारा लगाया जा रहा है, 8 अप्रैल मंगलवार सुबह 10 से शाम 3 बजे तक विशाल स्वास्थ्य शिविर जिसमें नेत्र रोग विशेषज्ञ पवन स्थापक एवं जिला चिकित्सालय विक्टोरिया की टीम द्वारा नेत्र परीक्षण एवं निशुल्क मोतियाबिंद कांचियाबिंद ऑपरेशन ,दंत चिकित्सा डॉक्टर अखिलेश मूलचंदानी द्वारा दंत रोग समस्या उपचार, चर्म रोग विशेषज्ञ डॉक्टर आयुषी करसोलिया द्वारा चर्म रोग समस्या का निवारण एवं महिला चिकित्सक डॉक्टर सीमा राय द्वारा महिलाओं का निशुल्क उपचार किया जाएगा

शिविर में जिसमें निशुल्क चश्मा वितरण, निशुल्क दवाइयां का वितरण किया जाएगा अधिक संख्या में पहुंचकर इस सुविधा का लाभ लें।

# जिले में पोषण पखवाड़ा का आयोजन आज से

**जबलपुर, देशबन्धु।** राज्य शासन के निर्देशानुसार कुपोषण मुक्त समाज के निर्माण और जन समुदाय में पोषण के प्रति जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विभिन्न विभागों के समन्वय से जिले में 8 अप्रैल से 22 अप्रैल तक पोषण पखवाडा के सातवें संस्करण का आयोजन किया जायेगा।

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास मनीष सेठ के अनुसार पोषण पखवाडा के आयोजन को लेकर एकीकृत बाल विकास परियोजनाओं में पर्यवेक्षकों तथा आंगनबाडी कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। इन बैठकों में पोषण पखवाड़ा के आयोजन रूपरेखा पर विचार विमर्श किया गया जरूरी निर्देश दिये गये। श्री सेठ ने बताया कि इस बार आयोजित किया जा रहा पोषण पखवाडा की मुख्य थीम जीवन के प्रथम एक हजार दिवस में केंद्रित गतिविधियां, लाभार्थी मॉड्यूल को लोकप्रिय बनाने हेतु व्यापक प्रचार प्रसार, समुदाय आधारित तथा पोषण प्रबंधन मॉड्यूल के माध्यम से कुपोषण का प्रबंधन, बच्चों में मोटापे को दूर करने के लिए स्वस्थ जीवन शैली को अपनाने पर बल दिया जाना है। उन्होंने बताया कि पखवाड़ा के अंतर्गत थीम आधारित आयोजित की जाने वाली गतिविधियों को कैलेंडर के संबंध में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को भी अवगत करा दिया गया है।

पोषण पखवाड़ा के दौरान पोषण शपथ तथा नारे लेखन के माध्यम से भी जन समुदाय को जागरूक किया जायेगा।

# जिला दण्डाधिकारी ने लगाया नरवाई जलाने पर प्रतिबंध

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिला दण्डाधिकारी एवं कलेक्टर दीपक सक्सेना ने कृषि भूमि को होने वाले नुकसान और पर्यावरण को पहुंचने वाली क्षति के मद्देनजर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता - 2023 के प्रावधानों के तहत आदेश जारी कर जिले में नरवाई जलाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। आदेश में गेहूँ फसल की कटाई में प्रयुक्त किये जा रहे कम्बाइन्ड हार्वेस्टर के साथ भूसा तैयार करने के लिये स्ट्रा रीपर को रखना भी अनिवार्य कर दिया गया है।

प्रतिबंधात्मक आदेश में कहा गया है कि वर्तमान में गेहूं की फसल कटाई का कार्य मुख्यत¬ कम्बाइन्ड हार्वेस्टर द्वारा किया जाता है और कटाई के बाद बचे हुए गेहूं के डंठलों (नरवाई) से भूसा न बनाकर इसे जलाया जाता है। जबकि भूसे का उपयोग पशु आहार के साथ ही अन्य उद्योग में किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त भूसे एवं चारा की मांग अन्य जिलों और प्रदेश में रहती है। पर्याप्त मात्रा में भूसा.पैरा उपलब्ध न होने के कारण पशु अन्य हानिकारक पदार्थ जैसे पॉलिथीन इत्यादि खाकर बीमार होते हैं और अनेक बार मृत्यु के कारण पशुधन की हानि भी होती है। नरवाई का भूसा कुछ माह बाद दोगुनी दर पर विक्रय होने के कारण किसानों को यही भूसा बढ़ी हुई दर पर क्रय करना पड़ता है।

आदेश में कहा गया है कि नरवाई एवं पैरा में आग लगाना कृषि के लिए नुकसानदायक होने के साथ ही पर्यावरण की दृष्टि से भी हानिकारक है। इसके कारण गंभीर स्वरूप की अग्नि दुर्घटना होने से संपत्ति की हानि भी होती है। ग्रीष्मकाल में बड़ते जल संकट में बढोत्तरी का कारक होने के साथ ही इससे कानून-व्यवस्था के लिए विपरीत परिस्थितियां निर्मित होती हैं। इसके अलावा खेत की आग के अनियंत्रित होने पर जन-धन, संपत्ति, प्राकृतिक, वनस्पति और जीव-जन्तु नष्ट होने से व्यापक नुकसान भी होता है तथा नरवाई जलाने से खेत की मिट्टी में प्राकृतिक रूप से पाए जाने वाले लाभकारी सूक्ष्म जीवाणु नष्ट होने के कारण खेत की उर्वरा शक्ति घट जाती है और उत्पादन प्रभावित होता है।

# गरुड़ दल ने दुर्गा नगर रामपुर के निजी क्लीनिक का किया निरीक्षण

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न व्यवसायिक प्रतिष्ठानों एवं संस्थानों में नियामक नियमों का पालन कराने गठित गरुड़ दलों में से एसडीएम गोरखपुर के गरुड़ दल के सदस्यों ने सोमवार को दुर्गा नगर रामपुर में पांडे क्लीनिक का औचक निरीक्षण किया।

एसडीएम गोरखपुर अनुराग सिंह के अनुसार नायब तहसीलदार राजेश मिश्रा के नेतृत्व में की गई औचक निरीक्षण की इस कार्यवाही के दौरान मौके पर क्लीनिक संचालक डॉ महेंद्र पांडे उपस्थित मिले। क्लीनिक के निरीक्षण का पंचनामा मौके पर तैयार किया गया तथा क्लीनिक में उपलब्ध दवाइयों की सूची दल के सदस्य डॉ व्यास द्वारा तैयार की गई जो इलेक्ट्रो होम्योपैथी की होना पाया गया। क्लीनिक में निरीक्षण के दौरान मरीज नहीं पाए गए। क्लीनिक संबंधी दस्तावेज मांगे जाने पर डॉ महेंद्र पांडे द्वारा बताया गया कि पूर्व में एक प्रकरण में उनके लाइसेंस संबंधी दस्तावेज न्यायालय में जमा है। एसडीएम गोरखपुर ने बताया कि गरु? दल द्वारा डॉ पांडे से न्यायालय में प्रचलित प्रकरण और उसमें संलग्न दस्तावेजों की जानकारी मांगी गई है। तदनुसार कार्यवाही की जाएगी। गरु? द्वारा की गई यह कार्यवाही राजस्व, पुलिस और स्वास्थ विभाग के अमले की उपस्थिति में की गई।

# जन हित कार्य के लिए श्री गोपाललालजी महाराज ट्रस्ट ने दिये 2.51 लाख

**जबलपुर, देशबन्धु।** श्री गोपाललालजी महाराज ट्रस्ट के सीईओ गिरिराज चाचा ने जन हित कार्यों के लिए कलेक्टर दीपक सक्सेना को 2 लाख 51 हजार रुपए की राशि का चेक दिया। इस राशि से इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से जन हित के कार्य किए जाएंगे। कलेक्टर श्री सक्सेना ने जनहित व पीड़ति मानवता की सेवा के लिए आगे आकर काम करने वाले ऐसे व्यटक्ति व संस्थानओं की सराहना की।

# सिवनी ने डिंडोरी को 42 रनों से पराजित किया



**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा जबलपुर संभाग में क्रिकेट के संचालन हेतु गठित कमेटी के तत्वावधान में स्थानीय नीमखेड़ा मैदान पर जारी अंडर 18 बालक इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट प्रतियोगिता में आज खेले गए मैच में सिवनी ने डिंडोरी को 42 रनों से पराजित कर अगले दौर में प्रवेश किया।

टॉस जीत डिंडोरी ने पहले सिवनी को बल्लेबाजी करने के लिए आमंत्रित किया। सिवनी ने निर्धारित 50 ओवरों में से 31.02 ओवर में अपने सारे विकेट खोकर 178 रन बनाए। इस स्कोर में आदित्य पंजवानी के 37 दिलशान के 28 देवअर्थ राय के 23 हर्षित के 22 रन शामिल है। डिंडोरी की ओर से कमलेश परस्ते और उज्जवल चक्रवर्ती ने तीन तीन तथा संतोष ने दो विकेट लिए। जवाबी पारी खेलते हुए डिंडोरी की पूरी टीम 36.4 ओवर में 136 रन बनाकर आउट हो गई।

डिंडोरी की ओर से केवल उज्जवल चक्रवर्ती 53 रन एवं नंदकिशोर 32 रन ही सिवनी के गेंदबाजों का अच्छी तरह से सामना कर सके मगर अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। सिवनी की ओर से अक्षय मिश्रा ने शानदार गेंदबाजी करते हुए चार तथा उत्कर्ष कुमार ने दो विकेट लिए।

# महिला इंटर डिवीजनल टूर्नामेंट के लिए खिलाड़ियों का चयन

**जबलपुर, देशबन्धु।** निम्नलिखित महिला खिलाड़ियों का चयन जे एस आनंद सीनियर महिला इंटर डिवीजनल टूर्नामेंट के लिए किया गया है जो 12 अप्रैल से ग्वालियर में होगा।

1. पायल बाल्मिक (कप्तान) 2. ऋषिका जैन 3. मोनिका पंवार (विकेटकीपर) 4. आफिया खान (विकेटकीपर) 5. मुस्कान बिस्वास 6. अन्वी बर्थवाल 7. प्रांजली दुबे 8. भूमि सिंह 9. भूमि पटेल 10. सोनाली रजक 11. खुशी यादव 12. आकांक्षा चौरसिया 13. एलिनो ई. लुईस 14. छवि झा 15. सुची उपाध्याय (फिटनेस पर निर्भर)

उपर्युक्त खिलाड़ियों का 3 दिवसीय कैंप 8 अप्रैल से शुरू होगा। सभी खिलाड़ियों को कल सुबह 10 बजे नर्मदा क्लब, जबलपुर में रिपोर्ट करना है। स्टैंडबाय खिलाड़ी- 1. अपर्णा गुप्ता 2. श्रद्धा धुर्वे 3. काशवी वर्मा हैं।

# एक राष्ट्र एक चुनाव के समर्थन में एम.आई.सी. से प्रस्ताव पारित : महापौर



**जबलपुर, देशबन्धु।** एक राष्ट्र एक चुनाव कराने को लेकर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा राष्ट्र हित में लिये गए निर्णय एवं केन्द्र सरकार के आव्हान को नगर निगम जबलपुर द्वारा भी समर्थन किया गया है। इस संबंध में महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू की अध्यक्षता में आयोजित मेयन इन काउंसिल की बैठक में एक राष्ट्र एक चुनाव के समर्थन में प्रस्ताव एम.आई.सी में पास किया गया। महापौर ने इस प्रस्ताव को पारित करने के साथ-साथ शहर विकास एवं नागरिकों की आवश्यकताओं को ध्यान रखते हुए अन्य प्रस्ताव पर भी चर्चा की और मेयर इन काउंसिल की बैठक में स्वीकृति प्रदान की।

उन्होंने बताया कि श्रीनाथ की तलैया में एक भव्य और राष्ट्रीय स्तर के चौपाटी की सौगात माँ नर्मदा प्रसादम मार्केट के रूप में नागरिकों को दी जायेगी इसके लिए बहुत शीघ्र ही निविदा जारी करने की तैयारी की जा रही है। इसी प्रकार शहर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ करने के लिए नगर निगम ने एक ओर अच्छी पहल की है जिसकी स्वीकृति भी आज एम.आई.सी. से प्राप्त हो गई है। इस संबंध में महापौर श्री अन्नू ने कहा कि शहर के प्रमुख 62 स्थलों पर नागरिकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए पेड पार्किंग की व्यवस्था के लिए निविदा जारी करने स्वीकृति प्रदान की गई है।




महापौर ने कहा कि बहुत शीघ्र ही नागरिकों को 62 पेड पार्किंग की सौगात मिलेगी। उन्होंने बताया कि दो पहिया वाहनों के लिए प्रतिदिन 2 घंटे के लिए 5 रूपये, 4 घंटे के लिए 10 रूपये, 8 घंटे के लिए 15, 12 घंटे के लिए 20 रूपये, 12 घंटे के पश्चात प्रतिघंटा 5 रूपये तथा 7 दिवस के लिए 100/- रूपये एवं मासिक 300/- रूपये एवं चार पहिया वाहनों के लिए प्रतिदिन 2 घंटे के लिए 10 रूपये, 4 घंटे के लिए 20 रूपये, 8 घंटे के लिए 30, 12 घंटे के लिए 40 रूपये, 12 घंटे के पश्चात प्रतिघंटा 10 रूपये तथा रूपये 7 दिवस के लिए 1000/- रूपये एवं मासिक 2500/- रूपये निर्धारित किये गए हैं।

मेयर इन काउंसिल की बैठक में उपरोक्त जनहित के प्रस्तावों के साथ-साथ ग्राम कठौंदा में व्यापारियों को व्यवस्थापन के तहत् भूमि आवंटन करने, लीज नवीनीकरण, अग्नि शमन विभाग अंतर्गत विभिन्न आवश्यक कार्यो के लिए श्रमिकों की पूर्ति के लिए निविदा जारी करने, के साथ-साथ अन्य विकास के बिन्दुओं पर भी निर्णय लेकर आदेश पारित किये गए। महापौर ने बैठक के अंत में कहा कि इस वर्ष नगर निगम जबलपुर स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2024 की प्रतियोगिता में अव्वल स्थान प्राप्त करेगा। इसके लिए वे पूरी टीम के साथ असान्वित हैं।

# श्री रामनवमी पर निकली भव्य श्री राम रथयात्रा





**जबलपुर, देशबन्धु।** श्री रामभक्त हनुमान बाग मंदिर सेवा समिति, गढ़ा के द्वारा प्रतिवर्षनुसार इस वर्ष भी श्री रामनवमी पर भव्य श्री रामरथ यात्रा हनुमानबाग धाम से रविवार को अपरान्ह 4 बजे से निकाली गयी। रथ यात्रा का यह 10 वा वर्ष है।

हनुमानबाग धाम के संस्थापक धर्म विभूषण पंडित ब्रजेश महाराज जी ने बताया कि प्रभु के विग्रह को वर्ष में एक बार चैत्र नवमी को प्रातः 5 बजे जागरण, पूजन आरती के साथ गर्भ गृह से बाहर निकाला गया। इसके बाद श्री राजाराम अभिषेक करके दोपहर 12 बजे से श्री रामचंद्र जी का प्रकटस्तव मनाया गया। इसके पश्चात् श्री राजा राम चन्द्र जी दरबार सहित पालकी में विराजित होकर रथ में निकले।

रथ यात्रा में साधु संत, महात्मा, गणमान्य नागरिक, महिलाये एवं बड़ी संख्या में भक्त जन सम्मलित हुए द्य रथ यात्रा हनुमान बाग धाम मंदिर से प्रारम्भ होकर आनंद कुंज, गढ़ा बाजार, पंडा मढ़िया, शाही नाका, संजीवनी नगर, गौतम मढ़िया, शुक्ला नगर, एकता चौक, बी टी तिराहा, छोटी बजरिया होते हुए हनुमान बाग धाम में पूर्ण होगी।

रथ यात्रा का क्षेत्रीय दुर्गा उत्सव समितियों, गणेश उत्सव समितियों एवं क्षेत्रीय जनों द्वारा स्वागत किया गया। लगभग 100 से अधिक स्वागत मंचों से भगवान श्री राम का पूजन एवं पुष्प वर्षा की गई। रथ यात्रा मार्ग में लोगों द्वारा रांगोली, कलश एवं दीपक जलाकर भगवान का स्वागत पूजन किया गया द्यजगह जगह भंडारे आयोजित करके प्रसाद वितरित किया गया।

समिति के संरक्षक पंडित ब्रजेश महाराज जी का स्वागत सनातन प्रेमियों द्वारा किया गया। समिति के अभय पचौरी, डॉ आशीष मिश्रा, आशु सेठी, दीपक उपाध्याय, सुधीर चौरसिया, मुकेश मिश्रा, नीरज सोनी, कपिल विश्वकर्मा, अनुराग सोनी, नितिन पांडे, अखिलेश चौरसिया, अभिषेक शुक्ला, नितिन बसेडिया, रवि सेन, अजय पाठक, संदीप उपाध्याय, नवीन सोनी आदि ने सभी के प्रति श्री राम रथ यात्रा का स्वागत करने एवं भव्यता प्रदान करने पर सादर आभार व्यक्त किया है।

## श्री पचमठा मंदिर में एकादशी आज



जबलपुर, देशबन्धु। गढ़ा स्थित पचमठा मंदिर में लघु काशी, वृंदावन के दर्शन होते हैं। पं. अभिषेक शर्मा के अनुसार कामदा एकादशी का व्रत 8 अप्रैल सोमवार को है। इस दिन भगवान विष्णु की पूरे विधि विधान से पूजा की जाएगी और व्रत रखा जाएगा। हर साल चैत्र महीने के शुक्ल पक्ष की एकादशी को कामदा एकादशी का व्रत होता है। इस दिन भगवान विष्णु की पूजा की जाती है। ऐसा माना जाता है कि कामदा एकादशी पर व्रत रखने और पूजा करने से सुख, शांति, धन और खुशियां मिलती हैं। मान्यता है कि कामदा एकादशी का व्रत करने वालों को फल के रूप में भगवान श्रीहरि सभी मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। इस दिन विशेष रूप से भगवान विष्णु की पूजा करने का नियम है।

## अनुसंधान, नवाचार और अधिकारों का संगम है बौद्धिक सम्पदा



**जबलपुर, देशबन्धु।** शासकीय होमसाइंस कॉलेज में आईपीआर एवं शोध लेखन विषय पर संगोष्ठी आयोजित हुई। इस दौरान डिजिटल जूलॉजी म्यूजियम और पुस्तक विमोचन हुआ। कार्यक्रम में शामिल प्रतिभागियों को बताया गया कि आईपीआर (इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स) एवं शोध प्रबंध के लिए शोध प्रस्ताव किस तरह से तैयार किए जाते हैं। प्राणीशास्त्र एवं जैव प्रौद्योगिकी विभाग में कार्यक्रम के संयोजक प्राचार्य डॉ. समीर कुमार शुक्ल थे। बौद्धिक संपदा अधिकार विषय पर व्याख्यान मुख्य वक्ता वैज्ञानिक डॉ. ममता गोखले ने दिया। उन्होंने कहा कि आइपीआर विचारों को अधिकार में बदलने की प्रक्रिया है। यह अनुसंधान, नवाचार और अधिकार का संगम है।

**म्यूजियम का लोकार्पण-** आयोजन में दूसरे सत्र में मुख्य अतिथि एवं वक्ता प्रो. सुरेन्द्र सिंह, निदेशक, विश्वविद्यालय व्यावसायिक अध्ययन एवं कौशल विकास संस्थान केंद्र, रादुविवि ने कॉलेज में डिजिटल म्यूजियम का लोकार्पण किया। इस दौरान म्यूजियम पर आधारित पुस्तक का विमोचन किया गया। पुस्तक लेखन संयोजक डॉ. साधना केशरवानी, सचिव डॉ. अर्जुन शुक्ला, डॉ. श्रद्धा खापरे, सह संयोजक रश्मि सिंग्रोरे ने किया है। इस मौके पर डॉ. नीतू सोनी, समन्वयक डॉ. तिलोतमा चौधरी, डॉ. पर्णश्री, डॉ. नम्रता, डॉ. वर्षा, डॉ. सूजा, संध्या, चित्रा मौजूद रहीं।

# चित्रों में उकेरा पर्यावरण का नजारा रंगोली में सजाई संस्कृति



**जबलपुर.** प्रतिभागियों ने ड्रॉइंग और पेंटिंग से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। किसी ने चित्र में ग्लोबल वार्मिंग की समस्या उकेरी, तो किसी ने पर्यावरण मित्र बनने की बात कही। जागरुकता और कला का यह संगम प्रतिभागियों ने एक ही परिसर में दर्शाया। 6वीं बटालियन रांझी में स्थापना दिवस समारोह के अंतर्गत विविध प्रतियोगिताएं हुईं। कमांडेंट सिद्धार्थ चौधरी ने बताया कि बटालियन का गठन रेल पथों की सुरक्षा के लिए 1942 में स्पेशल आर्ड कान्सटेबलरी बटालियन के नाम पर जबलपुर में की गई थी। समारोह में पुलिस परिवार के बच्चों के लिए चित्रकला, रंगोली एवं अन्य प्रतियोगिताएं हुई।

**प्रतियोगिताओं के लिए मिली थीम** – समारोह में चित्रकला का विषय पर्यावरण रखा गया। वहीं रंगोली में संस्कार और कलकारी झलकी। दोनों प्रतियोगिताओं में 44 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर डिप्टी कमाण्डेंट अभिषेक राजन, डिप्टी कमांडेंट अंजुलता पटले, एपी एलएस श्याम, एड्ज्युटेंट सुबोध लोखण्डे, निरीक्षक विक्रम सिंह, निरीक्षक सुनील सिंह, निरी विजय मेहरा, सामग्री अध्यक्ष हितेश फुलझेले, सुबेदार मेजर बिलर सिंह जमरा, उनि शैलेन्द्र सिंह मौजूद थे।

## मिला अंतरराष्ट्रीय सम्मान



**जबलपुर, देशबन्धु।** नेपाल में शब्द क्षेत्रीय बहुक्षेत्रीय सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमें राजकुमारी रैकवार को विश्व प्रतिभा अंतरराष्ट्रीय सम्मान प्रदान किया गया। आयोजन में नेपाल, भारत, अमरीका, तंजानिया से 100 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। सम्मान में नेपाली टोपी, नेपाली अंग वस्त्र, सम्मान पत्र, मेडल एवं मोमेन्टो प्राप्त हुआ।

# आचार्यश्री के प्रथम नगर आगमन पर उमड़े जैन धर्मी




**जबलपुर, देशबन्धु।** 108 आचार्य श्री समय सागर महाराज का सुबह हुआ नगर आगमन हालांकि आयोजकों की अव्यवस्था का शिकार रहा, लेकिन श्रद्धालुओं में गजब उत्साह देखा गया। आयोजन में कौन क्या देख रहा है, ये बताने वाला कोई नहीं थी। पुलिस व्यवस्था के लिए तैनात थी, पर पदाधिकारी खुद अव्यवस्था फैला रहे थे। प्रचार, स्वागत सहित अन्य मामले में सामंजस्य का अभाव दिखा। फिर भी बड़ी संख्या में लोग महाराजश्री के आगमन

**हजारों की संख्या में श्रद्धालुगणों ने किया भव्य स्वागत-** आईटीआई चुंगी से उनकी अगवानी की गई। फुहारा में उनका भव्य स्वागत किया गया। हजारों की संख्या में आचार्य जी के दर्शनार्थ जैनधर्मावलंबियों की भीड़ उमड़ आई। इस अवसर पर आचार्यश्री ने आर्शीवचन कहे। मालूम हो कि आचार्यश्री पाटन रोड स्थित रोसा व उजरोड़ से यहां पहुंचे थे। यहां शहर के भक्तों ने उन्हें नगर में पधारने का अनुरोध किया उनके अनुरोध पर आचार्य श्री शहर की ओर आए। दमोहनाका में उनका भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद वह फुहारा पहुंचे।

इस अवसर पर विधायक इंदू तिवारी, भाजपा नगर अध्यक्ष रतेश सोनकर, पूर्व विधायक विनय जैन, प्रतिपक्ष नेता अमरीश मिश्रा, अखलेश जैन सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। मालूम हो कि आचार्यश्री 10 साल पहले जबलपुर प्रवास पर थे। तब वह मुनिश्री थे। आचार्य विद्यासागर के स्थान पर समयसागर महाराज को आचार्यश्री से सुशोभित हुए। कार्यक्रम में जैन पंचायत संस्था के नेतृत्व में अध्यक्ष कैलाश चंद जैन, महामंत्री अनिल जैन, गुड्डा, उपाध्यक्ष मनीष जैन कल्लू, उपाध्यक्ष सुजीत जैन द्वारा सराहनीय प्रयासों से आचार्यश्री का नगर आगमन हुआ।

## दैनिक राशिफल

**मंगलवार 08 अप्रैल 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2082, शक संवत 1946 हिजरी 1445। चैत्र शुक्ल पक्ष की एकादशी, नक्षत्र- अश्लेषा।**

**मेष**
आज मन व्याकुल रहेगा और शरीर में आलस्य छाया रहेगा। स्वास्थ्य कुछ नरम-गरम हो सकता है। काम में सफलता देर से मिलेगी।

**तुला**
नए काम की शुरुआत करने के लिए दिन अच्छा है। प्रिय व्यक्ति के साथ हुई मुलाकात आनंददायी रहेगी।

**वृषभ**
सरकार विरोधी काम और एक्टिविटी से दूर रहने की सलाह आपको दी जाती है। नए काम की शुरुआत ना करें। स्वास्थ्य भी बिगड़ सकता है।

**वृश्चिक**
निर्धारित काम न होने के कारण हताशा का अनुभव होगा। किसी भी महत्वपूर्ण काम का डिसीजन आज ना लें। पारिवारिक वातावरण में क्लेश रहेगा।

**मिथुन**
आज का दिन सुख और शांतिपूर्वक गुजार सकेंगे। दैनिक कामों में कुछ ज्यादा ही व्यस्त रह सकते हैं। मन को प्रसन्न रखने के लिए आप मनोरंजन का सहारा लेंगे।

**धनु**
आज का दिन आप के लिए शुभ फलदायी है। आज भाग्य आपका साथ देगा और आर्थिक रूप से आपको फायदा होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से आप उत्साही तथा प्रफुल्लित बने रहेंगे।

**कर्क**
व्यवसाय स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा। मायके से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। पारिवारिक वातावरण भी अनुकूल रहेगा। विरोधियों को लाभ प्राप्त नहीं हो पाएगा।

**मकर**
कोर्ट कचहरी के मामलों से आज दूर रहें। मन में किसी बात को लेकर आज चिंता रह सकती है। आपके नकारात्मक विचार काम पर सीधा प्रभाव डालेंगे।

**सिंह**
प्रणय प्रसंग के लिए आज का दिन अनुकूल है। फिर भी गुस्से पर संयम रखें। पेट से संबंधित रोगों से कोई कष्ट हो सकता है। दोपहर के बाद परिवार में आनंद और उल्लास का वातावरण रहेगा।

**कुंभ**
आज के दिन की शुरुआत लाभदायी है। सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में आप प्रगति करेंगे। किसी नए व्यक्ति से रिश्ता बन सकता है।

**कन्या**
आज शारीरिक ताजगी का आपमें अभाव रहेगा। किसी बात की चिंता से काम में मन नहीं लगेगा। धनहानि होने की आशंका है।

**मीन**
आपके विचारों में आज दृढ़ता अधिक नहीं होगी। व्यापार में भागीदारी के काम से लाभ होगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं।

म.

# काव्य पटल का लोकार्पण



**जबलपुर, देशबन्धु।** रानी दुर्गावती कलावीथिका में वर्तिका संस्था के तत्वावधान काव्य पटल विमोचित हुआ। समारोह में भगत दुबे दीप एवं शशिकला सेन की कविताओं का विमोचन किया गया। मुख्य अतिथि कवि विजय बागरी, अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार छाया त्रिवेदी, विशिष्ट अतिथि गीतकार अभय तिवारी थे। वक्ताओं ने कहा कि रचनाकार की कृतियां समाज को नई दिशा देती हैं। समारोह में संतोष नेमा, राजेन्द्र मिश्रा, कन्हैयालाल ताम्रकार, मीना भट्ट, प्रभा खरे, आशुतोष तिवारी, यशोवर्धन पाठक, विनीता श्रीवास्तव, डॉ. छाया सिंह ने काव्य पाठ किया। इस मौके पर संयोजक विजय नेमा अनुज, अध्यक्ष राजेश पाठक प्रवीण, मिथिलेश बड़गैंया, विनीता पैगवार, नीता श्रीवास, महेश स्थापक, नारायण तिवारी, अमित सिंह मौजूद थे। शिक्षक भूमिका को प्रभावी बनाने मिले टिप्स।

# गर्भावस्था के दौरान मातृ-शिशु के स्वास्थ्य की देखभाल ही सुरक्षित भविष्य का आधार

**जबलपुर, देशबन्धु।** महिलाओं का स्वास्थ्य रहना परिवार के स्वास्थ्य रहने से जुड़ा है। महिलाएं घर का वह इंजन हैं, जिनके बेहतर स्वास्थ्य के आधार पर ही पूरे घर के सदस्यों की गाड़ी पटरी पर रहती है। सोमवार को मुख्यालय मध्य भारत एरिया के तत्वावधान में विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम हुआ। आयोजन में सकारात्मक शुरुआत, आशाजनक भविष्य थीम पर वक्ताओं ने जानकारी दी। कार्यक्रम में महिलाओं और परिवारों को गर्भावस्था के दौरान और उसके बाद में शारीरिक और भावनात्मक देखभाल प्रदान करने के महत्व को समझाया गया। वक्ताओं ने कहा कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को मजबूत परिवारों और समृद्ध समुदायों की नींव समझते हुए इनके विकास से जुड़े कार्य करना चाहिए।

**पोस्टर प्रदर्शनी और जागरुकता व्याख्यान-** कार्यक्रम में थीम से संबंधित जागरूकता व्याख्यान और पोस्टर प्रदर्शनी लगाई गई। लेफ्टिनेंट कर्नल विजय कुमार मोरे (ओसी एसएचओ) ने कहा कि इस वर्ष की डब्ल्यूएचओ थीम गर्भावस्था और शिशु विकास को समर्पित है। ऐसे में उन्होंने गर्भावस्था के दौरान नवजात और मातृत्व देखभाल के महत्वपूर्ण पहलुओं को रेखांकित किया।

## निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्‌गति दे भगवान**

**श्री जीतेंद्र आगीचा-** आदित्य कॉलोनी नर्मदा रोड निवासी श्री अर्जुनदास आगीचा के पुत्र श्री जीतेंद्र आगीचा (37) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में हुआ।

**श्री जनकराज शर्मा-** शक्ति नगर नब्बे क्वार्टस के पीछे पहाड़ी वाली रोड निवासी श्री जनकराज शर्मा (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

श्री ओ.ए. जायनिक- आमनपुर मदनमहल निवासी श्री ओ.ए. जायनिक (88) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शिवकुमारी सेन-** फूटाताल बढ़ई मोहल्ला निवासी श्री दयाशंकर सेन की धर्मपत्नी श्रीमती शिवकुमारी सेन (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री विनोद कुमार दुबे-** लमती निवासी श्री विनोद कुमार दुबे (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री संतोष सिंह राजपूत-** नौदरा पुल के निकट निवासी श्री संतोष सिंह राजपूत (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती महारानी श्रीवास्तव-** दुर्गा कॉलोनी संजीवनी नगर निवासी श्री प्रेमचंद श्रीवास्तव की धर्मपत्नी श्रीमती महारानी श्रीवास्तव (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अमित बिहूनिया-** नटबाबा पहाड़ी सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री संतोष कुमार बिहूनिया के पुत्र श्री अमित बिहूनिया (36) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर भूमि में किया गया।

**श्री श्याम कुमार जायसवाल-** सालीवाड़ा गौर निवासी श्री श्याम कुमार जायसवाल (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सनी गढ़वाल-** शिवाजी नगर मांडवा रामपुर निवासी श्री बबलू गढ़वाल के पुत्र श्री सनी गढ़वाल (28) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री आरके सिंह-** पचपेढ़ी रोड साउथ सिविल लाइन निवासी सेवानिवृत्त प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री आरके सिंह (भानू) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुख लाल बेन-** रक्षा नगर कॉलोनी बड़ा पत्थर रांझी निवासी श्री सुख लाल बेन (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री उदय सिंह ठाकुर-** रांझी मेन रोड जैन मंदिर के पास निवासी श्री उदय सिंह ठाकुर (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

## प्रायवेट अस्पतालों की सूची जारी करने की मांग

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि विगत छः माह पूर्व से 70 वर्ष पूर्ण करने वाले पेंशनर्स के आयुष्मान कार्ड तो बन गए किन्तु किन प्रायवेट अस्पतालों में इन आयुष्मान कार्ड पर इलाज होगा। प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष डा. अरुण पांडे, संभागीय अध्यक्ष व्ही.पी. शुक्ला, आर.के. प्यासी, के.के. शुक्ला, जी.डब्ल्यू रतनपारखी, आर.एल. पांडे, डी.डी.शर्मा, एन.पी. निगम, ओमशंकर शुक्ला, रमेश साहू, अशोक दुबे आदि ने सी.एम.ओ. जबलपुर जिले से मांग की है कि शीघ्र प्राइवेट अस्पतालों की सूची जारी करें जिससे गंभीर बीमारियों का इलाज हो सके।

# कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**जबलपुर, देशबन्धु।** शिक्षक कांग्रेस ने प्राथमिक/ माध्यमिक/ उच्चतर माध्यमिक शासकीय व अशासकीय शालाओं को भीषण गर्मी को देखते हुए शालाओं को प्रातः 7.30 से 12.30 बजे तक प्रातः पाली में लगाने की मांग की है। इन दिनों जिले का तापमान 40 डिग्री के आसपास हो गया है। भीषण गर्मी में बच्चों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है और छात्र-छात्राऐं बीमार पड़ जाते हैं।

संगठन के जिलाध्यक्ष विश्वदीप पटेरिया, संजय उपाध्याय, इन्द्रपुरी गोस्वामी, प्रदीप पटेल, प्रज्ञा शर्मा, परिश्मा पटेल, दीप्ति ठाकुर, मालती खान, कमलेश पटेल, अरविन्द खरे, अरूण दीवान, राधे यादव आदि पदाधिकारियों ने जिला कलेक्टर व शिक्षा अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपकर स्कूलों के समय परिवर्तन की मांग की है।

## मासिक बैठक में इन्क्रीमेंट की जानकारी मिलेगी

**जबलपुर,देशबन्धु।** भारतीय वरिष्ठ नागरिक एसोसिएशन की मासिक बैठक हरिशंकर परसाई भवन में 8 अप्रैल को संध्या 5.30 बजे आयोजित की जायेगी, बैठक में कोर्ट केस इन्क्रीमेंट और ओल्डर टाईम के विषय में जानकारी दी जायेगी। बैठक में अध्यक्ष टी.के. रायघटक, महामंत्री डी.के. सिंह, एस.के.१ श्रीवास्तव, हरजीवन विश्वकर्मा, एच.एल. जागड़े, दिनेश चौरे, आर.वी. शाह, आर.आर.दुबे, विनायक राव सोरते, दिलीप कुंडे, नंदलाल कोष्टा, हरिसिंह, महेन्द्र नामदेव, रमाकांत कटियार, शंकर लाल विनोदिया, चन्द्रशेखर शर्मा, कुंदन सिंह, एम.एल. अग्रवाल, घनश्याम सोनकर, हरिसिंह, श्याम सुंदर स्वामी ने उपस्थिति की अपील की है।

# श्री राम को लेकर आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग करने वाला गया जेल

## सोशल मीडिया पर की थी अमर्यादित टिप्पणी



**जबलपुर,देशबन्धु।** हनुमानताल थाना क्षेत्र निवासी फैजान पठान को पुलिस ने सोशल मीडिया पर भगवान श्री राम के खिलाफ अश्लील और अमर्यादित टिप्पणी करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने नवाब अली के नाम से बनाए अपने इंस्टाग्राम आईडी पर भगवान श्री राम को लेकर आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया था।

इस घटना के सामने आते ही क्षेत्र में आक्रोश फैल गया, विभिन्न हिंदूवादी संगठनों ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए गोहलपुर थाना में शिकायत दर्ज कराई। संगठनों की मांग पर पुलिस ने तुरंत साइबर सेल की मदद से जांच शुरू की। तकनीकी जांच के बाद पुष्टि हुई कि आपत्तिजनक कमेंट फैजान पठान की इंस्टाग्राम आईडी से किया गया है। जिस पर पुलिस ने तत्काल संज्ञान लेते हुए फैजान को गिरफ्तार कर लिया। फैजान को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। मामले में पुलिस ने स्पष्ट किया है कि सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की धार्मिक टिप्पणी को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। एडिशनल एसपी सूर्यकांत शर्मा ने बताया कि सोशल मीडिया पर धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जायेगा। साइबर सेल के माध्यम से ऐसे मामलों की बारीकी से निगरानी की जा रही है।

# चाकू से हमला कर लूट करने वाले तीनों बदमाश पकड़े

**जबलपुर,देशबन्धु।** मदनमहल पुलिस ने चाकू मारकर लूट करने वाले तीन बदमाशों को दबोचा है। आरोपियों में दो विधि विवादित बालक है। पुलिस ने आरोपियों के पास से लूटा हुआ मोबाइल व वारदात में प्रयुक्त मोटर साइकिल और चाकू जब्त किया है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मदनमहल पटेल मोहल्ला निवासी 21 वर्षीय राहुल आर्मो नीमखेड़ा में पैरा मेडिकल कॉलेज में द्वितीय वर्ष की पढ़ाई करता है। विगत 25 मार्च की रात्रि करीब डेढ़ बजे वह अपनी मोटरसाइकिल सुपर स्प्लेंडर क्रमांक एमपी 20 एनडब्ल्यू-7019 से छोटी लाइन फाटक की ओर से लौट रहा था। उसी समय महानद्दा ओवर ब्रिज के नीचे तीन अज्ञात लड़कों ने उसे रोक लिया और उसकी बाईक छुड़ाने लगे, राहुल के विरोध करने पर एक आरोपी ने चाकू से हमला कर राहुल की जांघ में चोट पहुंचा दी। इसके बाद आरोपी दस्तावेज व रुपयों से भरा उसका पर्स व वीवो कंपनी का मोबाइल और उसकी मोटर साइकिल छोड़कर भाग गये। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आसपास के सीसीटीव्ही फुटेज खंगाले। जिसके बाद पुलिस ने संदेही आरोपी राज प्रजापति उम्र 18 वर्ष तथा 2 विधि विदादित बालकों को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की। जिसके बाद तीनों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपियों ने रुपये आपस में बांट लेना एवं पर्स, दस्तावेज जलाना देना तथा रुपयों को खर्च कर देना बताया। पुलिस ने आरोपियों के पास से छीना हुआ मोबाइल व मोटर साइकिल और चाकू जप्त कर तीनों को गिरफ्तार किया है।

### मेबन के साथ स्कूल के क्लर्क को भेजा गया जेल

# मोबाईल तलाशने मेबन को लेकर स्कूल और घर पहुंची पुलिस

**जबलपुर,देशबन्धु।** जॉय स्कूल संचालक अखिलेश मेबन को लेकर पुलिस स्कूल कैंपस स्थित आफिस व घर पहुंची। पुलिस को मेबन के उस मोबाइल फोन की तलाश है, जिससे विवादित टिप्पणी सोशल मीडिया पर पोस्ट की गई थी। पूरे मामले में मोबाइल फोन रिकवर करना आवश्यक है। चूंकि पोस्ट पर विवाद होने के बाद मेबन ने मोबाइल बंद कर दिया था जो नहीं मिला। इस मामले में स्कूल के क्लर्क प्रदीप बलेचा को भी गिरफ्तार किया गया है, जिसने फरारी कटवाने में मदद की। दोनों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

थाना प्रभारी विजय नगर ने बताया कि अभी मोबाइल फोन रिकवर करने के प्रयास चल रहे हैं। इसी के चलते जॉय सेकेंडरी स्कूल, आफिस और अखिलेश मेबन के घर में सर्चिंग की गई है। उल्लेखनीय है कि सोशल मीडिया पर विवादित धार्मिक टिप्पणी कर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप में जॉय स्कूल संचालक अखिलेश मेबन को कोच्चि से गिरफ्तार कर रविवार को शहर लाया गया था। सुबह-सुबह मोबाइल रिकवर करने के लिए उन्हें उनके आवास और स्कूल लेकर पहुंची, जिस मोबाइल पर स्टेटस लगाया गया थाए वह मिला नहीं मिला। इसके साथी उसके क्लर्क प्रदीप बलेचा को भी गिरफ्तार किया गया दोनों को न्यायालय पेश का जेल भेज दिया गया है।

**यह है मामला**–गौरतलब है कि जॉय स्कूल के संचालक अखिलेश मेबन ने अपने वाट्स एप स्टेटस पर कुछ दिनों पूर्व हिंदुओं के आराध्य के प्रति अभद्र भाषा का प्रयोग किया था। जैसे ही उनका स्टेटस हिंदूवादी संगठनों तक पहुंचा स्कूल पहुंचकर जबरदस्त विरोध किया गया और आम जनमानस में भी आक्रोश देखा गया। शिकायत मिलते ही पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया लेकिन तब तक अखिलेश मेबन शहर छोड़कर नागपुर भाग गया, जहां से कोच्चि पहुंचा फिर वहां से विदेश भागने की तैयारी में था, लेकिन इससे पहले कि वह देश छोड़ पाता, उसे दबोच लिया गया।

# कार चालक ने बाईक सवारों को मारी टक्कर, चार घायल

## कटंगी के श्रद्धाधाम जमुनिया में हादसा

**जबलपुर,देशबन्धु।** दमोह से काम करने के लिए शहर आये चार मजदूरों को एक तेज रफ्तार कार के चालक ने टक्कर मार दी। जिससे चारों को गंभीर चोटे आ गई। शिकायत पर कटंगी पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

पुलिस ने बताया कि दमोह पटेरा के ग्राम लुहारी निवासी 40 वर्षीय मनोहर सिंह लोधी ठेकेदारी का काम करता है। जो कि अपने भाई सोने सिंह, जीवन सिंह, रविन्द्र कुर्मी व नगीता के साथ काम करने के लिये संस्कार सिटी जबलपुर आ रहे थे। जैसे ही वे श्रद्धा धाम जमुनिया के पास पहुंचे, उसी समय कार क्रमांक एमपी 20 सीए-3832 के चालक ने तेज रफ्तार व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए, सोने सिंह व रविन्द्र कुर्मी की मोटर साइकिलों में टक्कर मार दी। सोने सिंह, रविन्द्र, जीन सिंह व नगीता मोटर साइकिल सहित गिर गए और चारों को चोटे आ गई।

# ज्वेलर्स शॉप से सोने की चैन चुराने वाले बंटी-बबली गिरफ्तार

## डिंडौरी निवासी दोनों आरोपियों को पुलिस ने सर्राफीपर क्षेत्र से दबोचा

**जबलपुर,देशबन्धु।** डिंडौरी के शहपुरा से शहर के सर्राफीपर क्षेत्र में आकर रह रहे बंटी-बबली ने रांझी मेन रोड स्थित एक ज्वेलर्स शॉप से ज्वेलरी देखते हुए सोने की कीमती चैन पार कर दी। दुकानदार की शिकायत पर पुलिस ने वीडियो फुटेजों के आधार पर आरोपी युवक-युवती को सर्राफीपर स्थित किराये के मकान से धर दबोचा और चुराई हुई सोने की चैन कीमती 76 हजार 523 रुपये की बरामद की।

पुलिस ने बताया कि पुरानी बस्ती मस्ताना चौक निवासी 37 वर्षीय सचिन सोनी रांझी बाजार मेन रोड में शारदा ज्वेलर्स के नाम से सोने-चांदी की दुकान चलाते है। 5 अप्रैल की दोपहर करीब साढ़े तीन बजे उनकी दुकान पर एक लड़का और लड़की पहुंचे। जिन्होंने सोने की चैन दिखाने के लिये कहा।

जिस पर दुकान में काम करने वाले हर्ष ने उन्हें दस चैन दिखाई। जिसके बाद युवती ने कहा कि उसे इस तरह की और वजन वाली चैन चाहिये, जो कि उसकी दुकान पर नहीं थी, जिसके बाद युवक-युवती दोनों चले गये। जब उसने तौल किया तो वजन कम पाया, दिखाई हुई चैन में से एक चैन गायब थी। जिसकी शिकायत पुलिस में दर्ज करायी गई। पुलिस ने वीडियो फुटेज चेक करते हुए मुखबिर की सूचना पर सर्राफीपर क्षेत्र में दबिश दी। जहां चिन्हित युवक युवती मिले।

जिन्होंने पूछताछ पर अपने नाम ज्योति कुलस्ते उम्र 22 वर्ष निवासी थाना शहपुरा जिला डिण्डोरी एवं गंगा सिंह धुर्वे पिता प्रमोद धुर्वे उम्र 22 वर्ष निवासी विक्रमपुर थाना शहपुरा जिला डिण्डोरी बताये। सघन पूछताछ करने पर दोनों ने मिलकर ज्वेलर्स की दुकान से चोरी करना स्वीकार किया। दोनों की निशानदेही पर चुराई हुई सोने की चेन जब्त करते हुये दोनों को प्रकरण में विधिवत गिरफ्तार किया गया।

# आचरण को देखते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता की उपाधि पर फुल कोर्ट करें विचार

## हाईकोर्ट की चीफ जस्टिस की अध्यक्ष वाली युगलपीठ ने दिये निर्देश

**जबलपुर,देशबन्धु।** याचिका की सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता द्वारा हंगामा तथा तेज आवाज में बोलने को हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सुरेष कुमार कैत तथा जस्टिस विवेक जैन की युगलपीठ ने गंभीरता से लिया है। युगलपीठ ने अपने आदेश में कहा गया कि आचरण को देखते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता की उपाधि पर फुल कोर्ट पुनर्विचार करे। याचिका की लाइव स्ट्रीमिंग को फुल कोर्ट के समक्ष पेश किया जाये। युगलपीठ ने अपने आदेश में उक्त वरिष्ठ अधिवक्ता पर उनके समक्ष पैरवी करने पर रोक लगा दी है। शराब ठेकेदार कंपनी मॉ नर्मदा एसोसिएट की तरफ से दायर याचिका में कहा गया था कि 31 मार्च 2024 को उन्होंने आवेदन ठेकेदार आकाश जायसवाल को दुकान सुपुर्द करते हुए शराब का स्टॉक भी दिया था। जिसका आबकारी विभाग द्वारा पंचनामा भी बनाया गया था। अनावेदक ठेकेदार का कहना था कि उसे दुकान खाली मिली थी। याचिका पर सुनवाई के दौरान कुछ माह पूर्व वरिष्ठ अधिवक्ता की उपाधि प्राप्त करने वाले एन एस रूपराह अनावेदक की तरफ से उपस्थित हुए। इस दौरान उन्होने युगलपीठ पर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हें बोलने नहीं दिया जाता है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि पिछली सुनवाई के दौरान वह यह नहीं सुन पाए थे कि युगलपीठ ने अनावेदक को व्यक्तिगत से रूप उपस्थित रहने के आदेश जारी किये थे। युगलपीठ ने ओपन कोर्ट में वरिष्ठ अधिवक्ता द्वारा कोर्ट रूम में हंगामा तथा उच्च आवाज में बोलने को गंभीरता से लिया। युगलपीठ ने ओपन कोर्ट में निर्देश जारी किये कि वरिष्ठ अधिवक्ता का ऐसा आचरण की उम्मीद नहीं कर सकते है। हाईकोर्ट की फुल बैंच द्वारा उन्हें वरिष्ठ अधिवक्ता की उपाधि प्रदान की गयी है। वरिष्ठ अधिवक्ता की उपाधि वापस लेने के संबंध में फुल कोर्ट विचार करें। युगलपीठ ने यह भी आदेश जारी किये कि वरिष्ठ अधिवक्ता उनकी कोर्ट में पैरवी के लिए उपस्थित नहीं होगे। युगलपीठ ने अनावेदक शराब ठेकेदार के खिलाफ 25 हजार रुपये का जमानतीय वारंट जारी करते हुए याचिका पर अगली सुनवाई 9 अप्रैल को निर्धारित की है।

**क्षमा याचना करेंगे पेश**– वरिष्ठ अधिवक्ता एस एस रूपराह ने घटना पर खेद व्यक्त करने हुए कहा है कि सुनवाई के दौरान उनकी आवाज तेज हो गयी थी। इसके लिए वह चीफ जस्टिस के समक्ष क्षमा याचना पेश करेंगे। चीफ जस्टिस समझदार,संवेदनशील व व्यावहारिक व्यक्ति है। उन्हें उम्मीद है कि उनकी क्षमा याचना को वह स्वीकार कर लेंगे।

## प्रभारी प्राचार्य का प्रभार देने का आदेश सही

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की युगलपीठ ने एकलपीठ के उस आदेश को निरस्त कर दिया जिसके तहत अनावेदक रामप्यारे प्रजापति को प्राचार्य पद का प्रभार देने को सही ठहराया गया था। एकलपीठ के निर्णय के खिलाफ पन्ना की ऊषा सुनकर की ओर से अपील प्रस्तुत की गई। अपील में कहा गया कि अपीलार्थी उच्च माध्यमिक शिक्षक के पद पर है और वह अनावेदक से वरिष्ठ है। न्यायालय ने कहा कि वरिष्ठ होने के नाते अपीलार्थी अपने कनिष्ठ कर्मी के अधीन कार्य नहीं कर सकती। अपीलार्थी की ओर से अधिवक्ता अक्षांश श्रीवास्तव ने पक्ष रखा।

## बताओ क्यों रोका गया वेतन

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल से पूछा है कि कर्मचारी का वेतन क्यों रोका गया। जस्टिस संजय द्विवेदी की एकलपीठ ने उच्च शिक्षा विभाग के सचिव और विश्वविद्यालय के कुलसचिव को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है।

भोपाल निवासी शैलष तांबेकर की ओर से अधिवक्ता अजय रायजादा व अंजना श्रीवास्तव ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय ने दिसंबर माह से याचिकाकर्ता का वेतन भुगतान नहीं किया है। दरअसल, वर्ष 2009 में याचिकाकर्ता ने नियमितिकरण के लिए याचिका दायर की थी। दलील दी गई कि याचिकाकर्ता से कनिष्ठ कई कर्मचारियों को नियमित कर दिया गया है। विश्वविद्यालय ने अन्य कर्मचारियों के नियमितिकरण आदेश में कहा कि शैलेश तांबेकर का प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है। उनके द्वारा याचिका वापस लेने पर उनके नाम पर विचार किया जायेगा। दलील दी गई कि




विश्वविद्यालय याचिकाकर्ता पर दबाव बना रहा है और इसी के चलते उसका वेतन भी रोक दिया गया है। याचिका में यह दलील भी दी गई कि विश्वविद्यालय में एक सैकड़ा से अधिक ऐसे कर्मचारी काम कर रहे हैं जिनकी नियुक्ति की स्वीकृति राज्य शासन ने नहीं की है। नियमानुसार शासन की स्वीकृति के बिना कोई भी नियुक्ति नहीं की जा सकती।

## आदिवासी व्यक्ति की जमीन, कलेक्टर की अनुमति के बिना बेचना अवैध

### हाईकोर्ट ने खारिज की याचिका

**जबलपुर,देशबन्धु।** हाईकोर्ट जस्टिस विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने अपने अहम आदेश में कहा है कि कलेक्टर के नीचे के राजस्व अधिकारी की अनुमति से आदिवासी की जमीन का विक्रय किया जाना शून्य है। इस आदेश में साथ हाईकोर्ट ने राजस्व मंडल ग्वालियर के अध्यक्ष द्वारा आदेश की पुष्टि करते हुए याचिका को खारिज कर दिया।

नर्मदापुरम निवासी आर एन श्रीवास्तव की तरफ से राजस्व मंडल ग्वालियर के अध्यक्ष द्वारा पारित आदेश को चुनौती देते हुए उक्त याचिका दायर की गयी थी। याचिका में कहा गया था कि सर्वेक्षण क्रमांक 75 में स्थित जमीन 1983-84 खुमान सिंह के नाम पर दर्ज था। इसके बाद वर्ष 1985-1986 में गैर आदिवासी व्यक्ति बालकृष्ण शर्मा ने अपना नाम दर्ज करवाया ली। बालकृष्ण शर्मा ने बेटे ने उक्त जमीन याचिकाकर्ता सहित अन्य व्यक्तियों को बेच दी थी। मूल जमीन मालिक खुमान सिंह के पोते व अनावेदकों को एसडीएम के सक्षम जमीन अपने नाम दर्ज कराने आवेदन दायर किया था। आवेदन में कहा गया था कि भूमि मध्य प्रदेश भू-राजस्व संहिता, 1959 के तहत कलेक्टर की अनुमति के बिना आदिवासी व्यक्ति की जमीन गैर आदिवासी व्यक्तियों को नहीं बेची जा सकती है।

एसडीएम ने खुमान सिंह के पोतो के पक्ष में आदेश पारित किया था। जिसके खिलाफ कलेक्टर,आयुक्त तथा राजस्व मंडल ग्वालियर के अध्यक्ष के समक्ष अपील दायर की गयी थी। अपील खारिज होने के कारण उक्त याचिका दायर की गयी है। याचिकाकर्ता की तरफ से समय सीमा का तर्क दिया गया। एकलपीठ ने याचिका को खारिज करते हुए अपने आदेश में कहा है कि याचिकाकर्ता ने स्वीकार किया है कि आदिवासी व्यक्ति की जमीन बेचने के लिए कलेक्टर से अनुमति प्रदान नहीं की गयी थी। एकलपीठ ने सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा पारित आदेश का हवाला देते हुए कहा है कि कलेक्टर की अनुमति के बिना किया गया हस्तांतरण शून्य, अमान्य तथा अवैध है।

## करोड़ों खर्च होने के बाद भी जलावर्धन योजना का काम पूरा न होने को चुनौती

**जबलपुर,देशबन्धु।** बुरहानपुर में निर्धारित समयावधि समाप्त होने के बाद भी जलावर्धन योजना का काम पूरा न होने व गुणवत्ताहीन कार्य किये जाने का आरोप लगाते हुए मामले को हाईकोर्ट में जनहित याचिका के माध्यम से चुनौती दी गई है। चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की युगलपीठ ने मामले में नगरीय प्रशासन विभाग सहित अन्य को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में जवाब पेश करने के निर्देश दिये है। यह जनहित का मामला बुरहानपुर निवासी डॉ. सूर्यकांत उर्फ आनंद दीक्षित की ओर से दायर किया गया है। जिनकी ओर से अधिवक्ता धर्मेन्द्र सोनी ने पक्ष रखा। जिन्होंने बताया कि बुरहानपुर नगर निगम सीमा के अंतर्गत नगरीय प्रशासन विभाग की ओर से जलावर्धन योजना वर्ष 2017 में प्रारंभ की गई थी। जिसका कार्य पांच वर्ष में पूर्ण होना था। आवेदक की ओर से कहा गया कि निर्धारित समयावधि समाप्त होने के बाद भी महज पांच फीसदी ही काम हुआ है, जबकि अब तक 130 करोड़ रुपये की राशि खर्च हो चुकी है। इतना ही नहीं जल योजना के लिये जहां पर पाइप डाले गये है, वह महज जमीन से पांच इंच नीचे ही है, पूरा कार्य गुणवत्ताहीन है। इसको लेकर संबंधित अधिकारियों को शिकायत की गई, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। मामले में कहा गया कि भीषण गर्मी प्रारंभ होने वाली है, लेकिन अब तक कार्य में कोई तेजी नहीं है। याचिका में राहत चाही गई कि बुरहानपुर के वाशिंदों को गर्मी में पेयजल उपलब्ध कराया जाए, इसके साथ ही उक्त मामले में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और ठेकेदारों के मामलों की जांच कर वैधानिक कार्यवाही की जाये। मामले की प्रारंभिक सुनवाई पश्चात न्यायालय ने अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है।

## पूर्व मंत्री सहित अन्य को कोर्ट में हाजिर होने के निर्देश

**जबलपुर,देशबन्धु।** एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश डीपी सूत्रकार ने जबलपुर की मेसर्स मोहनलाल हरगोविंददास पार्टनर्शिप फर्म के संपत्ति विवाद से जुड़े मामले में पूर्व मंत्री श्रवण पटेल सहित अन्य के समंस जारी किये है। विशेष अदालत ने सभी को दो मई को कोर्ट के समक्ष हाजिरी सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये हैं। मामले में आरोपित ज्योत्सना देवी पटेल की मृत्यु हो चुकी है, अत- उन्हें छोडकर मंत्री पटेल के अलावा रूपा पटेल, सोनल के अमीन, सिद्धार्थ पटेल को तलब किया गया है। अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि प्रकरण पूर्व सांसद से जुड़ा होने के कारण एससीपीपीएम के रूप में पंजीबद्ध हो। आवेदक गौतम पटेल की ओर से अधिवक्ता देवाशीष साकलकर व रणदीप सुरेजेबाला ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि जबलपुर के लार्डगंज थाने में पूर्व मंत्री श्रवण पटेल सहित अन्य के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट थाना लार्डगंज में दर्ज कराई गई थी। लेकिन थाने की ओर से खारिजी प्रतिवेदन स्वीकृति के लिए केस डायरी सहित प्रस्तुत कर दिया गया। वर्ष 2014 में दर्ज कराई गई एफआईआर का यह मामला पुलिस द्वारा तीन बार खारिजी के लिए प्रस्तुत किया जाना आश्चर्यजनक है क्योंकि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर जबलपुर द्वारा दिनांक 14 मार्च 2019 के प्रतिवेदन में कथन और उपलब्ध दस्तावेधों के आधार पर अपराध को गठित होना पाया था अभियुक्तगण द्वारा धारा 482 की याचिका एफ आई आर को खारिज करने के संबंध में लंबित थी जो हाइकोर्ट ने 28 जनवरी 2023 को अंतिम सुनवाई पश्चात् खारिज कर दी थी।

## बार के लिए निर्धारित कोटे की सीट पर सिविल जजों को बनाया गया एडीजे

### युगलपीठ ने कहा चयनित सिविल जज को दिया वरिष्ठता का लाभ

**जबलपुर,देशबन्धु।** मध्य प्रदेश हाईकोर्ट द्वारा एडीजे पद के लिए प्रैक्टिस अधिवक्ता के लिए निर्धारित बार कोटे की सीट पर सिविल जज को चयनित किये जाने खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी।

याचिका में कहा गया था कि संशोधित नियम में चार साल तक बार कोटे की सीट रिक्त रहने पर उसे सिविल जज कोटे में परिवर्तित किया जाना था। संशोधन के बाद उसी साल से उक्त नियम लागू कर दिया। हाईकोर्ट जस्टिस सुरेष कुमार कैत तथा जस्टिस विवेक जैन की युगलपीठ ने अपने आदेश में कहा है कि रिक्त सीटों को सिविल जज वर्ग में निर्धारित समय से पूर्व परिवर्तित किया जाना अवैधानिक था। युगलपीठ ने चयनित सिविल जज को वरिष्ठता के आधार में डीजे पद पदोन्नति प्रदान की जाये।

याचिकाकर्ता सपना झुनझुनवाला की तरफ से दायर याचिका में कहा गया था कि मप्र उच्चतर न्यायिक सेवा नियम 1994 में मध्य प्रदेश हाईकोर्ट द्वारा 2015 में संशोधन किया गया था। जिसके अनुसार एडीजे पद के लिए निर्धारित बार कोटा चार साल तक रिक्त रहता है तो उन पदों पर सिविल जज की नियुक्ति पदोन्नति के अनुसार की जायेगी। याचिका में कहा गया था कि बार के निर्धारित सीधी भर्ती सीट पर भर्ती के लिए चौथा नियम बनाया गया था। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा तीन ही नियम निर्धारित किये गये थे। याचिका में साल 2016,2017 तथा 2018 में सिविल जज के लिए निकाली गई भर्ती के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा गया था कि संशोधन कानून को उसकी साल से लागू कर दिया गया। संशोधित कानून के अनुसार चार साल से रिक्त पर सिविल जज की नियुक्ति की जानी चाहिए थे। युगलपीठ ने याचिका को स्वीकार करते हुए उक्त आदेश जारी किये।

# नरवाई जलाने से कई एकड़ की फसल जलकर खाक

## चार दर्जन से किसानों को भारी नुकसान, प्रकरण दर्ज

**जबलपुर,देशबन्धु।** गोसलपुर थाना अंतर्गत ग्राम मोहतरा स्थित बंधा हार क्षेत्र में नरवाई जलाने की घटना ने विकराल रूप ले लिया, जिससे कई एकड़ों में लगी गेहूं की फसल जलकर पूरी तरह नष्ट हो गई। इस अग्निकांड में 45 से अधिक किसानों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मोहतरा निवासी 52 वर्षीय काशी प्रसाद पटेल जो कि एक किसान हैं, अपने पिपरहा खेत में गेहूं की फसल कटवा रहे थे।

उसी समय पड़ोस के खेत में अशोक शुक्ला, उसका साढ़ू भाई प्रदीप तिवारी एवं खागामऊ निवासी गोविन्द पटेल द्वारा नरवाई में आग लगाई जा रही थी। देखते ही देखते आग फैलते हुए काशी प्रसाद के खेत तक पहुंच गई, जिससे उनकी करीब 20 एकड़ की फसल जलकर राख हो गई। प्रार्थी काशी प्रसाद पटेल ने थाना गोसलपुर में दर्ज कराई गई। जिसमें उन्होंने बताया कि इस अग्निकांड में सिर्फ उनकी ही नहीं, बल्कि आसपास के किसानों जैसे सुखराम चौधरी, राजेन्द्र पटेल सहित 45 अन्य किसानों की फसलें भी चपेट में आ गईं। खेतों में लगे नोजल, डोरी, स्टाटर आदि भी आग की भेंट चढ़ गए। अनुमानित तौर पर सिर्फ काशी प्रसाद पटेल को ही लगभग 400 क्विंटल गेहूं का नुकसान हुआ है। आग की सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई, जिनकी टीम मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक आग पर काबू पाना संभव नहीं हो पाया। किसानों ने जब अशोक शुक्ला एवं उसके साथियों को रोका तो उन्होंने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और मौके से फरार हो गए। घटना की रिपोर्ट गोसलपुर थाने में आरोपियों के खिलाफ दर्ज की गई।

# मकान मालिक की लापरवाही से गई थी किराएदार की जान

**जबलपुर,देशबन्धु।** गोहलपुर थाना अंतर्गत गाजी नगर में 1 और 2 अप्रैल की दरमियानी रात एक मकान का छज्जा गिरने से महिला की मौत हो गई थी। मर्ग जांच में खुलासा हुआ कि मकान मालिक की लापरवाही के चलते हादसा हुआ था। काफी समय से मकान का छज्जा जर्जर था। परिजनों द्वारा अनेक बार सुधार कार्य कराने का कहने पर भी जर्जर छज्जे की मरम्मत नहीं कराई गई। जिसके चलते हादसा हुआ। पुलिस ने मर्ग जांच के बाद आरोपी मकान मालिक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। गौरतलब है कि मोहम्मद आबिद पत्नी शाहीन बानो और बेटी सना के साथ गाजी नगर में किराए के मकान में रहते थे। एक और दो अप्रैल की दरमियानी रात करीब 3 बजे मकान का अचानक छज्जा गिरा था। जिसकी चपेट में परिवार आ गया था। हादसे में शाहीन बनो 38 वर्षीय की मौत हो गई थी। जबकि पति आबिद और उसकी 7 साल की बेटी सना घायल हो गई थी दोनों के पैर में फ्रैक्चर हुआ था। टीआई प्रतीक्षा मार्को ने बताया कि मर्ग जांच के दौरान परिजनों के बयान लिए गए जिसमें पूरे मामले में मकान मालिक गुड्डा की लापरवाही उजागर हुई है। मकान का छज्जा काफी जर्जर हो चुका था। जिसकी मरम्मत करने के लिए परिवार कई बार मकान मालिक से बोल चुका था, परंतु मरम्मत कार्य नहीं कराया गया। जिसके चलते यह हादसा हो गया।

## ओमती क्षेत्र में देर रात फायरिंग-बमबाजी

**जबलपुर,देशबन्धु।** ओमती थानांतर्गत समदड़िया रॉयल होम निवासी सोनू उर्फ सूरज सोनकर ने शिकायत दर्ज कराई कि बीती रात उसके घर में तत्वों ने बम चलाए और उसके घर का दरवाजा तोडने् की कोशिश की। इतना ही नहीं मामले में फायरिंग किये जाने की भी शिकायत दर्ज करायी गई है। शिकायत पर ओमती पुलिस ने विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की के तहत मामला दर्ज करते हुए कार्रवाई शुरु कर दी है। शिकायतकर्ता ने इस मामले के पीछे अफसर, छोटू खान, आसू खान एवं शाहबाज खान का हाथ होना बताया है। उसका कहना है कि इनसे उसकी पुरानी रंजिश है और इसी कारण से उसके परिवार पर ये हमला किया गया। सोनू ने बताया कि बीती रात 11 बजे जब वो अपने घर में था तभी युवक आए और उसका दरवाजा तोड़ने लगे। गालियां बकते हुए उन्होंने दीवार और बाउंड्री वॉल पर बम चलाये, इस दौरान फायरिंग भी की गई। बहरहाल पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

## दरवाजा तोड़कर कीमती जेवर और नकदी ले गये चोर

**जबलपुर,देशबन्धु।** गोराबाजार थाना क्षेत्रांतर्गत कजरवारा मॉ नर्मदा होम्स के सूने घर का ताला व दरवाजा तोड़कर अज्ञात चोर सोने-चांदी के कीमती जेवर और नगदी चुरा ले गये। जिस वक्त वारदात हुई, उस वक्त पीड़ित परिवार अपने पुराने घर घमापुर में रामनवमीं की पूजा में शामिल होने गया था। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है। पुलिस ने बताया कि मॉ नर्मदा होम्स निवासी 45 वर्षीय नितिन कुमार मलिक पीएनबी हाउसिंग फाईनेंस कंपनी में जॉब करता है। 5 अप्रैल की दोपहर करीब ढाई बजे वह अपने परिवार के साथ रामनवमीं की पूजा करने के लिये लालमाटी घमापुर वाले मकान में गया था।

# आनंद महोत्सव पर आज निकलेगी भव्य शोभायात्रा



**बरेला, देशबन्धु।** नर्मदा खंड के प्रसिद संत परमहंस अनंत श्री दादा ठन ठन पाल महाराज की चैत्र शुक्ल एकादशी 8 अप्रैल मंगलवार को निर्वाण दिवस आनंद महोत्सव में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिसमे मंगलवार सुबह 7.30 बजे भैरव बाबा मंदिर बरेला से विशाल वाहन रैली नगर भ्रमण के पश्चात श्री दादा जी की समाधि स्थल ग्राम जमुनिया में समापन एवं श्री दादा जी का पूजन आरती आनंद महोत्सव मंच द्वारा की जावेगी। इसी प्रकार बस स्टैंड स्थित मंदिर में मंगलवार सुबह 10 से श्री दादा ठनठन पाल मंदिर बस स्टैंड बरेला में श्री दादा जी का अभिषेक पूजन चरण पादुका पूजन हवन ध्वजारोहण आरती कन्या भोज भंडारा का कार्यक्रम सिद्पीठ दादा दरबार मंदिर समिति द्वारा आयोजित किया गया है। मंगलवारशाम 6 बजे से भैरवबाबामंदिर से श्री दादाजी की विशाल शोभायात्रा एवं कलश यात्रा आनंद महोत्सव मंच द्वारा निकाली जाएगी। शाम 7 बजे से श्री दादा मंदिर बस स्टैंड में श्रीदादाभजनसंध्याका कार्यक्रम गायक बुंदेलखंड महाकौशल के सुप्रसिद्ध गायक रेडियो सिंगर, टीवी कलाकार मिठाईलाल चक्रवर्ती, कविता राजपूत, राजेश ठाकुर

एव रात्रि 8 बजे श्री दादा जी की महाआरती महाप्रसाद वितरण किया जाएगा। थाने के सामने स्थित राम लीला रंग मंच पर मंगलवाररात्रि 10 बजे श्री दादा जी के जीवन पर आधारित फागों का मुकाबाला आयोजित किया गया है। आनंद महोत्सव मंच, श्रीश्री 1008 सिद्ध पीठ दादा दरबार बस स्टैंड समिति सहित सभी दादा भक्तों ने श्रद्धालु जनों से पहुंचकर धर्म लाभ अर्जित करने की अपील की है।

# पिकअप वाहन ट्रक से टकरा कर पलटा, 24 लोग घायल

**रीवा देशबन्धु।** शहर के चौराहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत हुए सड़क हादसे में दो दर्जन से ज्यादा लोग घायल हो गए जिसमें से कई घायलों की हालत गंभीर बताई गई है सभी घायलों को उपचार के लिए रीवा के संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है घटना के संबंध में घायल अवधेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी लोग उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले अंतर्गत रघुनाथपुर गांव के निवासी हैं अवधेश के मुताबिक गांव के 25 लोग एक पिकअप वाहन में सवार होकर कल देवी दर्शन करने मैहर जा रहे थे इसी दौरान जैसे ही रीवा शहर के चोरहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत चोरहटा में पहुंचे सभी पिकअप चालक को नींद आ गई और पिकअप आगे जा रहे ट्रक में पीछे से टकरा गईऔर पिकअप खेत में जा घुसा अवधेश ने बताया कि इस दौरान पिकअप पलट गया घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए रीवा के संजय गांधी अस्पताल लाया है ।

# ब्लॉक कांग्रेस सिहोरा ने सीएम का पुतला फूंका



**सिहोरा, देशबन्धु।** परिवहन घोटाले के मुख्य आरोपी सौरभ शर्मा की जमानत मध्य प्रदेश सरकार की नाकामियों की वजह से अदालत ने दी, मध्य प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव के पास गृह मंत्रालय है लेकिन उन्होंने सौरभ शर्मा का अदालत में चालान पेश नहीं किया जिस वजह से परिवहन घोटाले का मुख्य आरोपी सौरभ शर्मा को जमानत दे दी गई ऐसा लगता है कि मोहन यादव ,सौरभ शर्मा को बचाना चाहते हैं मोदी जी एवं भाजपा सरकार का कहना था की ना खाएंगे और ना खाने देंगे।

लेकिन आज की स्थिति में खुद भी खाएंगे खाने भी देंगे और खाने वाले को बचाएंगे भी इसी के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिहोरा जिला जबलपुर द्वारा सिहोरा बस स्टैंड थाने के सामने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आदरणीय जीतू पटवारी जी के निर्देशन में एवं जिला कांग्रेस ग्रामीण के अध्यक्ष डॉ नीलेश जैन जी के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री मोहन यादव का आज पुतला दहन किया गया, मध्य प्रदेश भाजपा की सरकार भ्रष्टाचार में लिप्त है परिवहन विभाग के मुख्य आरोपी सौरभ शर्मा को बचाने के लिए चालान पेश नहीं किया अगर ऐसा ही चलता रहा तो आगे उग्र आंदोलन किया जाएगा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिहोरा ने कहा कि परिवहन विभाग के मुख्य आरोपी सौरभ शर्मा एवं इस सरकार में हर जगह भ्रष्टाचार है सरकार ने अगर सौरभ शर्मा एवम घोटाले में शामिल सभी नेताओं की जांच कर उन्हें सजा नहीं दिलाई तो कांग्रेस पार्टी उग्र आंदोलन करेगी। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिहोरा के अध्यक्ष बिहारी पटेल,प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव एवं पार्षद राजेश चौबे, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता लाल बहादुर पाठक, पार्षद रमेश पटेल, पूर्व पार्षद आलोक पांडे, पूर्व पार्षद गणेश दहिया, पूर्व पार्षद राजेश पटेल, पूर्व पार्षद राम लोचन गोटिया, पूर्व पार्षद शंकर वंशकार, के, के, कुररिया, संतोष पांडे, घनश्याम बडगया, बालाराम तंतुवाय, जितेंद्र तिवारी, राहुल पांडे गुल्लू खान, जगदीश सैनी, गिरधर सरावगी , डब्बू पाठक, युसूफ भाईजान, ललित दुबे, रमाशंकर चौरसिया, अशोक पटेल, ललित दुबे, दिलीप जैन, डॉ कमल श्रीवास, राजकुमार बिरहा, मनीष पटेल, अकबर मंसूरी, मोनू मंसूरी इत्यादि बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित थे।

## सार-समाचार



### खेर माता मंदिर में की महाआरती

**कुंडम, देशबन्धु।** कुंडम खेर माता में अष्टमी की महाआरती पंडों के द्वारा किया गया, जिसमें समस्त कुंडम नगर के भक्त शामिल रहे। इसी शुभ अवसर पर क्षेत्रीय कलाकारों के द्वारा बड़े सुंदर ढंग से प्रस्तुति की गई, जिसमें गायक हुब्बी लाल चक्रवर्ती पत्रकार कुंडम और छोटेलाल रजक ने देवी जस सुनकर भक्त जनों का मन को मोह लिया। समस्त भक्त मंडली साथी भाइयों का सराहनीय सहयोग रहा। कुंडम नगर में परंपरा अनुसार इस वर्ष भी पूरा गांव इकट्ठा होकर मातारानी की महाआरती अष्टमी पावन पर्व पर खेरदाई माता मंदिर में की गई है। महाआरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### हनुमान जयंती कार्यक्रम को लेकर बैठक आयोजित



**पनागर, देशबन्धु।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल महाबली प्रखंड पनागर की हनुमान जन्मोत्सव के संदर्भ में बैठक संपन्न हुई,जिसमें आगामी 12 अप्रैल को होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई एवं कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

हनुमान जन्मोत्सव के दिन स्थानीय बस स्टैंड में प्रसाद वितरण का आयोजन किया जाएगा एवं सायंकाल 5 बजे से भगवान की शोभायात्रा का आयोजन एवं अखाड़ों का प्रदर्शन भी कार्यकर्ताओं के द्वारा किया जाएगा। सभी सनातनी बंधुओं से कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की गई है। बैठक में मुख्य रूप से जिला गौ रक्षा प्रमुख संतोष पटेल बंटी, जिला सह मंत्री नितिन ठाकुर, जिला सह मंत्री सचिन पांडे। पनागर प्रखंड अध्यक्ष शिवदत्त व्यास, गौ रक्षा प्रमुख संजीत बैरागी, धर्मेश कुशवाहा नितिन गौतम,शैलेश तिवारी,भूरा, प्रहलाद कुशवाहा,नरेंद्र दुबे, राजेश विश्वकर्मा,भोला गोटिया, राजेंद्र कुशवाहा,राजा सेन ,राजा यादव, अजय पटेल,अजय तिवारी, बृजेश बर्मन,अमित ठाकुर,जित्तू कुशवाहा, प्रवेश दहिया सभी ग्राम समितियां के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### विधायक निवास पर पहुंचकर आचार्यश्री ने दिया आशीर्वाद



**जबलपुर, देशबन्धु।** आचार्यश्री समय सागर महाराज ससंघ जबलपुर प्रथम नगर आगमन पर पनागर विधायक सुशील तिवारी जी इंदु भैया के निज निवास पर आगमन हुआ। उनके चरण निज निवास पर पड़ने से पूरे परिवार को आशीर्वाद प्राप्त हुआ और साथ ही पनागर नगर के पंचकल्याणक के लिए आचार्यश्री से निवेदन किया। इस अवसर पर माया तिवारी, युवा मोर्चा जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष हर्ष तिवारी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष पनागर रीना आनंद जैन,आनंद जैन मिंन्चू, अंकुर जैन, पवन चौधरी, सौरभ जैन नन्नू, राजा जैन, अंकित जैन सतीश पटेल ने आचार्य श्री के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

### बीड़ी पीती छात्रा का वीडियो वायरल

**रीवा देशबन्धु।** कन्या महाविद्यालय के अंदर और बाहर के दो अलग अलग वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहे है। वायरल हुए एक वीडियो में जहां कॉलेज के भीतर छात्राएं और शिक्षिकाएं फूहर गानों में डांस करती नजर आ रही है तो वही दूसरे वीडियो में कॉलेज के बाहर एक छात्र बीड़ी पीते नजर आई है। हैरानी की बात तो यह है कि इस वीडियो में कॉलेज की छात्राओं के साथ कॉलेज की प्राचार्य भी ताल में ताल मिलाकर डांस करती नजर आ रही है।

# बड़ी मढ़िया नौ देवी मंदिर की निकली हरित जवारों की कलश शोभायात्रा

## देवी मां के पंडों ने खेले भाव, बुढ़ानसागर तालाब में हुआ जवारों का विसर्जन

**गांधीग्राम, देशबन्धु।** ग्राम व क्षेत्र के प्रसिद्ध देवी मंदिर बड़ी मढ़िया नौ देवी मंदिर गांधीग्राम में भक्ति एवं आस्था का धार्मिक पर्व नवमी नवरात्र जवारे शोभायात्रा भक्ति व उल्लास के साथ मनाया गया। रात्रि 7 बजे से 8 बजे तक देवी मां की पूजन भक्ति,आरती, जिवारे निकलने का क्रम चलता रहा जिसमें ग्राम के प्रसिद्ध नौ देवी मंदिर जिसमें प्राचीन काल की नव दुर्गा के नौ विविध स्वरूपों की पाषाण प्रतिमाएं विराजमान हैं में नवमी को ब?ी म?िया मन्दिर समिति व ग्रामवासियों की उपस्थिति में मनाया गया। सबसे पहले बड़ी मढिया के पुजारी क्रमशः मनीष त्रिपाठी,लकी महाराज, सुभाष मिश्रा, सुरेन्द्र चौबे के सानिध्य में समिति के उमेश असाटी, शुभांशु असाटी,दिनेश असाटी, सोहनलाल, मोहनलाल ने मातारानी की महाआरती की।आरती गायन में बड़ी मढ़ीया समिति के नवयुवको द्वारा पौराणिक मनीष त्रिपाठी वा बालक दास ने कराई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सबसे पहले नौ देवी मंदिर क्रमशः राम जानकी मंदिर मां दुर्गा स्थल की जवारों का जुलूस पहुंचा इसके पश्चात भैरव घर दुर्गा मंदिर के जवारों का जुलूस पहुंचा।समस्त दुर्गा मंदिरों के जवारे का एकत्रीकरण होने के पश्चात यहां उपस्थित पुजारी मनीष त्रिपाठी, लकी महाराज,पंडित निखिल तिवारी ,सुभाष मिश्रा,सुरेंद्र चौबे व देवी के पंडों ने नौ देवी मंदिर ने मां की महा आरती की। मां की महाआरती ग्राम के पंडा सोहनलाल असाटी ने की।





**पंडों और दिव्यांग पंडा ने खेले भाव**- इसके पश्चात देवी भक्तों के गीत गायन के साथ मंदिर परिसर में आई विभिन्न पंडों को भाव आए। दिवयांग पंडा नरेश असाटी जो कि दोनो पैरो से दिवयांग ने देवी मां की मढ़ीया के सामने भाव खेले जिसे देखकर लोग मां दुर्गा शक्ति की को बार बार नमन करते रहे।पंडों विजय चौरसिया, ने कीलयुक्त पादुकाओं मैं चलकर व सोहनलाल असाटी, सुरेश चौरसिया ने भाव खेलते हुए हाथ में बाना लिए हुए जुलूस के साथ भ्रमण किया।इसके पश्चात हरित जवारों के लगभग 400 कलश मंदिर से अपने सिरों पर शिरोधार्य कर कतारबद्ध क्रम में महिला, पुरुषों ने मंदिर से शोभायात्रा के रूप में निकली।

सभी जवारे कलशों का बरा वाली मढ़िया के पास एकत्रिकरण हुआ।यहां पर ब?ी संख्या में देवी भक्तों ने व भजन मंडली ने देवी भजनों का गायन किया ब?ी संख्या में उक्त स्थल पर व घरों की छत पर से भक्तों ने महिला पुरुष ने जवारों के दर्शन किए।

**भक्तों ने किया भजनों का गायन**- इसी स्थान देवी मंदिरों के केवल समिति भक्तों ने देवी भक्तों के भजन का गायन जिवारे निकलते समय किया। जिससे पूरा माहौल मां की भक्ति और आस्था में डूब गया।

वाद्य यंत्रों ढोल,मंजीरा, घंटा, हारमोनियम बजाते हुए रवि चौरसिया, रामरतन चौरसिया, मोतीलाल, भूपत चौरसिया, रविशंकर असाटी, मोंटी असाटी, रामभगत चौरसिया ने यहां पर जवारों को शोभा यात्रा के रुप में भजनों का गायन किया। जिवारों को बु?ानसागर ले जाया गया।बु?ानसागर(व्यौहार सरोवर) तालाब के विसर्जन कुंड में जवारों का विसर्जन किया गया।कुछ ज्वारो को खोटकर उसे भक्तों ने देवी मंदिर में चढ़ाया। इस अवसर पर सोहनलाल असाटी, मोहनलाल असाटी, रामरतन चौरसिया, जगदीश असाटी, रोहणी असाटी, हरिप्रसाद चौरसिया, रवि चौरसिया, मोहन चौरसिया, राधा चौरसिया, अनीता राजेश त्रिपाठी, नरबद चौरसिया, विजय चौरसिया, भूपत चौरसिया, रवि चौरसिया, दीना असाटी, उमेश असाटी, प्रकाश मिश्रा, योगेन्द्र मिश्रा,कमलेश असाटी, उमेश शुक्ला, मुकेश चौरसिया, संजय चौरसिया, भगत चौरसिया, रामरतन चौरसिया, मोतीलाल चौरसिया सहित उपस्थित थे।



## धूमधाम से निकले माई के जवारे

**पनागर, देशबन्धु।** नगर की बड़ी खेरमाई, छोटी खेरमाई, तुलसी कॉलोनी की खेरमाई, बड़े के ढोल खेरमाई, के ज्वारा जलूस बडे ढोल नगाड़ो के साथ. भजन कीर्तन के साथ पण्डो के द्वारा भाव खेलते हुये निकाला गया, तथा ज्वारों की विर्सजन नगर के बलेहा तालाब में किया गया इस दौरा सभी ज्वारों एवं पण्डो का माला पहनाकर एवं पूजन कर कमानिया गेट पर स्वागत किया इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप पटेल, उपाध्यक्ष एड महेन्द्र चक्रवती सांसद प्रतिनिधि विमल जैन विधायक प्रतिनिधि – आनंद जैन, तुलसीराम कुशवाहा, विजय पटेल (देवरी) टिक्कू कुशवाहा, आशोक श्रीवास्तव, अंकुर जैन स्वप्निल ठाकुर, रोशन तिवारी, मुन्ना कुशवाहा अनारी कोरी, धरमू राम. गुरु उपाध्याय, नितिन गौतम शैलेश तिवारी जगन्नाथ शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## धर्मधानी बना कजरवारा, मन्नत वाले जवारों की निकली शोभायात्रा

**कजरवारा, देशबन्धु।** खेरमाई मंदिर में रखे जवारे की शोभा यात्रा गरिमय भाव से निकाली गई। महाकाली के रूप में खप्पर के साथ भक्तों को दर्शन दे रहीं थीं। नौ दिन धार्मिक कार्यक्रमों के साथ कजरवारा धर्मधानी बन गया था खेरमाई मंदिर से कलश लेकर महिलाएं, कन्याएं ,भक्त 5 किलो मीटर पैदल चलकर विसर्जन स्थल तक जाएंगी।

कजरवारा खेरमाई समिति अध्यक्ष के रूप में आशीष सिंह नेगी ( अशसु ठाकुर) ने पूर्व के चैत्र शिवरात्रि में माई के दरबार में होने वाले आयोजन की तरह इस वर्ष भी धार्मिक आयोजन करवाया। इस वर्ष समिति के वरिष्ठ भाई नकुल गुप्ता जी की माता जी का विगत दिनों निधन हो जाने के कारण उन्होंने अपने गृह स्थान से ही माई का पूजन स्मरण किया। जगह जगह भक्तों ने पेयजल, भंडारे का आयोजन किया है। करीबन दस हजार जनता के साथ निकलने वाले जवारे का अनेकों स्थान पर पूजन, अर्चन किया गया।

खेरमाई समिति अध्यक्ष आशीष सिंह नेगी, मंदिर पुजारी रिब्बू शर्मा, राजू पटेल, जयसवाल, अटल उपाध्याय, मतों पहलवान , कार्तिक सिंह, छोटू वाल्मीक, पलाश ठाकुर, शुभम दाहिया, कुनाल पवार,राजू पटेल,शुभम महतो, सतन महतो आदि सदस्यों ने नो दिन जवारे की सेवा कर शोभा यात्रा में सहयोग दिया। शोभा यात्रा में भोगाद्वार, धोबीघाट, पिगरी, शिवपुरी, भीटा, टेमर, उमरिया, की हजारों जनता ने धर्म लाभ अर्जित किया।

समिति के आशीष सिंह नेगी ने समस्त सदस्यों, पुलिस प्रशासन, मीडिया साथियों का आभार व्यक्त किया है।


## शारदा मंदिर में अष्टमी पूजन हवन और जवारे विसर्जित

**बरेला, देशबन्धु।** शारदा मंदिर बरेला में चैत्र नवरात्रि पर्व पर दूर दराच से भक्तों का लगा रहा ताता भक्तों ने आपनी मनोकामना पूर्ति के लिए माता की पूजन अर्चन पूरे नव दिनों तक चलती रही। आष्ठमी के दिन माता की अष्टमी पूजा रात्रि में पूरे विधि विधान से हवन का कार्य सम्पन्न हुआ नवमी के दिन मन्दिर में रखे जवारे का विसर्जन हजारों श्रद्धालुओं की भक्ति मय उपस्थित हुआ नव रात्री के पूरे दिनों में मन्दिर व्यवस्थापक *पण्डित आशीष शुक्ला एवम् अभय शुक्ला , अरविन्द तिवारी , प्रसन्न उपाध्यय* और पूरे परिवार के द्वारा सम्पूर्ण व्यवस्था की जाती है नव रात्री पर्व पर *पुलिस प्रशासन डी एस पी आकांक्षा उपाध्याय,थाना प्रभारी विजय विश्वकर्मा एवम् समस्त सहयोगीयो का सरहनीय योगदान रहा।



# अष्टभुजा माता के दर्शन कर लौट रहे रिश्ते के दो भाइयों की सड़क हादसे में मौत

**रीवा देशबन्धु।** मऊगंज जिले की नईगढ़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत अष्टभुजा माता मंदिर में दर्शन कर लौट रहे रिश्ते के दो भाई सड़क हादसे का शिकार हो गए गंभीर रूप से घायल दोनों भाइयों को उपचार के लिए रीवा के संजय गांधी अस्पताल लाया गया जहां देर रात दोनों की मृत्यु हो गई है पुलिस मामले में मर्ग कायम कर सड़क हादसे की जांच कर रही है। घटना के संबंध में विजय कुमार साकेत ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम जुडमनिया थाना लौर निवासी शुक्रमणि साकेत और दिनेश साकेत बाइक से कल अष्टभुजा माता मंदिर में दर्शन करने गए हुए थे जहां से लौटते वक्त अज्ञात वाहन की टक्कर लग जाने के कारण दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।



सड़क दुर्घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पुलिस पहुंची और दोनों घायलों को नईगढ़ी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उपचार के लिए लाया गया जहां हालत गंभीर होने पर रीवा के संजय गांधी अस्पताल रेफर कर दिया गया, विजय ने बताया कि यहां उपचार के दौरान शुक्रमणि और दिनेश की मौत हो गई है विजय के मुताबिक मृतक रिश्ते के भाई हैं पुलिस फिलहाल मामले की जांच कर रही है।

# बेटे की साली ने प्रेमी के साथ मिलकर की थी वृद्ध की हत्या

- शॉर्ट वीडियो से खुला हत्या का राज

**रीवा देशबन्धु।** शार्ट वीडियो ने 7 माह पुरानी अंधी हत्या का रहस्य खोल दिया। इस खौफनाक वारदात को अंजाम देने वाली महिला मृतक के बेटे की साली निकली है, जिसने अपने प्रेमी के साथ मिलकर हत्या की थी। पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि उसका प्रेमी फरार है। रीवा जिले के जवा थाना क्षेत्र से एक वृद्ध अक्टूबर 2024 में गायब हुआ था। उसकी गुमशुदगी थाने में कायम थी। पेंडिंग मामलों की समीक्षा कर रहे एसडीओपी त्यौंथर उदित मिश्रा ने इस मामले की नए सिरे जांच शुरू कराकर परिजनों को बुलवाकर उनके बयान लिए। जांच के दौरान एक शार्ट वीडियो पुलिस के संज्ञान में आया, जिसमें महिला वृद्ध के साथ मारपीट करते दिखी। यह वीडियो वृद्ध की बहन के लड़के के मोबाइल में मिला था। वीडियो में वृद्ध के साथ मारपीट करने वाली महिला बेटे की साली निकली, जो प्रयागराज के शंकरगढ़ में रहती थी। पुलिस ने महिला को हिरासत में लेकर वीडियो के आधार पर उससे पूछताछ की तो उसने वृद्ध की हत्या करना स्वीकार कर लिया।



पूछताछ में महिला ने बताया कि वह वृद्ध को एक्सीडेंट होने का झांसा देकर अपने प्रेमी अंकित यादव निवासी देवरा लोनीपार शंकरगढ़ जिला प्रयागराज के साथ गढ़ के देऊर बौद्ध स्तूप में लेकर गई। वहां महिला ने वृद्ध के साथ पहले मारपीट की। बाद में गमछे से उसका गला घोंट दिया।

आरोपियों ने पहचान छिपाने पत्थर से उसका चेहरा कुचल दिया था। गढ़ थाने में हत्या का प्रकरण कायम था, लेकिन मृतक की पहचान नहीं हो पाई थी। पुलिस ने घटनास्थल का वीडियो, पत्थर के टुकड़े, मृतक की चप्पल व कपड़े बरामद किए हैं। मामले में अंकित यादव फरार है, जिसकी पुलिस तलाश कर रही है।

## पाकिस्तान में अफगान शरणार्थियों पर सख्त एक्शन जारी, हजारों निर्वासित

**इस्लामाबाद, (आईएएनएस)।** पाकिस्तान ने 31 मार्च की समय सीमा समाप्त होने के बाद निर्वासन प्रक्रिया को तेज कर दिया है। हजारों अफगान शरणार्थियों को जबरन वापस भेजा जा रहा है। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, 1 अप्रैल से अब तक 944 से अधिक अफगान परिवारों, जिनमें 6,700 व्यक्ति शामिल हैं, को पाकिस्तान से निर्वासित किया जा चुका है। सबसे बड़ी कार्रवाई पंजाब प्रांत में हुई। 5,111 अफगान नागरिकों को प्रत्यावर्तन के लिए प्रांत भर में स्थित ट्रांजिट शिविरों या हिरासत केंद्रों में ले जाया गया। इनमें 2,301 बच्चे और 1,120 महिलाएं शामिल थीं। कराची से 300 से ज्यादा अफगानों को पाकिस्तान से उनके देश वापस भेजा गया। सिंध के वरिष्ठ मंत्री शारजील इनाम मेमन ने कहा कि कराची से निर्वासित लोगों में 79 बच्चे, 37 महिलाएं और 191 पुरुष शामिल हैं। रावलपिंडी में कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने रविवार को 140 महिलाओं और 164 बच्चों सहित 736 अफगान नागरिकों को हिरासत में लिया। उन्हें गोलरा मोड़ के पास अफगान शरणार्थी शिविर में भेज दिया। 736 लोगों में से 179 को अफगानिस्तान वापस भेज दिया गया।

# गाजा नरसंहार पर यह कैसा जश्न? बिल गेट्स के सामने भारतीय इंजीनियर का फूटा गुस्सा





**वाशिंगटन।** 50वीं वर्षगांठ समारोह के मंच पर उस वक्त सन्नाटा छा गया जब एक भारतीय-अमेरिकी सॉफ्टवेयर इंजीनियर ने दुनिया की सबसे बड़ी टेक कंपनी के तीन दिग्गजों सत्या नडेला, स्टीव बॉलमर और बिल गेट्स को गाज़ा में नरसंहार में तकनीकी सहयोग देने के लिए कठघरे में खड़ा कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि गाजा की धरती खून से सनी है और ऐसे में हम जश्न कैसे मना सकते हैं, जब हम ही खुद इस नरसंहार के लिए कठघरे पर खड़े हैं। कड़े विरोध के बाद उन्होंने अपना इस्तीफा दे दिया।

माइक्रोसॉफ्ट के हेडक्वार्टर में जश्न का माहौल उस समय बदल गया जब सॉफ्टवेयर इंजीनियर वानिया अग्रवाल ने मंच पर खड़े सीईओ सत्या नडेला, स्टीव बॉलमर और सह-संस्थापक बिल गेट्स पर गाज़ा में हो रही मौतों के लिए माइक्रोसॉफ्ट की तकनीक को जिम्मेदार ठहराते हुए जोरदार विरोध दर्ज कराया। वानिया ने कहा, शर्म करो! 50,000 फलस्तीनियों की मौत हुई है माइक्रोसॉफ्ट की तकनीक से। उनके खून पर ये जश्न? इजरायल से रिश्ते तोड़ो! इसके बाद वानिया को बाहर ले जाया गया, दर्शकों में से कुछ ने हूटिंग की तो कई पूरी तरह स्तब्ध रह गए।

**वानिया ने अपने लेटर में क्या लिखा**

उनकी चिट्ठी में लिखा था, हम किसे सशक्त बना रहे हैं? अत्याचारियों को? युद्ध अपराधियों को? माइक्रोसॉफ्ट अब एक ऐसा प्लेटफॉर्म बन चुका है जो निगरानी, नस्लभेद और नरसंहार को ताकत देता है। इस कंपनी का हिस्सा बनकर हम सब भी इसमें भागीदार हैं। इस घटना से पहले एक और कर्मचारी, इब्तिहाल अबूस्साद ने माइक्रोसॉफ्ट के एआई प्रमुख मुस्तफा सुलैमान को मंच से ही युद्ध के सौदागर कहकर ललकारा था।

### इंजीनियर के विरोध के बीच मुस्कुराते रहे गेट्स

लेकिन मंच पर बैठे बिल गेट्स ने वानिया की भावनात्मक गुहार के बाद भी मुस्कुराते हुए अपनी बातचीत जारी रखी - मानो कुछ हुआ ही न हो। घटना के कुछ समय बाद, वानिया ने अपना इस्तीफा भी दे दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि 11 अप्रैल को उनका माइक्रोसॉफ्ट में आखिरी दिन होगा। इस्तीफे के पत्र में उन्होंने कंपनी को डिजिटल हथियारों का निर्माता बताया और कहा कि कंपनी की क्लाउड सेवाएं और एआई तकनीक इज़रायल की ऑटोमेटेड अपार्थेड और जनसंहार मशीनरी की रीढ़ बन चुकी हैं।




## नेपाल सरकार को आंदोलनकारी शिक्षकों की चुनौती, देशभर में हड़ताल का ऐलान

**काठमांडू, (आईएएनएस)।** नेपाल में शिक्षकों ने नेपाल शिक्षक संघ के बैनर तले सोमवार को नए स्कूल शिक्षा एक्ट की मांग को लेकर आम हड़ताल की घोषणा की। स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, हड़ताल का उद्देश्य सरकार पर अपनी मांगों को पूरा करने के लिए दबाव बढ़ाना है। नेपाल के स्कूल शिक्षकों के प्रमुख संगठन फेडरेशन ने देशभर के शिक्षकों से अपने स्कूल बंद करने और काठमांडू में इक्ट्ठा होकर विरोध प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की। महासंघ ने शिक्षकों को रिजल्ट तैयार करने सहित अन्य जिम्मेदारियों को पूरा करने से परहेज करने का निर्देश दिया।

महासंघ के बयान में कहा गया, चल रहे आंदोलन को मजबूत करने के लिए 7 अप्रैल से स्कूलों में आम हड़ताल की घोषणा की गई है। हम सभी शिक्षकों और कर्मचारियों से अपील करते हैं कि वे देश भर के सभी स्कूलों को बंद करके काठमांडू में शैक्षिक आंदोलन में अनिवार्य रूप से भाग लें। महासंघ ने शिक्षकों से उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन और परिणाम प्रकाशन जैसी जिम्मेदारियां पूरा न करने के साथ-साथ प्रशिक्षण कार्यशालाओं, सेमिनारों या शैक्षिक दौरों में भाग न लेने को कहा। आंदोलनकारी शिक्षकों की ओर से हड़ताल की घोषणा ऐसे समय में की गई जब माध्यमिक शिक्षा परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन और नए शैक्षणिक सत्र के लिए नामांकन अभियान शुरू करने की तैयारियां चल रही हैं। नेपाल में नया शैक्षणिक सत्र 15 अप्रैल से शुरू हो रहा है। नेपाल की शिक्षा मंत्री बिद्या भट्टाराई ने नेपाल के प्रमुख समाचार पत्र काठमांडू पोस्ट से कहा, सरकार ने उन्हें कई बार बातचीत के लिए बुलाया। मैंने व्यक्तिगत रूप से महासंघ के अध्यक्ष को बातचीत के लिए बुलाया और विरोध प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारियों से मुलाकात भी की।

मंत्री ने कहा, उन्होंने बातचीत के लिए आन से इनकार कर दिया है, उनका तर्क है कि चर्चा करने के लिए कुछ भी नहीं है। स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, स्कूल शिक्षा एक्ट को लागू करने की मांग को लेकर देशभर के शिक्षक 2 अप्रैल से काठमांडू में इक्ट्ठा हो रहे हैं। यह एक्ट सरकार की प्रतिबद्धताओं के बावजूद संसद में लंबित है। नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने सरकार की सिफारिश पर मंगलवार को संघीय संसद के सत्र को स्कूल शिक्षा विधेयक को मंजूरी दिए बिना स्थगित कर दिया। विधेयक डेढ़ साल से सदन की समिति में लंबित है।

### आज का इतिहास

1341 – इतालवी विद्वान और कवि फ्रांसेस्को पेट्रार्क को रोम में एक समारोह में 'कवि' की उपाधि दी गई।

1801 – रोमानिया की राजधानी बुखारेस्ट में हुई हिंसा में 128 यहूदियों की मौत।

1820 – दुनिया की सबसे मशहूर मूर्तियों में से एक वीनस डि मेलो की खोज मिलोस द्वीप पर एक यूनानी किसान योर्गोस केंट्रोटस ने की थी।

1831 – प्रसिद्ध समाज सुधारक राजा राम मोहन राय इंग्लैंड पहुंचे।

1832 – चार्ल्स डार्विन रियो डी जनेरियो से यात्रा शुरू की।

1857 – ब्रिटिश सरकार के खिलाफ बगावत की चिंगारी भड़काने वाले बैरकपुर रेजीमेंट के सिपाही मंगल पांडेय को फांसी दी गई।

1894 – भारत के राष्ट्रीय गीत बंदे मातरम् के रचयिता बंकिम चन्द्र चट्टोपाध्याय का कलकत्ता में निधन।

1924– शास्त्रीय संगीत गायक कुमार गंधर्व का जन्म हुआ।

1929 – क्रांतिकारी भगत सिंह और बटुकेश् वर दत्त ने दिल्ली असेंबली हॉल में बम फेंका और गिरफ्तारी दी।

### सुडोकू 6876

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | 9 | | | | | | 8 |
| | 4 | | 2 | | 9 | 1 | | |
| | | | | 7 | | | 9 | |
| 5 | | | | 2 | 7 | | | |
| 3 | | | | | | | | 6 |
| | | | 6 | 1 | | | | 7 |
| | 9 | | | 8 | | | | |
| | | 1 | 5 | | 6 | | 3 | |
| 4 | | | | | | 7 | | 9 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**



## कांगो की राजधानी में भारी बारिश लाई बाढ़, 33 लोगों की मौत

**किंशासा, (आईएएनएस)।** कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (डीआरसी) की राजधानी किंशासा में भारी बारिश के कारण आई बाढ़ में कम से कम 33 लोगों की जान चली गई। अधिकारियों ने सोमवार को इस बात की पुष्टि की। उप प्रधानमंत्री और आंतरिक एवं सुरक्षा मंत्री जैकमैन शबानी ने बताया कि शुक्रवार से शनिवार की रात तक हुई तेज बारिश से राजधानी के कई इलाकों में भारी नुकसान हुआ है। इस दौरान कई लोग घायल हो गए हैं और कई घर भी तबाह हो गए हैं। इसके जवाब में सरकार ने सशस्त्र बलों, विभिन्न मंत्रालयों और किंशासा प्रांतीय सरकार के साथ मिलकर एक संकट प्रबंधन टीम बनाई है, ताकि लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला जा सके और आपातकालीन टीमें भेजी जा सकें। बाढ़ के कारण शहर का ज्यादातर ढांचा प्रभावित हो गया है। मुख्य सड़कें पानी में डूब गई हैं और पूरे शहर में बिजली और पानी की सप्लाई में बड़ी परेशानियां आ गई हैं। परिवहन मंत्रालय ने बताया कि एन जिली अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से आने-जाने वाली सड़कें बुरी तरह प्रभावित हुई हैं, जिसके कारण फंसे हुए यात्रियों की मदद के लिए आपातकालीन नाव सेवाएं शुरू की गई हैं। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि आने वाले दिनों में भारी बारिश जारी रह सकती है, जिससे 17 मिलियन की आबादी वाले इस शहर में और ज्यादा नुकसान हो सकता है। 6 अप्रैल को किंशासा के गवर्नर डैनियल बुम्बा ने कहा था कि मृतकों की संख्या अभी अस्थायी है और खोज व बचाव के काम जारी रहने पर यह बढ़ सकती है। बुम्बा ने स्थानीय मीडिया को बताया, हम अभी भी बचाव कार्य चला रहे हैं, खासकर गर्भवती महिलाओं और बच्चों जैसे कमजोर लोगों के लिए। सैन्य की मदद से मोंट-अम्बा, सालोंगो और नदानु जैसे सबसे प्रभावित इलाकों में आपातकालीन निकासी का काम जारी है। मुख्य सड़कें पानी में डूब गईं, जिसके कारण कई इलाकों में बिजली और पानी की सप्लाई बाधित हो गई। बाढ़ ऐसे समय में आई है जब देश के पूर्वी हिस्से में संघर्ष बढ़ रहा है। रवांडा समर्थित एम23 विद्रोहियों ने साल की शुरुआत से वहां हमले तेज कर दिए हैं, जिसके कारण हाल के महीनों में 7,000 से ज्यादा लोग मारे गए हैं और लाखों लोग अपने घरों से बेघर हो गए हैं। पूर्वी डीआरसी अपनी खनिजों की संपत्ति के कारण संघर्ष का मुख्य केंद्र बन गया है, जहां कई सशस्त्र समूह कोल्टन, टिन, टैंटालम और सोने पर कब्जा करने के लिए लड़ाई कर रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, जनवरी के अंत से अब तक लगभग 10 लाख लोग अपने घरों से भागने को मजबूर हो चुके हैं, जिनमें लगभग 400,000 बच्चे भी शामिल हैं।

## रूस की लगातार बमबारी से परेशान हूं, अब रुक जाइए पुतिन, यूक्रेन पर ट्रंप की भावुक अपील

**मास्को।** रूस और यूक्रेन के बीच भीषण युद्ध को तीन साल से ज्यादा का वक्त हो गया है और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की लाख कोशिशों के बावजूद युद्ध का कोई हल नहीं दिख रहा है। इस बीच ट्रंप ने रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर सोमवार को बड़ा बयान दिया। उन्होंने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से युद्ध रोकने की अपील करते हुए कहा कि यह हिंसा अब बंद होनी चाहिए। ट्रंप ने कहा, हम रूस से बात कर रहे हैं। हम चाहते हैं कि वे रुक जाएं। मुझे यह पसंद नहीं कि हर हफ्ते हज़ारों युवा मारे जा रहे हैं। ट्रंप का यह बयान ऐसे समय पर आया है जब यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेन्स्की ने अमेरिका से स्पष्ट और शीघ्र जवाब की मांग की है। ज़ेलेन्स्की ने रविवार को कहा, हमने ट्रंप के पूर्ण और बिना शर्त 30 दिनों के युद्धविराम प्रस्ताव को लगभग एक माह पहले ही स्वीकार कर लिया था। अब हम अमेरिका की प्रतिक्रिया का इंतजार कर रहे हैं, जो अभी तक नहीं आई है।

## गिरफ्तारी का डर!
## ट्रंप से मिलने के लिए नेतन्याहू 400 कि.मी. ज्यादा घूमकर पहुंचे अमेरिका

**तेलअवीव।** डोनाल्ड ट्रंप के रेसिप्रोकल टैरिफ का असर दुनियाभर के बाजारों में देखने को मिल रहा है। भारत समेत एशिया और अमेरिका के शेयर बाजार धड़ाम हो चुके हैं।

करीब 50 से अधिक देशों ने ट्रंप से मिलने की इच्छा जताई है। इसमें ट्रंप के दोस्त इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू भी शामिल हैं। ट्रंप से टैरिफ मुद्दों पर राहत पाने के लिए नेतन्याहू आज अमेरिका पहुंच गए हैं। वो कुछ घंटों में ट्रंप से मुलाकात कर सकते हैं। इजरायली मीडिया की रिपोर्ट है कि हंगरी से उड़ान भरने के बाद नेतन्याहू ने अमेरिका पहुंचने के लिए 400 किलोमीटर का एक्स्ट्रा हवाई सफर तय किया। इसके पीछे की वजह नेतन्याहू की गिरफ्तारी का डर बताया जा रहा है।

नेतन्याहू के विमान ने हंगरी से अमेरिका की उड़ान के दौरान सामान्य मार्ग से करीब 400 किलोमीटर लंबा रास्ता तय किया ताकि उन देशों के हवाई क्षेत्र से बचा जा सके जो अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय के गिरफ्तारी वारंट को लागू कर सकते थे। गाजा में युद्ध नरसंहार के दौरान उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। आईसीसी के नियमों को मानने वाले देश के यहां यात्रा करने पर नेतन्याहू की गिरफ्तारी हो सकती है। हालांकि हंगरी ने ऐसा नहीं किया।

**नेतन्याहू को किन देशों से था डर-** रिपोर्ट के अनुसार, इज़रायल को आशंका थी कि आयरलैंड, आइसलैंड और नीदरलैंड जैसे देश आईसीसी द्वारा जारी गिरफ्तारी वारंट के तहत कार्रवाई कर सकते हैं, इसलिए नेतन्याहू के विमान ने उनके हवाई क्षेत्र को पूरी तरह से नजरअंदाज किया।

**ट्रंप से अहम मुलाकात -** नेतन्याहू वर्तमान में अमेरिका के वॉशिंगटन डीसी में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात के लिए पहुंचे हैं। ट्रंप से इजरायल टैरिफ पर राहत की उम्मीद चाहता है। साथ ही गाजा युद्धविराम और ईरान संग बढ़ रहे तनाव पर भी चर्चा संभव




है। इससे पहले वह हंगरी के दौरे पर थे, जहां उन्होंने प्रधानमंत्री विक्टर ऑर्बन से बातचीत की। ऑर्बन की सरकार ने नेतन्याहू के दौरे से पहले घोषणा की थी कि वह आईसीसी की आधार संधि रोम स्टैच्युट से हट रही है, जो किसी भी आरोपी को आईसीसी के सुपुर्द करने का दायित्व देती है।

## नाजियों को भी तो.. निर्वासन पर अमेरिकी कोर्ट का ट्रंप प्रशासन को झटका

**वाशिंगटन।** अमेरिकी कोर्ट ने वेनेजुएला के अप्रवासियों के निर्वासन वाले मामले पर ट्रंप प्रशासन को जमकर लताड़ लगाई है।

कोर्ट की तरफ से कहा गया कि इस कानून के तहत दूसरे विश्व युद्ध में नाजियों को भी बेहतर व्यवहार मिला था लेकिन इन नागरिकों के साथ ऐसा नहीं है अमेरिका में अप्रवासियों के निर्वासन को लेकर ट्रंप प्रशासन और न्यायिक व्यवस्था में ठनी हुई है। सोमवार को एक संघीय जज ने ट्रंप प्रशासन की जमकर आलोचना करते हुए कहा कि आज सरकार के द्वारा कथित तौर पर वेनेजुएला की एक गिरोह के सदस्यों के साथ जैसा बर्ताव किया जा रहा है वैसा तो दूसरे विश्व युद्ध के समय नाजी लोगों के साथ भी नहीं किया गया था। लगभग 80 साल पहले उन लोगों को भी आज से बेहतर व्यवहार मिला था।

### वर्ग पहेली 6876




**बायें से दायें:-**

१. लोगों की मानसिकता
४. नक्शेकदम
६. सीमा, प्रतिष्ठा
७. धीमा
९. एक से अधिक
१०. पत्थर
११. एक छोटी चिड़िया
१३. असहमति (उर्दू)
१४. दुर्घटना
१५.सैनिकों का अभ्यास, कसरत
१७. वह धन जो तुरंत अदा किया जाए, सिक्कों के रूप में दान
१९. मातृभूमि (उर्दू)
२१. राक्षस, असुर
२२. जंगल में पैदा होने वाला
२४. कौशल्या

**ऊपर से नीचे:-**

१. करत करत अभ्यास के... होत सुजान
२. मृत्यु शोक (उर्दू)
३. टाईम कीपर
४. पधारना
५. उत्तर भारत की एक नदी
९. कलाकार (उर्दू)
११. निमंत्रण
१२. ऊंचा
१३. मानव (उर्दू)
१४. आवश्यकता, चाहत (उर्दू)
१५. ऋणी
१६. आजीवन अविवाहित रहने वाली स्त्री
१८. कछुआ
१९. व्यापारी
२०. मक्खन
२३. शीघ्र (उर्दू)

### वर्ग पहेली-6875



यूसुफ कुरैशी, मो. 8109948408

**उपलब्धि** *गुजरात के हाथ लगी एक और उपलब्धि*

# मातृ व बाल स्वास्थ्य के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में से एक बना प्रदेश

**गांधीनगर, (एजेंसियां)। विश्व स्वास्थ्य दिवस 2025 की थीम मातृ और नवजात स्वास्थ्य पर केंद्रित है, जिसका उद्देश्य महिलाओं के अधिकारों को सशक्त बनाना और मातृ व शिशु स्वास्थ्य सेवाओं में निवेश बढ़ाना है। इसी दिशा में गुजरात सरकार ने कई नवाचारी और प्रभावशाली पहलें की हैं।**

जिससे यह मातृ एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में देश की अग्रणी राज्यों में से एक बन गया है। सरकारी सूत्रों ने रविवार को बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'स्वस्थ भारत, समृद्ध भारत' के मंत्र को दृष्टिगत रखते हुए, मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व में गुजरात सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि राज्य की हर मां और हर बच्चे को जीवन की शुरुआत से ही गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त हों, जो विश्व स्वास्थ्य दिवस 2025 की थीम 'स्वस्थ शुरुआत, आशावान भविष्य' के अनुरूप है। उन्होंने बताया कि विश्व स्वास्थ्य दिवस 2025 की यह थीम मातृ और नवजात स्वास्थ्य पर केंद्रित है, जिसका उद्देश्य महिलाओं के अधिकारों को सशक्त बनाना और मातृ व शिशु स्वास्थ्य सेवाओं में निवेश बढ़ाना है। इसी दिशा में, गुजरात सरकार ने कई नवाचारी और प्रभावशाली पहलें की हैं, जिससे वह मातृ एवं बाल स्वास्थ्य के क्षेत्र में देश की अग्रणी राज्यों में से एक बन गई है।

मातृ मृत्यु दर में 50 प्रतिशत की उल्लेखनीय कमी के साथ मातृत्व को किया सुरक्षित। गुजरात सरकार ने मातृ स्वास्थ्य सुधार के लिए अपने केंद्रित प्रयासों से मातृ मृत्यु दर में 50 प्रतिशत की उल्लेखनीय कमी हासिल की है। गुजरात की मातृ मृत्यु दर (एमएमआर) जो वर्ष 2011-13 में 112 थी, यह 2020 में जारी आंकड़ों के अनुसार घटकर 57 हो गई है। आपको बता दें कि, गुजरात में हर वर्ष 14 लाख से अधिक गर्भवती महिलाओं को समय पर गुणवत्तापूर्ण जांच, टीकाकरण और पोषण सेवाएं प्रदान की जाती हैं।



■ मातृ व शिशु स्वास्थ्य सेवाओं में निवेश बढ़ाना मुख्य उद्देश्य

गुजरात ने मातृ एवं बाल स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए 121 फर्स्ट रेफरल यूनिट्स, 153 ब्लड स्टोरेज यूनिट्स और 20 मातृ आईसीयू की स्थापना की है, जिससे आपातकालीन स्थिति में समय पर और सुरक्षित इलाज सुनिश्चित हो सके। इसके परिणामस्वरूप, राज्य ने 99.97 प्रतिशत संस्थागत प्रसव दर हासिल की है, जो राष्ट्रीय स्तर पर एक मिसाल है। एचबीएनसी, एचबीवायसी और एसएनसीयू कार्यक्रमों का सकारात्मक असर। राज्य सरकार सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजीएस) के अनुरूप 2030 तक शिशु मृत्यु दर को एकल अंक में लाने के लक्ष्य की दिशा में कार्य कर रही है। इन प्रयासों के परिणाम स्वरूप गुजरात में शिशु मृत्यु दर में 2005 में प्रति 1,000 जीवित जन्मों पर 54 से घटकर 2020 में 23 हो गई है , जो कि 57.40 प्रतिशत की उल्लेखनीय गिरावट को दर्शाता है।

# खेल जगत

## एसआरएच ने परिस्थितियों का आकलन और सम्मान नहीं किया : विटोरी

**हैदराबाद।** आईपीएल 2025 में गुजरात टाइटंस (जीटी) से सात विकेट से हारने और सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) की लगातार चौथी हार के बाद, मुख्य कोच डेनियल विटोरी ने स्वीकार किया कि टीम ने बल्लेबाजी क्रम के रूप में परिस्थितियों का आकलन और सम्मान करने का काम नहीं किया है। राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में, एसआरएच की आक्रामक बैटिंग लाइन-अप उम्मीदों पर खरा नहीं उतर पाई और अपने 20 ओवरों में 152/8 पर समाप्त हुई। जवाब में, आईपीएल 2022 चैंपियन जीटी ने कुल स्कोर का पीछा करने और सात विकेट से जीत हासिल करने के लिए मात्र 16.4 ओवर लिए। विटोरी ने कहा कि मुझे लगता है कि हम जानते हैं कि यह शैली कारगर साबित होगी, लेकिन हमें परिस्थितियों का सम्मान करना होगा और हमें वास्तव में अच्छी तरह से आकलन करना होगा और शायद यही कुछ ऐसा है जो हमने नहीं किया है।



# पंजाब किंग्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच होगा जबरदस्त मुकाबला

■ पंजाब ने पिछले मैच में रॉयल्स के खिलाफ 50 रनों की बड़ी हार का सामना किया



**न्यू चंडीगढ़,** 7 अप्रैल (एजेंसियां)। पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) मंगलवार को महाराजा यादवेंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में आईपीएल 2025 के मैच में संघर्षरत चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की मेजबानी करेगा। सीजन के अपने पहले घरेलू मैच में हार का सामना करने के बाद, श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली टीम संघर्षरत पांच बार की चैंपियन के खिलाफ जीत की राह पर लौटने की उम्मीद करेगी। चेन्नई स्थित यह फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, राजस्थान रॉयल्स और दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ हार के बाद अपने पिछले तीन मैचों में रन चेज पूरा करने में विफल रहने के बाद अंक तालिका में नौवें स्थान पर है। टीम पर जो सवाल मंडरा रहा है, वह यह है कि रचिन रवींद्र, डेवोन कॉनवे, रुतुराज गायकवाड़ और शिवम दुबे जैसे मजबूत शीर्ष क्रम के बावजूद, टीम में गहराई की कमी है, जिससे प्रशंसकों को बड़े स्कोर का पीछा करने की उनकी क्षमता पर भरोसा नहीं रहा है। दूसरी ओर, पंजाब ने अपने शुरुआती दो मैच जीतने के बाद, पिछले मैच में रॉयल्स के खिलाफ 50 रनों की बड़ी हार का सामना किया। मध्यक्रम में गिरावट के कारण किंग्स लड़खड़ा गए और उन्हें पोंटिंग-अय्यर युग में पहली हार का सामना करना पड़ा।

**कहां:** मैच न्यू चंडीगढ़ के महाराजा यादवेंद्र सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में होगा।

**समय:** टॉस शाम 7 बजे होगा और पहली गेंद शाम 7:30 बजे फेंकी जाएगी।

**लाइव स्ट्रीमिंग:** मैच का सीधा प्रसारण जियोहॉटस्टार पर किया जाएगा और इसका प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर किया जाएगा।

**दस्ते:** पंजाब किंग्स: नेहाल वढेरा, हरनूर सिंह, श्रेयस अय्यर, मुशीर खान, पाइला अविनाश, प्रभसिमरन सिंह, विष्णु विनोद, जोश इंग्लिस, मार्कस स्टोइनिस, ग्लेन मैक्सवेल, प्रवीण दुबे, प्रियांश आर्य, अजमतुल्लाह उमरजई, आरोन हार्डी, मार्को जानसन, हरप्रीत बराड़, सूर्यांश शेडगे, शशांक सिंह, लॉकी फर्ग्यूसन, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जेवियर बार्टलेट, कुलदीप सेन, विजयकुमार वैश्य, यश ठाकुर।

**चेन्नई सुपर किंग्स:** रुतुराज शेख रशीद, आंद्रे सिद्धार्थ सी, राहुल त्रिपाठी, डेवोन कॉनवे, एमएस धोनी, वंश बेदी, दुबे, रवींद्र जडेजा, विजय शंकर, दीपक हुड्डा, अंशुल कंबोज, रचिन रवींद्र, जेमी ओवरटन, कमलेश नागरकोटी, रामकृष्ण घोष, अश्विन, सैम करेन, मथीशा पथिराना, श्रेयस गोपाल, मुकेश चौधरी, नाथन एलिस, गुरजपनीत सिंह, नूर अहमद, खलील अहमद।

## अपने यूट्यूब चैनल पर सीएसके के मैचों का प्रीव्यू या रिव्यू नहीं करेंगे अश्विन

**नई दिल्ली।** चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाड़ियों की आलोचना के बाद सोशल मीडिया पर मचे बवाल के चलते आर अश्विन आईपीएल 2025 के शेष सीजन में अपने यूट्यूब चैनल पर सीएसके के मैचों का प्रीव्यू या रिव्यू नहीं करेंगे। प्रसन्ना अगोरम इस शो में नियमित मेहमान हैं और पहले दक्षिण अफ्रीका और आरसीबी के लिए विश्लेषक रह चुके हैं। उन्होंने अफगानिस्तान के नूर अहमद को चुनने के सीएसके के फैसले की आलोचना की। उन्होंने कहा कि जब टीम ने पहले ही रविचंद्रन अश्विन (जिन्हें 9.75 करोड़ रुपये में खरीदा गया) और रवींद्र जडेजा के साथ स्पिन अटैक को मजबूत करने की योजना बनाई थी, तब एक और स्पिनर को लेने की क्या जरूरत थी। उनका यह बयान एक विवाद बन गया। अगोरम का मानना था कि टीम को एक अतिरिक्त बल्लेबाज पर दांव लगाना चाहिए था, बजाय एक और स्पिनर के। इस टिप्पणी के बाद वीडियो को हटा लिया गया, क्योंकि सीएसके की लगातार तीसरी हार के बाद सोशल मीडिया पर तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिली। इनमें 2008 के बाद पहली बार आरसीबी के खिलाफ घरेलू हार और 2010 के बाद दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पहली हार शामिल है।

### आईपीएल 2025

## ईशांत शर्मा पर आचार संहिता के उल्लंघन के लिए लगाया गया जुर्माना

**हैदराबाद,** 7 अप्रैल (एजेंसियां)। गुजरात टाइटंस के तेज गेंदबाज ईशांत शर्मा पर आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के कारण उनकी मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और उनके खाते में एक डिमेरिट प्वाइंट भी जोड़ दिया गया है। यह घटना सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ खेले गए मैच में हुई।

बीसीसीआई के अनुसार, ईशांत शर्मा ने लेवल 1 के अपराध को स्वीकार कर लिया है, जो आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 के अंतर्गत आता है। उन्होंने मैच रेफरी द्वारा दी गई सजा को भी मान लिया है। लेवल 1 के मामलों में मैच रेफरी का फैसला अंतिम और बाध्यकारी होता है। आईपीएल के नियमों के अनुसार, नियम 2.2 मैच के दौरान क्रिकेट के सामान या कपड़ों, मैदान के उपकरणों या अन्य चीजों के गलत इस्तेमाल से जुड़ा है। जैसे विकेटों पर हिट करना या लात मारना और कोई भी ऐसा कार्य जो जानबूझकर या लापरवाही से किया हो जैसे विज्ञापन बोर्ड, बाउंड्री फेंस, ड्रेसिंग रूम के दरवाजे, दर्पण, खिड़कियां और अन्य फिक्सचर और फिटिंग को नुकसान पहुंचाना।

# सिराज के 100 विकेट पूरे, जहीर खान की बराबरी, तोड़ सकते हैं नेहरा का रिकॉर्ड

■ सिराज ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट झटके और उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच भी मिला



**नई दिल्ली,** 7 अप्रैल (एजेंसियां)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में गुजरात टाइटंस के लिए खेल रहे गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने अपने आईपीएल करियर में 100 विकेट पूरे कर लिए। वह ऐसा करने वाले 12वें भारतीय तेज गेंदबाज हैं। इसी के साथ ही सिराज ने पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज जहीर खान के 102 विकेट की बराबरी कर ली है।

सिराज ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट झटके और उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच भी मिला। सिराज आगे इसी तरह का प्रदर्शन जारी रखते हैं तो वह पूर्व भारतीय गेंदबाज और गुजरात टाइटंस के कोच आशीष नेहरा के 106 विकेट का रिकॉर्ड भी तोड़ देंगे। जहीर खान ने अपने आईपीएल करियर में कुल 100 मैच खेले और 102 विकेट लिए। वहीं, आशीष नेहरा ने आईपीएल करियर में 88 मैच खेले और 106 विकेट लिए। सिराज अगर आने वाले मैचों में चार विकेट लेते हैं तो वह नेहरा से आगे निकल जाएंगे। मोहम्मद सिराज ने 97 मैच में 102 विकेट लिए हैं। पिछले सीजन में आरसीबी के प्रमुख गेंदबाज के तौर पर खेलने वाले सिराज इस साल गुजरात टाइटंस के लिए गेंदबाजी कर रहे हैं। सिराज ने रविवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 4 ओवर में 17 रन देकर चार विकेट झटके और सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाजी क्रम को तहस-नहस कर दिया। सिराज की इस शानदार गेंदबाजी की बदौलत सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाज ज्यादा बड़ा स्कोर खड़ा नहीं कर पाए और गुजरात टाइटंस ने 7 विकेट से मैच जीत लिया। इस बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत सिराज आईपीएल 2025 के पर्पल कैप की रेस में दूसरे स्थान पर आ गए हैं। सिराज ने चार मैच की चार पारियों में 9 विकेट चटकाए।

## भारतीय टीम से ड्रॉप होने के बाद मैं खुद को आईपीएल के लिए तैयार कर रहा था : सिराज

**हैदराबाद।** आईपीएल 2025 में मोहम्मद सिराज एक अलग ही लय में नजर आ रहे हैं। दो लगातार मुकाबलों में प्लेयर ऑफ द मैच चुने जाने से उनकी बेहतरीन लय और आत्मविश्वास साफ झलकता है।

लेकिन इस सफलता के पीछे एक कठिन दौर की कहानी छिपी है, जिसे सिराज ने सनराइजर्स हैदराबाद और गुजरात टाइटंस के बीच खेले गए मुकाबले के बाद साझा किया पिछले कुछ महीनों में सिराज भारत के लिए सीमित ओवरों के दोनों फॉर्मेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे थे, इसके बावजूद उन्हें चैंपियंस ट्रॉफी की टीम में जगह नहीं मिली। जसप्रीत बुमराह की गैरमौजूदगी में भी चयनकर्ताओं ने उन्हें नजरअंदाज किया। टीम को एक बाएं हाथ का तेज गेंदबाज चाहिए था, जो लंबा हो, पिच से उछाल निकाल सके और मददगार परिस्थितियों में असरदार हो।

# पंत ने 4 मैच में बनाए 19 रन, बल्ले से निकला एकमात्र 'छक्का'



■ लखनऊ सुपर जायंट्स ने उन्हें 27 करोड़ में खरीदा और टीम मैनेजमेंट ने उन पर जिम्मेदारी सौंपी

**नई दिल्ली,** 7 अप्रैल (एजेंसियां)। लखनऊ सुपरजायंट्स (एलएसजी) के कप्तान और विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत से फैंस को उम्मीद थी कि वह अपनी बल्लेबाजी से विरोधी पक्ष के गेंदबाजों को दिन में तारे दिखाएंगे। लेकिन, ऋषभ पंत का बल्ला सीजन के शुरुआती चार मैचों में नहीं चल पाया है। इसके बाद से उनकी जमकर आलोचनाएं हो रही हैं। दरअसल, ऋषभ पंत आईपीएल 2025 में सबसे महंगे खिलाड़ी हैं। लखनऊ सुपर जायंट्स ने उन्हें 27 करोड़ में खरीदा और टीम मैनेजमेंट ने उन पर भरोसा जताते हुए टीम का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी सौंपी। लेकिन, पंत कप्तानी के मोर्चे पर भी विफल साबित हुए हैं। पंत की कप्तानी में टीम प्वाइंट टेबल में छठे स्थान पर है।बल्लेबाजी में एलएसजी के लिए सबसे बड़ी समस्या यह है कि टीम के स्टार बल्लेबाज ऋषभ पंत का बल्ला नहीं चल रहा है। आंकड़ों पर गौर करें तो पंत ने बीते चार मैचों में कुल 19 रन बनाए हैं। पंत का सर्वाधिक स्कोर 15 रन है। पंत ने अब तक चार मैचों में कुल 32 गेंदों का सामना किया। इस दौरान उनके बल्ले से एकमात्र छक्का लगा है। आंकड़ों से आप पंत की बल्लेबाजी को समझिए। 24 मार्च को दिल्ली कैपिटल्स के सामने पंत खाता खोले बिना आउट हुए। 27 मार्च को सनराइजर्स हैदराबाद के सामने पंत ने खाता तो खोला, लेकिन 15 रन के स्कोर पर विकेट गंवा बैठे। एक अप्रैल को पंजाब किंग्स के सामने पंत का बल्ला नहीं चला और वह दो रन बनाकर आउट हुए। यही हाल 4 अप्रैल को मुंबई इंडियंस के खिलाफ खेले गए मैच में भी देखने को मिला।

# गिल तेजी से सुधार कर रहे हैं : आकाश चोपड़ा

**नई दिल्ली,** 7 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत के पूर्व बल्लेबाज आकाश चोपड़ा को लगता है कि गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल रविवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ नाबाद 61 रन की मैच विजयी पारी के बाद तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। 153 रनों का पीछा करते हुए, गिल ने एंकर की भूमिका निभाई और साई सुदर्शन और जोस बटलर को जल्दी खोने के बाद अपनी पारी में सतर्क रुख अपनाया। उन्होंने वाशिंगटन सुंदर के साथ तीसरे विकेट के लिए 90 रनों की साझेदारी की और टीम को खेल में वापस लाकर लक्ष्य का पीछा करने की लय तय की।

सुंदर फ्रेंचाइजी के लिए अपने डेब्यू पर अर्द्धशतक से सिर्फ एक रन से चूक गए, लेकिन उनका योगदान शेरफेन रदरफोर्ड की 16 गेंदों में छह चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद 35 रनों की पारी के साथ उन्हें जीत दिलाने के लिए पर्याप्त था। गुजरात ने 20 गेंद शेष रहते जीत दर्ज की। चोपड़ा ने जियोहॉटस्टार पर कहा कि आपको एंकर बनना होगा। कभी-कभी हम टी20 पारी में एंकर के महत्व को कम आंकते हैं क्योंकि हम देखते हैं कि बहुत सारे शॉट खेले जा रहे हैं। खासकर जब पहले बल्लेबाजी करते हैं, तो आप मानसिक रूप से 220 से अधिक के लक्ष्य का पीछा कर रहे होते हैं। लेकिन अब, जब आप दूसरी पारी में छोटे स्कोर का पीछा कर रहे होते हैं, ऐसी पिच पर जो थोड़ी रुकी हुई होती है और आप दो शुरुआती विकेट खो देते हैं, तो आपको इस तरह की पारी की जरूरत होती है - जहां आप सब कुछ जमीन पर रखने की कोशिश कर रहे होते हैं।

जोखिम ऐसी चीज है जिसे आप अक्सर नहीं लेना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि शुभमन गिल तेजी से सुधार कर रहे हैं। उन्होंने अपने कवच में स्वीप शॉट भी शामिल कर लिया है - ऐसा कुछ जो वह पहले नहीं खेलते थे। उनके पास इनसाइड-आउट खूबसूरत शॉट है। और अंत में, यह सिर्फ दो अंक नहीं हैं जो उन्होंने इस खेल से जीते हैं, बल्कि यह वाशिंगटन सुंदर, बल्लेबाज की खोज भी है। पहले, उनकी बल्लेबाजी का सब कुछ एक-दो-तीन के बारे में था। अब, अचानक, उनके तरकश में एक और तीर आ गया है - जिसके बारे में हमें नहीं लगता था कि उनके पास यह उपलब्ध है। अनुभवी क्रिकेटर ने सुंदर की पारी की सराहना की और कहा कि ऑलराउंडर ने उनकी टीम में एक और गेंदबाजी विकल्प और एक बाएं हाथ का बल्लेबाज जोड़ा है।



■ गिल अपने कवच में स्वीप शॉट भी शामिल कर लिया है - ऐसा कुछ जो वह पहले नहीं खेलते थे

## सार संक्षेप

### ढिल्लों बनीं अंडर-7 बालिका वर्ग की राज्य शतरंज चैम्पियन

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश राज्य अंडर-7 बालिका वर्ग शतरंज चैम्पियनशिप का खिताब देवरिया की नन्ही अव्याना ढिल्लों ने अपने नाम कर लिया है। उ.प्र. शतरंज खेल संघ के सचिव एके रायजादा ने सोमवार को यहां बताया कि सीतापुर में हाल ही में सम्पन्न हुई उत्तर प्रदेश राज्य अंडर-7 बालिका वर्ग शतरंज चैंपियनशिप-2025 में अव्याना ढिल्लों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। अव्याना ने कुल 5 में से 4.5 अंक अर्जित किए और प्रतियोगिता में शीर्ष स्थान प्राप्त किया। अव्याना ने अपने विजय अभियान में गौरी सक्सेना, राध्या नारंग और करिव को पराजित किया, जबकि अंतिम चक्र में उन्होंने आरना त्रिपाठी से ड्रा खेला।

### एफआईएच प्रतिनिधिमंडल मई में करेगा लॉस एंजिल्स का दौरा

**लौसेन (स्विट्जरलैंड)।** अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) का एक प्रतिनिधिमंडल मई में लॉस एंजिल्स का दौरा करेगा। एफआईएच सूत्रों ने सोमवार को बताया कि एफआईएच पांच से नौ मई के बीच लॉस एंजिल्स में अपना निरीक्षण दौरा करेगा, जिसमें एलए28 और यूएसए फील्ड हॉकी के साथ हॉकी स्थल और संचालन का मूल्यांकन किया जाएगा। हॉकी का आयोजन कार्सन फील्ड्स में होगा, जिसमें टेनिस, रग्बी 7, साइकिलिंग और तीरंदाजी भी आयोजित की जाती है। अध्यक्ष इकराम ने ओलंपिक मंच पर हॉकी को ऊपर उठाने के लिये एलए28 नेतृत्व के प्रति आभार जताते हुये कहा कि एलए28 के साथ हमारा जुड़ाव नवाचार, विरासत और उत्कृष्टता के प्रति साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हम मिलकर ओलंपिक आंदोलन में हॉकी के लिए एक साहसिक भविष्य को आकार दे रहे हैं।

### धीमी ओवर गति के लिए पाकिस्तान पर जुर्माना

**माउंट माउंगानुई।** न्यूजीलैंड के खिलाफ शनिवार को तीसरे वनडे में धीमी ओवर गति के लिए पाकिस्तान पर मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। मैच रेफरी के एमिरेट्स आईसीसी एलीट पैनल के जेफ क्रो ने यह जुर्माना लगाया। मोहम्मद रिजवान की टीम को समय भत्ते को ध्यान में रखते हुए लक्ष्य से एक ओवर कम होने का फैसला सुनाया गया। खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहायक कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के अनुसार, जो न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित है, खिलाड़ियों पर निर्धारित समय में गेंदबाजी करने में विफल रहने पर प्रत्येक ओवर के लिए उनकी मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है। आईसीसी मीडिया बयान के अनुसार, रिजवान ने अपराध के लिए दोषी होने की दलील दी और प्रस्तावित दंड को स्वीकार कर लिया, इसलिए औपचारिक सुनवाई की कोई आवश्यकता नहीं थी।

## मुझे पूरा विश्वास है, जब भी मुझे मौका मिलेगा, मैं तैयार रहूंगा : वाशिंगटन सुंदर

**नई दिल्ली,** 7 अप्रैल (एजेंसियां)। वाशिंगटन सुंदर, जिन्होंने आईपीएल 2025 में गुजरात टाइटंस (जीटी) को सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) को सात विकेट से हराने में महत्वपूर्ण 49 रनों की पारी खेली, ने कहा कि जब भी उन्हें मौका मिलेगा, वह अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए वास्तव में तैयार रहेंगे। राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में 153 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए, वाशिंगटन को चौथे नंबर पर पदोन्नत किया गया, क्योंकि उन्होंने 29 गेंदों पर 49 रन बनाए, जिसमें पांच चौके और दो छक्के शामिल थे, और उनका स्ट्राइक-रेट 168.97 था, जिससे जीटी को लक्ष्य का नियंत्रण करने और 20 गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल करने में मदद मिली। वाशिंगटन ने सोमवार को आईपीएलटी20डॉटकॉम पर पोस्ट की गई चैट में आर साई किशोर से कहा कि ईमानदारी से कहूं तो कमाल है, मुझे पिछले 3-4 हफ्तों में कोई गेम नहीं मिला। मुझे अपनी तैयारी पर पूरा भरोसा था। मुझे पूरा भरोसा था कि जब भी मुझे मौका मिलेगा, मैं तैयार रहूंगा। निश्चित रूप से जिस तरह से मैंने बल्लेबाजी की, मैं उससे बहुत खुश हूं। उन्होंने कहा कि ईमानदारी से कहूं तो आप लोग मुझे बता रहे थे कि आप सभी हर दूसरी गेंद पर मेरा उत्साहवर्धन कर रहे थे।

# घाटे का सौदा साबित हो रहे ईशान, संचुरी के बाद हुए खामोश

**नई दिल्ली,** 7 अप्रैल (एजेंसियां)। सनराइजर्स हैदराबाद के विस्फोटक बल्लेबाज ईशान किशन का बल्ला पहले मैच में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 106 रनों की पारी खेलने के बाद खामोश हो गया है। ईशान किशन ने इस सीजन में बतौर खिलाड़ी पहली सेंचुरी जड़ी थी, जिसके बाद सनराइजर्स हैदराबाद के फैंस को उम्मीद थी कि वह अपना प्रदर्शन आगे भी जारी रखेंगे। लेकिन, ईशान किशन ऐसा करने में सफल नहीं हो पाए हैं। पहले मैच की पारी के बाद ईशान किशन विपक्षी दलों के सामने रन बनाने में जूझ रहे हैं। चलिए आपको आंकड़े के साथ समझाते हैं।

ईशान किशन ने 23 मार्च को राजस्थान रॉयल्स के सामने 106 रनों की पारी खेली। 27 मार्च को लखनऊ सुपरजाइंट्स के सामने वह शून्य पर आउट हुए। 30 मार्च को दिल्ली कैपिटल्स के सामने 2 रन बनाकर आउट हुए। 3 अप्रैल को केकेआर के सामने भी वह 2 रन बनाकर आउट हुए। 6 अप्रैल को गुजरात जाइंट्स के सामने 17 रन बनाकर आउट हुए। एक तरफ, पिछले चार मैचों में ईशान किशन का बल्ला नहीं चला है तो दूसरी तरफ सनराइजर्स हैदराबाद को भी इन सभी मैचों में लगातार हार का सामना करना पड़ा है। 23 मार्च को सनराइजर्स हैदराबाद ने राजस्थान रॉयल्स को 44 रनों से हराया था। लेकिन, 27 मार्च को लखनऊ सुपरजाइंट्स के सामने पांच विकेट से हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद हार का सिलसिला जारी रहा। 30 मार्च को दिल्ली कैपिटल्स के सामने 7 विकेट से हार हुई। 3 अप्रैल को केकेआर के सामने 80 रनों से और 6 अप्रैल को गुजरात जाइंट्स के सामने 7 विकेट से हार का मुंह देखना पड़ा।



■ पिछले 4 मैच में बनाए सिर्फ 21 रन

■ ईशान किशन ने 23 मार्च को राजस्थान रॉयल्स के सामने 106 रनों की पारी खेली

# एफसी गोवा से हार कर भी बेंगलुरू एफसी बनी बाजीगर, पहुंची फाइनल में

**फातोर्दा,** 7 अप्रैल (एजेंसियां)। एफसी गोवा ने रविवार को अपने घरेलू मैदान फातोर्दा के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेले गए इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 सेमीफाइनल के दूसरे चरण में बेंगलुरु एफसी को 2-1 से हरा दिया लेकिन ब्लूज ने बेहतर गोल अंतर के आधार पर फाइनल में प्रवेश कर लिया।

बेंगलुरु एफसी के पक्ष में गोल अंतर 3-2 रहा, क्योंकि उसने अपने घर में खेले गए डबल-लेग सेमीफाइनल के पहले मैच में गौर्स को 2-0 से हराया था। अनुभवी स्ट्राइकर सुनील छेत्री को निर्णायक गोल करने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। जीत के बावजूद गौर्स के बाहर होने से स्पेनिश हेड कोच मैनोलो मार्क्वेज जरूर निराश होंगे, क्योंकि गोल अंतर के आधार पर उनकी टीम का सफर इस सीजन में समाप्त हो गया है। वहीं, आज ब्लूज भले ही मैच हार हो लेकिन वे अपने घरेलू प्रदर्शन के आधार पर फाइनल में पहुंच गए हैं और इससे स्पेनिश हैड कोच जेरार्ड जारागोजा निश्चित रूप से प्रसन्न होंगे।

# सफेद बॉल के नए कप्तान बने हैरी ब्रूक



■ इंग्लैंड के व्हाइट-बॉल कप्तान के रूप में नामित होना वास्तव में सम्मान की बात है : ब्रूक

**नई दिल्ली,** 7 अप्रैल (एजेंसियां)। दाएं हाथ के बल्लेबाज हैरी ब्रूक को इंग्लैंड की पुरुष सफेद-बॉल टीमों का नया कप्तान नियुक्त किया गया है। ब्रूक ने जोस बटलर की जगह ली है, जिन्होंने पाकिस्तान में 2025 आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी से इंग्लैंड के जल्दी बाहर होने के बाद इस भूमिका से इस्तीफा दे दिया था। पिछले साल सितंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला खेलने के दौरान ब्रूक चोटिल बटलर की जगह इंग्लैंड के कप्तान बने थे। ब्रूक ने न्यूजीलैंड में 2018 आईसीसी अंडर-19 पुरुष विश्व कप में भी इंग्लैंड की कप्तानी की थी। ब्रूक ने कप्तानी मिलने पर कहा कि इंग्लैंड के व्हाइट-बॉल कप्तान के रूप में नामित होना वास्तव में सम्मान की बात है। जब से मैं व्हार्फडेल में बर्ले में क्रिकेट खेलता था, तब से मैं यॉर्कशायर का प्रतिनिधित्व करने, इंग्लैंड के लिए खेलने और शायद एक दिन टीम का नेतृत्व करने का सपना देखता था।अब मुझे यह मौका मिलना मेरे लिए बहुत मायने रखता है। मैं अपने परिवार और कोचों का शुक्रिया अदा करना चाहता हूं जिन्होंने हर कदम पर मेरा साथ दिया।

मुझ पर उनके विश्वास ने बहुत कुछ बदल दिया है और मैं उनके बिना इस मुकाम पर नहीं पहुंच पाता। ब्रूक ने सोमवार को इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) द्वारा जारी एक बयान में कहा कि इस देश में बहुत प्रतिभा है और मैं शुरुआत करने, हमें आगे बढ़ाने और सीरीज, विश्व कप और प्रमुख आयोजन जीतने की दिशा में काम करने के लिए उत्सुक हूं। मैं आगे बढ़ने और अपना सबकुछ देने के लिए उत्साहित हूं।%% 26 वर्षीय ब्रूक जनवरी 2022 में पदार्पण करने के बाद से इंग्लैंड की सफेद-बॉल टीम का अहम हिस्सा रहे हैं और वर्तमान में आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में दूसरे नंबर पर हैं। अब तक ब्रूक ने इंग्लैंड के लिए 26 वनडे मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 34 की औसत से 816 रन बनाए हैं, जिसमें उनका उच्चतम स्कोर 110 रहा है।

# 23 करोड़ या 20 लाख रुपए, मेरे प्रयास निरंतर बने रहेंगे : वेंकटेश अय्यर

**नई दिल्ली,** 7 अप्रैल (एजेंसियां)। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के उप-कप्तान वेंकटेश अय्यर ने स्वीकार किया कि वास्तव में भारी कीमत के साथ दबाव भी आता है और कहा कि वित्तीय पहलू उनके नियंत्रण से बाहर है, लेकिन मैदान पर उनका प्रदर्शन कुछ ऐसा है जिसे वह प्रभावित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि चाहे उन्हें 23 करोड़ रुपए दिए जाएं या 20 लाख रुपये, टीम में योगदान देने के उनके प्रयास निरंतर बने रहेंगे। केकेआर ने पिछले साल आईपीएल जीतने के बाद वेंकटेश को रिलीज कर दिया, लेकिन पिछले साल मेगा नीलामी में एक भयंकर बोली युद्ध जीतकर ऑलराउंडर को वापस अपने पाले में लाने के लिए 23.75 करोड़ रुपये खर्च किए। उन्होंने कहा कि ईमानदारी से कहूं तो मैं इसे पूरी तरह से नजरअंदाज नहीं कर रहा हूं - मैं एक व्यावहारिक व्यक्ति हूं। मुझे पता है कि दबाव है, और कीमत और उन सभी चीजों के बारे में बहुत सारी बातें होती हैं। लेकिन साथ ही, यह मेरे नियंत्रण में नहीं है। मेरे नियंत्रण में जो है वह है टीम को जीतने में मदद करने के लिए मैं जो प्रयास करता हूं, और यह स्थिर रहता है - चाहे मुझे 23 करोड़ रुपये दिए जाएं या 20 लाख रुपये। वेंकटेश ने जियोहॉटस्टार के शो 'जेन बोल्ड' पर कहा कि एक बार टूर्नामेंट शुरू होने के बाद, मेरा एकमात्र ध्यान यही है-हर तरह से योगदान देना - न केवल बल्ले और गेंद से, बल्कि अपनी नई नेतृत्व भूमिका में भी। बाकी सब अपने आप ठीक हो जाएगा।



# अर्थ जगत

## डॉलर के मुकाबले रुपया 41 पैसे टूटकर 85.85 पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में भारतीय रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 41 पैसे कमजोर होकर 85.85 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। शुरुआती कारोबार में रुपया 19 पैसे फिसलकर 85.63 प्रति डॉलर पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि वैश्विक बिकवाली के अनुरूप विदेशी पूंजी की लगातार निकासी के बीच कच्चे तेल की कीमतों में भारी गिरावट और कमजोर अमेरिकी मुद्रा रुपए को समर्थन देने में विफल रही। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 85.79 प्रति डॉलर पर खुला।



# ट्रंप के टैरिफ बम से दुनिया में मचा हाहाकार, सेंसेक्स 2226 अंक टूटा



### कोविड के बाद बाजार में सबसे बड़ी तबाही

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नई टैरिफ पॉलिसी लागू होने के बाद से दुनियाभर के शेयर बाजारों में कोहराम मचा हुआ है। भारतीय शेयर बाजार भी अब पूरी तरह से इसकी चपेट में आ गया है। सोमवार, 7 अप्रैल को भारतीय शेयर बाजार का प्रमुख इंडेक्स बीएसई सेंसेक्स 3914.75 अंकों की गिरावट के साथ 71,449.94 अंकों पर खुला। वहीं दूसरी ओर, एनएसई का निफ्टी 50 इंडेक्स भी आज 1146 अंकों की गिरावट के साथ 21,758.40 अंकों पर खुला। आज कई प्रमुख कंपनियों के शेयर 10-10 प्रतिशत की गिरावट के साथ खुले। बताते चलें कि ट्रंप के फैसले के बाद से अमेरिकी शेयर बाजार में विनाशकारी गिरावट देखने को मिल रही है। कोविड के बाद भारतीय शेयर बाजार में ये अभी तक की सबसे बड़ी गिरावट है।

## निवेशकों के 19 लाख करोड़ से ज्यादा स्वाहा

***मुम्बई।*** *शेयर मार्केट में ब्लैक मंडे, 2226 अंक की गिरावट के साथ सेंसेक्स हुआ बंद, 775 कंपनियां 52 वीक लो लेवल पर शेयर बाजार आज भारी गिरावट के साथ बंद हुआ है। सेंसेक्स 2.95 प्रतिशत या फिर 2226.79 अंक की गिरावट के साथ 73,137.90 पर बंद हुआ है।वहीं, निफ्टी 3.24 प्रतिशत या फिर 742.85 अंक की गिरावट के साथ 22,161.60 अंक पर बंद हुआ है।*

इससे पहले सेंसेक्स दिन में 71,425.01 अंक और निफ्टी लुढ़क कर 21,743.65 अंक पर पहुंच गया था। वहां से रिकवरी देखने को मिली जरूर लेकिन मार्केट पूरी तरह वापसी नहीं कर पाया है। अब देखना होगा कि कल क्या स्थिति रहती है। मार्केट की स्थिति कितनी भयावह थी इसका अंदाजा इस बात से लगा सकते हैं कि हिंदुस्तान यूनिलीवर के अलावा सेंसेक्स की टॉप 29 कंपनियों के शेयर लाल निशान पर बंद हुए हैं। सभी इंडेक्स में आज गिरावट देखने को मिली है। टाटा स्टील, टाटा मोटर्स, कोटक बैंक, रिलायंस जैसे दिग्गज कंपनियों की स्थिति भी आज खराब रही है। ट्रंप के टैरिफ ऐलान और दुनिया भर के मार्केट की स्थिति बदतर होने के बाद से भी घरेलू बाजार की इस स्थिति का अंदाजा हर कोई लगा रहा था। माना जा रहा था कि मार्केट में बड़ी गिरावट देखने को मिलेगी। सेंसेक्स में आज 544 कंपनियों के शेयरों में लोअर सर्किट लगा है। जबकि 775 कंपनियों के शेयर 52 वीक लो लेवल पर पहुंच गए। दूसरी तरफ निफ्टी में 384 कंपनियों के शेयरों में लोअर सर्किट और 645 कंपनियों के शेयर 52 वीक लो लेवल पर आ गए।

## मुकेश अंबानी से लेकर गौमत अडानी तक, 4 भारतीयों ने गंवाए 10 अरब डॉलर

ट्रंप के टैरिफ ने हर तरफ तबाही मचाई हुई है। देश के टॉप-04 अरबपति मुकेश अंबानी, गौतम अडानी, सावित्री जिंदल एंड फैमिली और शिव नादार के नेट वर्थ में बड़ी गिरावट देखने को मिली है। चारों अरबपतियों नेटवर्थ का मिलाकर 10.3 अरब डॉलर तक सोमवार को साफ हो गया। फोर्ब्स की लिस्ट से यह बात सामने आई है। सबसे बड़ा झटका मुकेश अंबानी को लगा है। उनकी नेटवर्थ में 3.6 बिलियन डॉलर तक की गिरावट देखने को मिली है। इस गिरावट के बाद मुकेश अंबानी की नेटवर्थ लुढ़ककर 87.70 बिलियन डॉलर हो गई थई। वहीं, गौतम अडानी की नेट वर्थ 3 अरब डॉलर लुढ़कने के बाद 57.3 अरब डॉलर हो गई थी। सावित्रि जिंदल एंड फैमिली की नेट वर्थ 2.2 बिलियन डॉलर के नुकसान के बाद 33.9 बिलियन डॉलर हो गई थी। वहीं, शिव नादर को 1.5 अरब डॉलर का झटका सोमवार को लगा है। उनकी नेट वर्थ 30.90 बिलियन डॉलर हो गई थी।

## निवेशकों को 1987 का 'ब्लैक मंडे' याद आया

अमेरिका में निवेशकों का भरोसा भी डगमगाता नजर आया। डॉव जोंस फ्यूचर्स 979 अंक यानी 2.5 प्रतिशत टूट गया। एस एंड पी 500 फ्यूचर्स में 2.9 प्रतिशत और नैस्डैक-100 फ्यूचर्स में 3.9 प्रतिशत की गिरावट आई। सोमवार को आई भारी गिरावट के बीच 1987 में आए 'ब्लैक मंडे' की चर्चा भी फिर से शुरू हो गई है। 19 अक्टूबर 1987 को अमेरिका के शेयर बाजार में एक ही दिन में रिकॉर्ड गिरावट देखी गई थी। उस दिन डॉव जोंस इंडेक्स करीब 22 प्रतिशत टूट गया था, जो अब तक की सबसे बड़ी एकदिनी गिरावट मानी जाती है। अमेरिकी शेयर बाजार के इतिहास में यह दिन सबसे काली तारीखों में गिना जाता है, जब एस एंड पी500 और डॉव जोंस इंडस्ट्रियल एवरेज दोनों में 20 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट आई थी और बाजार बियर फेज में चला गया था। इस क्रैश की प्रमुख वजह प्रोग्राम ट्रेडिंग और लिक्विडिटी की कमी मानी गई, जिसने गिरावट को और तेज किया। जैसे-जैसे शेयर गिरते गए, ट्रेडिंग वॉल्यूम घटता गया और हालात और बिगड़ते गए।

**वैश्विक बाजारों में हड़कंप-** ऑस्ट्रेलियाई शेयर बाजार में 6.4 प्रतिशत की गिरावट, सिंगापुर एक्सचेंज बाजार 7 प्रतिशत से ज्यादा गिरा, शंघाई क्रूड ऑयल में 7 प्रतिशत की गिरावट, हांगकांग के हैंग सेंग इंडेक्स बाजार में 9.28 प्रतिशत की गिरावट, जापान के शेयर बाजार में करीब 20 प्रतिशत की गिरावट, ताइवान स्टॉक मार्केट में 15 प्रतिशत की गिरावट।

# आरबीआई की एमपीसी बैठक शुरू

### रेपो रेट में हो सकती है 25 बेसिक अंकों की कटौती



***मुंबई।*** *भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक सोमवार से शुरू हो गई है और बुधवार (9 अप्रैल) को आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा की ओर से इस बैठक के फैसलों का ऐलान किया जाएगा.एसबीआई रिसर्च ने कहा कि आरबीआई एमपीसी रेपो रेट में 25 आधार अंक की कटौती कर सकती है. फरवरी से शुरू हुई इस रेट कट साइकिल में कम से कम 100 आधार अंकों की ब्याज दरों में कटौती होने की संभावना है।*

एसबीआई रिसर्च की रिपोर्ट में कहा गया, फरवरी 2026 से मार्च 2026 के बीच रेपो रेट में 100 आधार अंक की कटौती हो सकती है. ऐसा ही कटौती ईबीएलआर और 60 आधार अंक की कटौती एमसीएलआर में संभव है.आरबीआई एमपीसी के फैसलों का ऐलान 9 अप्रैल किया जाना है. इसमें रेपो रेट पर निर्णय के साथ-साथ देश की अर्थव्यवस्था की स्थिति से जुड़ी अहम जानकारियां भी दी जाएंगी.रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही में खुदरा महंगाई दर गिरकर 3.8 प्रतिशत रह सकती है, जो कि वित्त वर्ष 25 में औसत महंगाई दर 4.6 प्रतिशत रह सकती है. वित्त वर्ष 26 में औसत खुदरा महंगाई दर 3.9 से 4.0 प्रतिशत रहने की संभावना है. वहीं, मुख्य महंगाई दर 4.2 से 4.3 प्रतिशत रह सकती है.रिपोर्ट में कहा, सितंबर/अक्टूबर तक हेडलाइन महंगाई दर नीचे की ओर रहेगी, लेकिन उसके बाद बढ़ सकती है. अमेरिका ने कई अर्थव्यवस्थाओं पर रेसिप्रोकल टैरिफ लगाया है।

# अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में कमी, फिर भी सरकार ने क्यों बढ़ाई एक्साइज ड्यूटी? आया मंत्री का बयान

***नई दिल्ली।*** *हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि आपने वित्त मंत्रालय की अधिसूचना देखी होगी जिसमें कहा गया है कि पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में 2 रुपये की बढ़ोतरी की जा रही है। मैं रिकॉर्ड पर पहले ही स्पष्ट कर दूं कि इसका बोझ उपभोक्ताओं पर नहीं डाला जाएगा।*

भारत सरकार ने सोमवार, 7 अप्रैल को डीजल और पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क में 2 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की है। ये बदलाव मंगलवार से लागू होंगे। आदेश में कहा गया है कि पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क बढ़ाकर 13 रुपये प्रति लीटर और डीजल पर 10 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन





कंपनियों (ओएमसी) ने सूचित किया है कि आज उत्पाद शुल्क दरों में की गई वृद्धि के बाद पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतों में कोई वृद्धि नहीं होगी।

जनता पर नहीं पड़ेगा अतिरिक्त बोझ यानि कि इस आदेश का असर आम आदमी पर नहीं पड़ेगा। हालांकि, सवाल ये है कि अंतरराष्ट्रीय कीमत कम होने के बाद भी सरकार ने उत्पाद शुल्क में बढ़ोतरी क्यों की? केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने इसका जवाब दिया है। हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि आपने वित्त मंत्रालय की अधिसूचना देखी होगी जिसमें कहा गया है कि पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में 2 रुपये की बढ़ोतरी की जा रही है। मैं रिकॉर्ड पर पहले ही स्पष्ट कर दूं कि इसका बोझ उपभोक्ताओं पर नहीं डाला जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि कच्चे तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमत लगभग 60 डॉलर प्रति बैरल तक गिर गई है, लेकिन कृपया याद रखें कि हमारी तेल विपणन कंपनियां 45 दिनों की अवधि के लिए स्टॉक रखती हैं।

मंत्री ने कहा कि अगर आप जनवरी में वापस जाएं, तो कच्चे तेल की कीमत तब 83 डॉलर थी, जो बाद में घटकर 75 डॉलर हो गई। इसलिए उनके पास जो कच्चे तेल का स्टॉक है, वह औसतन 75 डॉलर प्रति बैरल है। आप उम्मीद कर सकते हैं कि वैश्विक कीमतों के हिसाब से तेल विपणन कंपनियों द्वारा पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कमी की जाएगी। एक विनियमन मुक्त क्षेत्र में, आप उनसे बाजार खुदरा मूल्य को तदनुसार समायोजित करने की उम्मीद कर सकते हैं।

### मुद्रा बाजार

**रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं**

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 85. 83 |
| एक यूरो | 93. 29 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 110 . 03 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 51. 49 |
| एक जापानी येन | 0. 58 |

**परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.**

864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085
जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 98 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 114 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-126 नेट प्रति किलो
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स -52 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 180 रु. प्रति किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

### सतना बाजार भाव

#### सराफा बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 76,950 रु. | प्रति 10 ग्राम |
| जेवर | 70,500 रु. | प्रति 10 ग्राम |
| चांदी | 910 रु. | प्रति 10 ग्राम |
| चांदी | 90,700 रु. | प्रति किलो |

#### दाल- किराना भाव

**-भाव प्रति किलो-**

अरहर ऊंची 155-160, अरहर मीडियम 140-145, उड़द ऊंची 98-100, उड़द धुली 115-120, मूंग हरी 95-100, मूंग धुली 105-110, चना 90-100, मसूर 80-85

**-भाव प्रतिकिलो -**

धनियां खड़ी ऊंची 110-115, धनियां खड़ी मीडियम, 80-90, जीरा ऊंचा 350-400, जीरा मीडियम 270-300, ल्दी ऊंची 250-260, हल्दी मीडियम 180-190, मूंगफली ऊंची 120-125, मूंगफली मीडियम 90-100, लाल मिर्च ऊंचा 170-180, लाल मिर्च मीडियम 140-150, नारियल कालीकट झाल 2800-3000, नालियल मीडियम 2000-2500

**लोहा वाला ट्रेडर्स**
प्रो. हरिशंकर तिवारी मो.नं. 7049440762

**- भाव प्रति किलो -**

**रायपुर-** 8 एमएम 52, 10 एमएम 50.50, 12 एमएम 50, 16 एमएम 50
**कामधेनू-** 8 एमएम 57, 10 एमएम 55.50, 12 एमएम 55, 16 एमएम 55

# वित्त वर्ष 2024-25 में वाहनों की खुदरा बिक्री में छह प्रतिशत की वृद्धि- फाडा

***नई दिल्ली।*** *देश में वित्त वर्ष 2024-25 में मोटर वाहन की खुदरा बिक्री सालाना आधार पर छह प्रतिशत बढ़कर 2,61,43,943 इकाई हो गई। यात्री वाहन व दोपहिया वाहन खंड में ग्रामीण क्षेत्रों का प्रदर्शन शहरी क्षेत्रों की तुलना में बेहतर रहा। वाहन डीलरों के संगठन फाडा ने यह जानकारी दी।*

फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) ने सोमवार को एक बयान में कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में यात्री वाहनों, दोपहिया और तिपहिया वाहनों की बिक्री में वृद्धि देखी गई। हालांकि, वाणिज्यिक वाहनों व ट्रैक्टर के पंजीकरण में वित्त वर्ष 2023-24 की तुलना में पिछले वित्त वर्ष में गिरावट आई। फाडा के अनुसार, वित्त वर्ष 2023-24 में 39,60,602 इकाइयों की तुलना में पिछले वित्त वर्ष में यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री



पांच प्रतिशत बढ़कर 41,53,432 इकाई हो गई। वहीं वित्त वर्ष 2023-24 में 1,75,27,115 इकाइयों की तुलना में दोपहिया वाहनों का पंजीकरण आठ प्रतिशत बढ़कर 1,88,77,812 इकाई हो गया।

फाडा के अध्यक्ष सी. एस. विग्नेश्वर ने बयान में कहा, ''वित्त वर्ष 2024-25 ने वास्तव में दिखाया कि भारत का मोटर वाहन खुदरा क्षेत्र कितना लचीला हो सकता है... इस वर्ष मुख्य आकर्षण ग्रामीण क्षेत्रों में मजबूत प्रदर्शन रहा। उन्होंने कहा कि दोपहिया वाहनों के क्षेत्र में ग्रामीण बाजारों में आठ प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो शहरी क्षेत्रों की वृद्धि से काफी अधिक है। यात्री वाहन क्षेत्र में ग्रामीण बिक्री वृद्धि आठ प्रतिशत जबकि शहरी क्षेत्रों में यह तीन प्रतिशत रही। वित्त वर्ष 2023-24 की तुलना में पिछले वित्त वर्ष में तिपहिया वाहनों की बिक्री पांच प्रतिशत बढ़कर 12,20,981 इकाई हो गई। वहीं वित्त वर्ष 2024-25 में तिपहिया वाहनों की ग्रामीण बिक्री में नौ प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जबकि शहरों में बिक्री में कोई वृद्धि नहीं हुई। पिछले वित्त वर्ष में वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री मामूली घटकर 10,08,623 इकाई रह गई, जबकि वित्त वर्ष 2023-24 में यह 10,10,324 इकाई थी।

# स्कोडा ऑटो की भारत में रजत जयंती

### मार्च में दर्ज की अब तक की सबसे बड़ी मासिक बिक्री

***मुंबई।*** *स्कोडा ऑटो इंडिया ने भारत में सफलतापूर्वक 25 साल पूरे कर लिए हैं, और यह देश में उनके नए दौर की शुरुआत को दिखाता है। कंपनी ने भारत में अपने 25 साल के इतिहास में रिकॉर्ड तोड़ बिक्री की उपलब्धि हासिल की है।*



मार्च 2025 में स्कोडा ऑटो इंडिया ने 7,422 गाड़ियाँ बेचीं, जो भारत में इस ब्रांड की अब तक की किसी एक महीने में बिक्री की सबसे बड़ी संख्याड है। यह सफलता उनकी नई कायलाक एसयूवी के लॉन्च और रणवीर सिंह को कंपनी का पहला ब्रांड सुपरस्टा र बनाने के तुरंत बाद मिली है, जिससे लोगों के बीच जागरूकता और पसंद बढ़ी है। स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड डायरेक्टर पेट्र जैनेबा ने बिक्री के इस रिकॉर्ड के बारे में कहा, ''जब हमने नई कायलाक लॉन्च की थी, तो हमने कहा था कि भारत में हमारी कंपनी का नया दौर शुरू हो रहा है। मार्च 2025 में हमने 7,422 गाड़ियाँ बेचीं। यह संख्या दिखाती है कि हमारी योजना सही दिशा में जा रही है। यह हमारी लगातार मेहनत और उस योजना का नतीजा है, जिसके तहत हम भारतीय सड़कों पर अच्छी यूरोपीय तकनीक वाली गाड़ियाँ लाना चाहते हैं।

# ट्रंप के टैरिफ से इस सेक्टर को हो सकता है 5.76 अरब डॉलर का नुकसान

***नई दिल्ली।*** *डोनाल्ड ट्रंप की रेसिप्रोकल टैरिफ नीति का असर भारत पर कहीं ज़्यादा गंभीर हो सकता है, जितना विशेषज्ञ और एजेंसियां अब तक मान रही थीं। दिल्ली स्थित थिंक टैंक ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव की ताज़ा रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका की 26 प्रतिशत टैरिफ नीति से भारत का निर्यात 5.76 अरब डॉलर (करीब 50,000 करोड़ रुपए) तक घट सकता है। इसका सबसे गहरा प्रभाव छोटे और मझोले उद्योगों पर पड़ने की आशंका है।*

**किन सेक्टर्स पर सबसे ज़्यादा असर?-** समुद्री उत्पाद, इलेक्ट्रॉनिक्स, सोना और इलेक्ट्रिकल गुड्स जैसे क्षेत्रों से अमेरिकी बाजार को निर्यात में भारी गिरावट आ सकती है। **मसलन-** मछलियों और झींगा- 20.2 प्रतिशत गिरावट, स्टील और लोहे के उत्पाद- 18 प्रतिशत, हीरे और आभूषण- 15.3 प्रतिशत, इलेक्ट्रॉनिक और टेलीकॉम उत्पाद- 12 प्रतिशत, ऑटोमोबाइल्स व पार्ट्स- 12.1 प्रतिशत।

**कहां मिल सकता है मामूली लाभ-** हालांकि, कुछ क्षेत्रों जैसे कि कपड़ा, सिरेमिक, इनऑर्गेनिक केमिकल्स और फार्मास्यूटिकल्स में मामूली लाभ की उम्मीद जताई गई है, क्योंकि इनकी कीमतें प्रतिस्पर्धी बनी रह सकती हैं।

**छूट वाले सेक्टर भी पूरी तरह सुरक्षित नहीं-** ऊर्जा, फार्मा, सोलर पैनल और कॉपर जैसे उत्पादों को भले ही टैरिफ से आंशिक छूट दी गई है लेकिन उन पर अब भीएमएफएम टैरिफ लागू है। 2024 में इनका अमेरिका को कुल निर्यात 20.4 अरब डॉलर था यानी कुल व्यापार का 22.7 प्रतिशत हिस्सा।




**इलेक्ट्रॉनिक्स और स्मार्टफोन को भी झटका-** भारत से अमेरिका को इलेक्ट्रॉनिक्स और स्मार्टफोन का निर्यात 14.4 अरब डॉलर पहुंच चुका है। अनुमान है कि बढ़े हुए टैरिफ के चलते इसमें 12 प्रतिशत यानी लगभग 1.78 अरब डॉलर की गिरावट हो सकती है।

### कुल 67 अरब डॉलर के सामान पर पड़ेगा असर

जानकारों के अनुसार जिन उत्पादों पर नया 26 प्रतिशत टैरिफ लागू होगा, उनका कुल मूल्य 67.2 अरब डॉलर है- यानी भारत के अमेरिका को कुल निर्यात का लगभग 75 प्रतिशत हिस्सा। यह भारत की निर्यात रणनीति के लिए एक गंभीर झटका साबित हो सकता है।

देशबन्धु
ग्राहक सेवा



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट
**टेलर्स वारिस**
शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596
मो.- 9424392281, 9425152707
देग्रासे सी 30/7/2022

**100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज**
क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
बिना ऑपरेशन
**डॉ. विश्वास**
राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596

**फ्लैट बेचना है**
गोलबाजार, जबलपुर में 742 वर्गफुट का 2 BHK बालकनी सहित फ्लैट दूसरी मंजिल पर बिक्री हेतु उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:-
**एडवोकेट रविशंकर पटेल**
फोन नंबर-
**9827087838**

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें।
देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अतः विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।

प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

## आदिशक्ति की विदाई के साथ ही जबलपुर में निकला जवारा जुलूस




जबलपुर, देशबन्धु। चैत्र नवरात्रि के महापर्व में नवमी के दिन शहर में अनेक स्थानों से जवारा जुलूस निकाले गये, देवीभक्त मां की आराधना करते हुए गाजे-बाजे के साथ शामिल हुए, मां के जयकारों के बीच हनुमान तालाब में विसर्जन के लिये जवारे पहुंचे।

## मरीजों को मिली राहत, विक्टोरिया अस्पताल में शाम की ओपीडी शुरू

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर जिला अस्पताल के सी एम ओ सिविल सर्जन डा. नवीन कोठारी ने मरीजों की एक अहम समस्या को संज्ञान मे लेते हुए। उसके हल करने हेतु शाम 5 बजे से शाम 6 बजे तक ओ पी डी खोलने का आदेश जारी किया गया है, इसका क्रियान्वयन 1 अप्रैल से शुरू भी हो चुका है।

इसी कड़ी मे विक्टोरिया सी एम ओ ने डा संजय छत्तानी को इवनिंग ओपीडी का नोडल अधिकारी बनाया है, उन्होंने बताया की जो मरीज़ सुबह आते हैं, उनकी जांच, एक्सरे की जब तक रिपोर्ट आती है, तब तक डॉक्टर्स जा चुके होते हैं। ऐसे में यदि अगले दिन अवकाश हुआ तो फिर मरीज़ का अगले दिन ही इलाज़ हो पायेगा, इसी समस्या के निराकरण और मरीज को त्वरित इलाज़ की दिशा में ये कदम उठाया गया है।




### इन कमरा नम्बरों में शुरु किया मरीजों का उपचार

*इसके तहत ये व्यवस्था है की गई है कि, पूरा हॉस्पिटल ना खोल कर कमरा नंबर दो से कमरा नंबर ग्यारह तक के चेंबर मे सभी डॉक्टर्स मरीज़ को देखेंगे, शाम 5 बजे से शाम 6 बजे तक। जिससे की मरीज़ की जांच रिपोर्ट तथा एक्सरे जो दो और तीन बजे तक आती थीं, उनको शाम 5 बजे डॉक्टर देखकर मरीज़ को दवा और अन्य सलाह दे सकेंगे। शाम की ओपीडी से मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी।*

## अतिरिक्त जवाबदारियों के बोझ से दबे अधिकारी-कर्मी

### लोक निर्माण विभाग में घट रही हैं स्टाफ की संख्या, नई भर्ती पर विराम

**जबलपुर, देशबन्धु।** लोक निर्माण विभाग में दिन प्रतिदिन मैदानी और कार्यालय में काम करने वाले स्टाफ की कमी का सिलसिला जारी है। इससे हालात बिगड़ते हालात का इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि मूल काम के अतरिक्त कार्य भी अधिकारियों और कर्मचारियों को सौंपे जा रहे हैं। इससे कार्य की गुणवत्ता भी प्रभावित होने लगी है।

इस तरह का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। पीडब्लूडी के संभाग एक और दो स्थित कार्यापालन यंत्री कार्यालयों में कई माह से देखने में आ रहा है कि अधिकारी की तैनाती जिस कार्य के लिये की जाती है, उससे अतरिक्त कई तरह के काम का भी बोझ इन पर पड़ रहा है। इससे कोई भी काम ईमानदारी से संपन्न नहीं हो पा रहा है। ऐसा नहीं है इसकी जानकारी आला अधिकारियों को नहीं है बल्कि पूरे विभाग में इसकी जानकारी है। फिर भी स्थिति सुधरने की बजाय खराब हो रही है।



**देशबन्धु पड़ताल**

**सबसे ज्यादा असर वाले सेक्शन-** सूत्रों के अनुसार लोक निर्माण विभाग के जिन विंग में इस तरह की समस्या व्याप्त है, उनमें लेखा शाखा, डिजाइन सेक्शन, सर्वेयर शाखा, इत्यादि विंग शामिल हैं। यहां के कमोवेश ज्यादातर स्टाफ काम के अतरिक्त बोझ से हलाकान है।

#### इन पोस्ट वाले अधिकारी प्रभावित

सूत्रों के अनुसार वैसे तो ज्यादातर पोस्ट वाले अधिकारी और कर्मचारी इस समस्या से प्रभावित हैं। इनमें जो पोस्ट वाले अधिकारी हैं उनमें उपयंत्री, सहायक यंत्री, लिपिक वर्ग एक से लेकर नीचे की पोस्ट वाले शामिल हैं। जो काम के बोझ के मारे बताये जाते हैं। कुछ कार्यापालन स्तर के अधिकारी भी हैं। वहीं दूसरी तरफ हर माह रिटायर होने वालों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है, नये आ नही रहे हैं। इसीलिये समस्या का स्थायी हल होने की संभावना दूर-दूर नजर नहीं आ रही है।

## बाइकों की भिड़ंत, दो की मौत, पांच घायल

**शहडोल, देशबन्धु।** शहडोल जिले के जैतपुर थाना क्षेत्र में भाटिया मंदिर दर्शन के लिए जा रहे दो लोगों की एक सड़क हादसे में मृत्यु हो गई। यह घटना राघोपुर गांव में हुई, जहां दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने भिड़ंत के कारण यह हादसा हुआ। इस दर्दनाक घटना में कुल पांच लोग घायल भी हुए हैं, जिनका इलाज स्थानीय अस्पताल में चल रहा है।

जानकारी के अनुसार, एक मोटरसाइकिल पर चार और दूसरी पर तीन लोग सवार थे। मृतकों में सुरेंद्र सिंह पिता गोविंद सिंह और सूरज पाव शामिल हैं। सुरेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सूरज की जान उपचार के दौरान अस्पताल में चली गई। घटना को देख स्थानीय लोगों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। जानकारी लगने के बाद मौके पर जैतपुर थाना प्रभारी रामकुमार गायकवाड़ अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी।

## डीएनए रिपोर्ट से खुलासा, विक्षिप्त व गूंगी नाबालिग बहन से भाई ने किया था दुराचार

### गर्भवती होने पर पुलिस में दर्ज करवाई थी रिपोर्ट

**बालाघाट, देशबन्धु।** भाई-बहन के पावन रिश्ते को तार-तार करने वाली घटना का खुलासा चार साल बाद डीएनए रिपोर्ट से हुआ है। नाबालिग भाई ने ही 14 वर्षीय मानसिक रूप से विक्षिप्त व गूंगी बहन के साथ दुराचार किया था। बच्ची के गर्भवती होने पर परिजनों को घटना के संबंध में पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। डीएनए रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने आरोपी भाई के खिलाफ दुराचार व पास्को एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

सीएसपी कोतवाली वैशाली सिंह से प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली थानान्तर्गत अप्रैल 2021 में मानसिक रूप से विक्षित तथा गुंगी बच्ची के गर्भवती होने का मामला प्रकाश में आया था। बच्ची के माता-पिता मजदूरी करते थे तथा उससे दो वर्षीय बडा भाई बकरी चराने का काम करता था। बच्ची दिन के समय घर में अकेले रहती थी। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ पास्को तथा दुराचार के तहत एफआईआर दर्ज कर प्रकरण को विवेचना में लिया था। सीएसपी सिंह ने बताया कि यह प्रकरण पुलिस के लिए चुनौतीपूर्ण था और इसके लिए एक टीम का गठन किया गया था। पुलिस विगत चार सालों से प्रकरण की विवेचना में जुटी हुई थी। इस दौरान 50 से अधिक व्यक्तियों से पूछताछ की तथा एक दर्जन से अधिक व्यक्तियों को डीएनए टेस्ट करवाया था। भाई के अलावा ऐसा कोई पुरुष नहीं बचा है,जो पीड़ित के संपर्क में आया है। पुलिस ने उसके भाई का डीएनए टेस्ट करवाया था। भाई की डीएनए रिपोर्ट पॉजिटिव आने पर पुलिस ने रविवार को उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। न्यायालय के आदेश पर आरोपी को जेल भेज दिया गया है। विक्षिप्त व गुंगी बहन से बलात्कार करने वाले आरोपी भाई की उम्र वर्तमान में लगभग 20 साल है।

## दो बाघिनों ने 6 शावकों दिया जन्म



**सतना, देशबन्धु।** नए शावकों के जन्म के बाद सरभंगा सर्किल में बाघों की कुल संख्या 34 हो गई है। सतना के चित्रकूट उप वन मंडल के मझगवां रेंज में बाघों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। वन विभाग के अनुसार, सरभंगा वन क्षेत्र में नवंबर से जनवरी के बीच दो बाघिनों ने 6 शावकों को जन्म दिया है।

रेंजर पंकज दुबे ने बताया कि पिपरीटोला में एक बाघिन ने 5 महीने पहले और करारिया बीट में दूसरी बाघिन ने 3 महीने पहले 3-3 शावकों को जन्म दिया। शावकों की सुरक्षा के लिए दोनों क्षेत्रों में 7-7 अतिरिक्त ट्रैप कैमरे लगाए गए हैं। प्रत्येक क्षेत्र में 8 घंटे की दो शिफ्ट में 5-5 सदस्यों की टीम तैनात की गई है।

**निगरानी के लिए 40 वन प्रहरी तैनात**

नए शावकों के जन्म के बाद सरभंगा सर्किल में बाघों की कुल संख्या 34 हो गई है। वर्तमान में 25 बाघ और 3 बाघिनें भी इस क्षेत्र में मौजूद हैं। वन विभाग ने बाघों की निगरानी के लिए 40 वन प्रहरी तैनात किए हैं। साथ ही 16 नाइट विजन ट्रैप कैमरे लगाए गए हैं और 200 अतिरिक्त कैमरों की मांग की गई है।

## आसमान से सूर्य की किरणे उगलने लगी आग


### शहर का पारा 41 डिग्री पर पहुंचा, परेशान होने लगे लोग

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर के साथ संभाग के दूसरे जिलों में सूरज की तपन ने प्रकोप दिखाना शुरू कर दिया है। सोमवार को शहर का पारा 41 डिग्री पर पहुंच गया। सुबह से सूर्य की किरण आग उगलने लगी हैं। इससे जरूरी काम के सिलसिले में लोग अपने घरों से बाहर निकल रहे थे। मौसम विभाग ने भीषण गर्मी की चेतावनी दी है। गर्मी का हाल इसी से समझा जा सकता है कि धूप के समय जो लोग काम पर रहते हैं, उनके गले सूखने लगे हैं और पानी पीने की जरूरत बढ़ गई है।

उल्लेखनीय है कि मौसम विभाग ने पहले ही इस बात की संभावना जताई थी कि बीते साल की अपेक्षा इस वर्ष शरीर को झुलसाने वाली गर्मी पड़ेगी। लू भी दस से पंद्रह दिनो तक चल सकती है। इसे गरम हवाओं का दौर भी कहा जा सकता है जो पहले साल की तुलना में ज्यादा अवधि तक रह सकता है।

उधर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में परंपरागत मटकों और सुराहियों के बाजार सज गये हैं। कुंभकारों को माटी का टोटा है इसलिये इनकी कीमतें भी मध्यम वर्ग की पहुंच से बाहर होती जा रहीं हैं। बावजूद चिलचिलाती गर्मी शुरु होने के साथ मटकों बिक्री ऊंचे दामों पर ही सही लेकिन बढ़ती जा रहा है।

### सज गये मटकों-सुराहियों के बाजार



### स्कूलों का टाईम बदलने की मांग

इधर विभिन्न संगठनों ने बढ़ते पारा को देखते हुये जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुये तमाम गैर शासकीय और शासकीय स्कूलों में सुबह पाली में लगने वाली कक्षाओं का समय बदलने की मांग कर दी है। कहा गया है कि बच्चों को इससे कई तरह की स्वास्थ्य संबंधी परेशानी हो सकती है। शिक्षक कांग्रेस ने इसे लेकर प्रशासन को मांग पत्र भी सौंप दिया है। आने वाले दिनों में अन्य संगठनों के पदाधिकारियों द्वारा इसी तरह की बात शासन प्रशासन के आला अधिकारियों के समक्ष उठाई जा सकती है। इस तरह के संकेत मिलने लगे हैं। छोटे उम्र के बच्चों के हित में इस तरह की कवायद जरूरी हो गई है।

## साली ने प्रेमी के साथ मिलकर की थी वृद्ध की हत्या

**रीवा देशबन्धु।** शार्ट वीडियो ने 7 माह पुरानी अंधी हत्या का रहस्य खोल दिया। इस खौफनाक वारदात को अंजाम देने वाली महिला मृतक के बेटे की साली निकली है, जिसने अपने प्रेमी के साथ मिलकर हत्या की थी।

पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि उसका प्रेमी फरार है। रीवा जिले के जवा थाना क्षेत्र से एक वृद्ध अक्टूबर 2024 में गायब हुआ था। उसकी गुमशुदगी थाने में कायम थी। पेंडिंग मामलों की समीक्षा कर रहे एसडीओपी त्यौंथर उदित मिश्रा ने इस मामले की नए सिरे जांच शुरू कराकर परिजनों को बुलवाकर उनके बयान लिए।

## 108 दुर्घटना का शिकार, पायलट गंभीर

### चार माह में यह चौथी घटना, रखरखाव का अभाव

**ब्यौहारी, देशबन्धु।** प्रदेश 108 सेवा इन दोनों हाल भी बेहाल है 6-7 अप्रैल की दरम्यिानी रात ब्यौहारी से रेफर लेकर शहडोल जा रहा था जहां गाड़ी सेमरा के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई। घटना तीन बजे रात की बताई जा रही है। गाड़ी नंबर सीजी 04 एनएस 4596 जो ब्यौहारी लोकेशन की बताई ज रही है। इस गाड़ी के एक्सीडेंट हो जाने के बाद एंबुलेंस विहीन हो गया है, अब यहां केवल जननी एक्सप्रेस सी बची हुई है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 4 महीने के अंदर यह चौथी घटना बताई जा रही है जय अंबे इमरजेंसी कंपनी जब से अपने ऊपर 108 टेंडर लिया है तब से कुछ ना कुछ घटना घटती रहती है।

इस घटना से पायलट कोअंदरुनी चोट ज्यादा लगी हुई है समाचार लिखे जाने तक पायलट का मेडिकल कॉलेज शहडोल में इलाज चल रहा है पायलट कोमा में है उसको शहडोल से रीवा रेफर कर दिया गया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शहडोल जिलाके चार लोकेशन जिनका नाम. व्यवहारी. बाणसागर. निपानिया. जयसिंहनगरकी गाड़ियां विगत कई महीनो से खराब पड़ी हुई है जिससे जनता को एवं क्षेत्र के गरीब लोगों को भारी समस्या से गुजरना पड़ रहा है।

## फर्जी डिग्री पर जिला चिकित्सालय में पदस्थ था डॉक्टर

### न्यायालय के आदेश पर भाजपा नेता के खिलाफ पुलिस ने दर्ज किया प्रकरण

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिला विक्टोरिया अस्पताल में फर्जी डिग्री के आधार पर डॉक्टर के पद पदस्थ रहे भाजपा नेता के खिलाफ सिविल लाइन पुलिस ने धोखाधड़ी-जालसाजी सहित अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस ने जिला न्यायालय के आदेश पर भाजपा नेता के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस द्वारा आरोपी भाजपा नेता की सरगर्मी से तलाश जारी है।

गौरतलब है कि शैलेन्द्र बारी की तरफ जिला न्यायालय में परिवाद दायर किया गया था। जिसमें आरोप लगाते हुए कहा गया था कि अनावेदक शुभम अवस्थी ने फर्जी डिग्री के आधार पर शासकीय विक्टोरिया अस्पताल में डॉक्टर के पद पर पदस्थ हुए थे। अनावेदक शुभम अवस्थी ने रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर से आयुर्वेद स्नातक की कूटरचित डिग्री बनाकर नौकरी हासिल की थी। डिग्री में छलपूर्वक अंकित किया गया है कि उसने शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय जबलपुर से पढ़कर यह डिग्री प्राप्त की थी।

अनावेदक ने नौकरी पाने के लिए मध्यप्रदेश आयुर्वेद तथा यूनानी चिकित्सा पद्धति एवं प्राकृतिक चिकित्सा भोपाल में ऑफलाइन पंजीयन होना बताया था। उसने अपना पंजीयन क्रमांक 56970 बताया था,जबकि वास्तव में उक्त पंजीयन में डॉक्टर इरम जहां मंसूरी का नाम रजिस्टर में दर्ज है। फर्जी दस्तावेजों के आधार पर अनावेदक कथित डॉक्टर एक साल तक वेतन प्राप्त कर मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ करता रहा। अनावेदक के द्वारा अल्टरनेटिव सिस्टम ऑफ मेडिसिन के स्नातक व स्नातकोत्तर की फर्जी डिग्री बनाई और उसमें अपने नाम के आगे डॉक्टर लिखा है,जो कानून लिखने का अधिकारी नहीं है।

परिवाद में कहा गया था कि उसने इस संबंध में पुलिस थाने सहित अन्य संबंधित अधिकारियों से शिकायत की थी। डेढ़ साल तक शिकायत पर कार्यवाही नहीं होने के कारण उक्त परिवाद दायर किया गया है। परिवाद की सुनवाई करते हुए जेएमएफसी कोर्ट ने अनावेदक के खिलाफ प्रकरण दर्ज करने के निर्देश सिविल लाईन थाना पुलिस को दिये थे।

सिविल लाइन थाना प्रभारी नेहरू खंडाते से प्राप्त जानकारी के अनुसार न्यायालय ने आदेश पर अभियुक्त के खिलाफ धारा 420,467,468,471 के तहत एफआईआर दर्ज कर प्रकरण को विवेचना में लिया है। आरोपी की अभी तक गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। कथित डॉक्टर प्रदेश में सत्तारूढ़ भाजपा का नेता है। पूर्व में वह जिला चिकित्सा प्रकोष्ठ का सह संयोजक पद के रह चुका है।

भाजपा ने नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने बताया कि शुभम अवस्थी के खिलाफ एफआईआर दर्ज होने की अधिकारिक तौर पर उन्हें जानकारी प्राप्त नहीं हुई है। आधिकारिक तौर पर जानकारी प्राप्त होने पर पार्टी की गाइडलाइन के अनुसार कार्यवाही की जायेगी।

## मैसूर-दरभंगा स्पेशल ट्रेन जबलपुर होकर चलेगी

**जबलपुर, देशबन्धु।** रेल प्रशासन द्वारा अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लीयर करने के उद्देश्य से गाड़ी संख्या 06211/06212 मैसूर-दरभंगा-मैसूर के मध्य 10-10 ट्रिप समर स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है. यह समर स्पेशल ट्रेन पमरे के इटारसी, पिपरिया, नरसिंहपुर, मदन महल (जबलपुर), कटनी, मैहर एवं सतना स्टेशनों से होकर गन्तव्य को जाएगी।

गाड़ी संख्या 06211 मैसूर से दरभंगा समर स्पेशल ट्रेन 08 अप्रैल से 10 जून 2025 तक प्रत्येक मंगलवार को मैसूर स्टेशन से रात 20:00 बजे प्रस्थान कर, तीसरे दिन इटारसी सुबह 11:00 बजे, पिपरिया 12.10 बजे, नरसिंहपुर 13. 30 बजे, मदन महल दोपहर 14:48 बजे, कटनी 16: 20 बजे, मैहर 17:28 बजे, सतना 18: 35 बजे, पहुंचकर और चौथे दिन सुबह 10: 00 पहुंचेगी।

इसी प्रकार गाड़ी संख्या 06212 दरभंगा से मैसूर समर स्पेशल ट्रेन 12 अप्रैल 2025 से 14 जून 2025 तक प्रत्येक शनिवार को दरभंगा स्टेशन से दोपहर 15: 45 बजे प्रस्थान कर,अगले दिन सतना सुबह 05:15 बजे, मैहर 05:43 बजे, कटनी 06:40 बजे, मदन महल सुबह 08:20 बजे, नरसिंहपुर 09:18 बजे, पिपरिया 10: 38 बजे, इटारसी दोपहर 13: 00 बजे पहुंचकर और चौथे दिन भोर 03: 00 बजे मैसूर स्टेशन पहुंचेगी।


**सोनू पोल्ट्री**

| | |
|---|---|
| बड़ा ब्रॉयलर | - रु. 94 |
| मीडियम ब्रॉयलर | - रु. 110 |
| छोटा ब्रॉयलर | - रु. 122 |

मो.- 9039925999

**J.B.F.A**

जबलपुर ब्रॉयलर फार्म्स एसोसियेशन

| | |
|---|---|
| मुर्गा छोटा | - रु. 126 |
| मुर्गा मीडियम | - रु. 114 |
| मुर्गा बड़ा | - रु. 98 |
| मुर्गा जम्बो | - रु. 98 |

मो.9039925000, 9425800409

FOR PRIVATE SCREENING CALL +91 79999 68989

FOR ONLINE BOOKING & OFFER BOOK FROM BOOKMYSHOW

CALL BOOKING 0761-4069888

CALL BOOKING 0761-4069889 4069889

समदड़िया सिनेमा





| SIKANDAR | CHHAAVA | MINECRAFT HINDI(3D) |
|---|---|---|
| 09:30AM 10:30AM | 10:00AM | 10:30AM |
| 12:15PM 01:30PM | 01:15PM | 04:30PM |
| 03:00PM 04:00PM | 07:15PM | 07:00PM |
| 05:30PM 07:00PM | 10:15PM | ENGLISH(3D) 12:30PM |
| 08:15PM 09:15PM | THE DIPLOMAT 02:00PM | L2: EMPURAAN 04:00PM |
| 10:15PM 11:00PM | | |